फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 72 संख्याः 297 प्रभात जयपुर, गुरुवार 2 जून, 2022 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.00 रु.

ARBIT

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot



**How They Ruled Us!** A typical morning in the haveli would see the men brushing their teeth with a neem or babul datun (brush) and waiting for their turn to be pampered by Nevgi Kaka.

**What Is the Best Wine for Cooking?**

**Even Vaccinated People Can Get Long Covid**



*इण्डोनेशिया के प्रांत बाली के मुखौटों ने वर्षों से पर्यटकों को मंत्रमुग्ध किया है। लेकिन इनके कलात्मक आकर्षण के पीछे गहरा आध्यात्मिक अर्थ है। बाली के मुखौटों की विशिष्टता यहाँ की संस्कृति के ''जीववाद'' (एनिमिज़्म) पर आधारित है। एनिमिज़्म या जीववाद के अंतर्गत माना जाता है कि, सभी वस्तुओं, स्थानों व जीवों में एक विशिष्ट आध्यात्मिक तत्व विद्यमान होता है तथा सभी चीज़ें, जानवर, पेड़-पौधे, चट्टानें, नदियाँ, मौसम, मानवीय कृतियाँ, यहाँ तक कि, शब्द भी सजीव व प्राणवान हैं। इस भावना के साथ कि, भगवान हर वस्तु में विद्यमान हैं, बाली के लोग आत्मा तथा अतीन्द्रिय (ट्रान्सन्डैन्टल) ऊर्जाओं के रहने के लिए खूबसूरत ''निवास'' (मुखौटों) की रचना करते हैं। अतः ये मुखौटे एक माध्यम हैं, पूर्वजों की आत्माओं के ''वास'' के लिए या फिर भौतिक जगत में भ्रमण करने के लिए, क्योंकि मुखौटे, भौतिक रुप में दैवी प्राणियों या ऊर्जाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं। कुछ मुखौटे, विशिष्ट रिवाजों, परम्पराओं और निर्देशों के आधार पर एक निर्धारित समय व प्रक्रिया से विशेष वस्तुओं द्वारा बनाए जाते हैं। इसके बाद इन मुखौटों का उपयोग पवित्र रस्मों में किया जाता है। जब हिन्दू प्रभाव बाली तक पहुँचा तो दोनों धर्मों का एक दूसरे पर प्रभाव पड़ा तथा हिन्दू धर्म एवं बाली की प्राचीन आस्था व विश्वास के साथ मिलकर एक नई संस्कृति बनी। बाली के हिन्दुओं ने अपने नृत्य, संगीत तथा मास्क जैसी वस्तुओं के माध्यम से हिन्दू पौराणिक कथाओं व शिक्षाओं का चित्रण किया। तथापि, आध्यात्मिक प्रयोजन के लिए केवल मास्क का ही उपयोग नहीं होता है। मास्क, संगीत, पोशाक तथा नृत्य, इन सबसे मिलकर मंदिरों व समारोहों में भगवान के लिए परम श्रद्धा पैदा होती है। मास्क पहनकर नृत्य संगीत में भाग लेने वाले कलाकार भी इन पवित्र पारंपरिक प्रदर्शनों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होते हैं। उदाहरण के लिए, इन्हें देवताओं के प्रतिनिधि या दूत के रुप में देखा जाता है। इसके पीछे धारणा यह है कि, मास्क उस दैवी ऊर्जा को आमंत्रित करते हैं तथा उसकी मेज़बानी करते हैं, जो नर्तक के शरीर में प्रवेश करेगी। इसलिए, मास्क पहनने से पहले कलाकारों को कुछ विशिष्ट शुद्धीकरण रस्मों से गुज़रना पड़ता है।*

# 'यह मनी लॉण्डरिंग का अजीबोगरीब मामला है, जहां कुछ भी पैसे का लेन-देन नहीं हुआ'

## सोनिया गांधी, राहुल गांधी को नैशनल हैरल्ड के मामले में मनी लॉण्डरिंग के आरोप में ई.डी. ने हाजिर होने के आदेश दिये

- सोनिया गांधी व राहुल गांधी के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा, ''हमारे पास छुपाने जैसी कोई बात नहीं है। हम पूछताछ का सामना करेंगे, तथा डरेंगे नहीं।''
- 2013 में भाजपा सांसद सुब्रमण्यम स्वामी ने, सोनिया गांधी, राहुल गांधी आदि के खिलाफ यह मुकदमा दर्ज कराया था कि, गांधी परिवार ने नैशनल हैरल्ड अखबार का मालिकाना हक प्राप्त करने के लिये साजिश रची थी, तथा यंग इण्डिया कंपनी गठित कर अखबार को खरीदा था।
- अभिषेक सिंघवी ने प्रत्युत्तर में कहा कि, 2015 में केस खत्म करने का निर्णय लिया था, एन्फोर्समैंट डायरैक्टोरेट ने, पर, फिर सरकार ई.डी. के तत्कालीन अफसरों को हटाकर नये अफसर लायी तथा पुनः मुकदमा खुलवाकर चलवाया।
- सिंघवी ने यह भी कहा कि, इस झूठे मुकदमे के मार्फत सरकार देश के समक्ष प्रस्तुत अन्य गंभरी मुद्दे, जैसे बेरोजगारी, मंहगाई आदि से ध्यान बंटवाना चाहती है।

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 1 जून। कांग्रेस ने एनफोर्समेन्ट डॉयरेक्ट्रेट (ई.डी.) द्वारा कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी को भेजे गये आज के नोटिस को ''एक राजनैतिक, सामाजिक, आर्थिक एवं कानूनी लड़ाई बताया है। उन्हें यह नोटिस कांग्रेस-नियंत्रित नैशनल हैरल्ड अखबार के संचालक से जुड़े मनी लॉन्डरिंग केस के सिलसिले में भेजा गया है। कांग्रेस ने कहा है कि गांधी-परिवार के पास छुपाने के लिये कुछ भी नहीं है।

एक न्यूज कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुये, कांग्रेस सांसद एवं वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि मनी लॉन्डरिंग या पैसे के किसी प्रकार के लेन-देन का कोई सबूत नहीं है। उन्होंने केन्द्र सरकार पर आरोप लगाया कि केन्द्र राजनैतिक प्रतिशोत से काम ले रहा है तथा विधानसभा चुनावों पर नजर जमाते हुये, विपक्ष पर निशाना साधने के लिये केन्द्रीय जाँच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रहा है।

सिंघवी ने कहा, ''यह मनी लॉन्डरिंग का ऐसा अजीबो गरीब केस है, जिसमें पैसा तो है ही नहीं। यह केस ताश के पत्तों से ज्यादा खोखला है। हम इसका सामना करेंगे। हम डरते नहीं हैं। यह सब प्रतिशोध, ओछेपन, डर एवं सस्ती तथा दुर्गन्धयुक्त राजनीति है।

कांग्रेस नेताओं के खिलाफ हुई आई.टी.जाँच उस व्यक्तिगत क्रिमिनल शिकायत की छानबीन के फलस्वरूप हुई थी, जो भाजपा नेता सुब्रमन्यम स्वामी ने 2013 में एक ट्रायल कोर्ट में पेश की थी। उक्त शिकायत में यह आरोप लगाया गया था कि अखबार के अधिग्रहण में गांधी परिवार ने धोखाधड़ी तथा पैसे का दुरुपयोग/गबन किया था। स्वामी ने आरोप लगाया था कि गांधी परिवार ने ''यंग इंडियन'' के जरिये अखबार के पूर्ववर्ती प्रकाशकों को रिश्वत देकर, नैशनल हैरल्ड के स्वामित्व वाली सम्पत्तियाँ अधिगृहित कर ली थीं। ज्ञातव्य है कि यंग इंडिया में

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# भाजपा ने जे.पी. नड्डा को उतारा, ई.डी. द्वारा सोनिया गांधी, राहुल गांधी को दिये गये नोटिस को डिफेन्ड करने के लिये

## भाजपा को भय है कि, कहीं सोनिया व राहुल गांधी को नोटिस जारी करने का मामला ज्यादा तूल न पकड़ ले और सरकार पर हावी न हो जाये

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 1 जून। कांग्रेस प्रमुख सोनिया गांधी और राहुल गांधी को मोदी सरकार द्वारा दिए गए जनाक्रोश को टालने के लिए भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने यह कहते हुए दोनों के लिए चुटकी ली कि ''क्या आपने कभी किसी अपराधी को यह कहते हुए सुना है कि मैं अपराधी हूं?''

नड्डा ने कहा कि वे वास्तव में इससे इनकार करेंगे। दस्तावेज गवाह हैं। यदि कोई चार्जशीट दायर होती है तो आप उसे निरस्त करवाने के लिए कोर्ट की शरण लेंगे, लेकिन उन्होंने, जमानत पर रिहा करने की मांग की। इसका मतलब यह है कि वे अपराधी हैं।

वास्तविकता यह है कि मोद और शाह नड्डा को यह कहना पड़ा कि वह प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई के पक्ष में बोलें।

यह दर्शाता है कि सरकार इस कार्रवाई के किसी विपरीत प्रभाव को रोकने के सभी संभावित निरोधक उपाय कर रही है।

सरकारी एजेंसियों का जरूरत से अधिक उपयोग, खासतौर पर देश भर में राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ ई.डी., सी.बी.आई. और इनकम टैक्स विभाग के उपयोग से यह जन धारणा बन रही है कि ये कारवाईयां राजनीतिक हैं, ना कि आपराधिक।

कांग्रेस ने दिन की शुरुआत में कहा कि वित्तीय अपराधों की जांच करने वाले एन्फोर्समैन्ट डॉयरैक्टोरेट (ई.डी.) ने गांधी परिवार के सदस्यों को सम्मन भेजा है।

संघीय जांच एजेंसी ने जहां सोनिया गांधी (75) से कहा है कि वह 8 जून को सैन्ट्रल देहली स्थित उसके मुख्यालय पर उपस्थित हों, वहीं राहुल गांधी को गुरुवार को उपस्थित होने के लिए कहा गया है।

कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने एक प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि सोनिया गांधी सम्मन के निर्देशों का पालन करेंगी।

सिंघवी तथा कांग्रेस के अन्य नेता रणदीप सुरजेवाला ने पत्रकारों को बताया कि राहुल गांधी (51) ने जांच एजेंसी को लिखा है कि वह उपस्थित होने की दिनांक को स्थगित कर 5 जून के बाद की कर दें क्योंकि वह स्वदेश में नहीं हैं।

ई.डी. की कार्रवाई नौ वर्ष पुरानी एक शिकायत से संबंधित है जिसमें आरोप लगाया गया है कि गांधी परिवार ने एक बोगस कंपनी बनाकर करीब 300 मिलियन डॉलर की सम्पत्तियों पर कब्जा जमा लिया है।

कांग्रेस पार्टी ने गांधी परिवार के सदस्यों को भेजे गए नोटिस की भर्त्सना करने वाले एक बयान में कहा कि ''यह निंदनीय है और देश को गुमराह करने के लिए इण्डियन नैशनल कांग्रेस के नेतृत्व के विरूद्ध एक कायराना षड़यंत्र रचा जा रहा है।''

बयान में कहा गया कि ''पूरी पार्टी और प्रत्येक कार्यकर्ता उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहेगा और देश के लोकतंत्र पर हुए हमले का हम मुकाबला करेंगे व जीतेंगे।''

# 'नैशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल, हाई कोर्ट के अधीन है'

- सुप्रीम कोर्ट ने एन.जी.टी. के निर्णय को पलटते हुए, यह निर्णय सुनाया।

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 1 जून। सर्वोच्च न्यायालय ने नैशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एन.जी.टी.) के उस आदेश को अमान्य कर दिया, जिसमें विशाखा पट्नम के रशिकोन्डा हिल्स क्षेत्र में निर्माण-कार्य का निषेध कर दिया था। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि संवैधानिक अदालतों के आदेश सरकारी ट्रि ब्यूनलों से ज्यादा प्रभावी माने जायेंगे।

न्यायमूर्ति भूषण आर. गवई तथा सुश्री हिमा कोहली की बैंच ने कहा कि ये उचित नहीं था कि जब उच्च न्यायालय ने इस प्रकरण को निबटा दिया था तो भी एन.जी.टी. उसकी प्रक्रिया को जारी रखे।

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि जहाँ तक क्षेत्राधिकार का प्रश्न है, ट्रि ब्यूनल, उच्च न्यायालय का अधीनस्थ है।

बैंच ने कहा, ''एन.जी.टी. तथा उच्च न्यायालय द्वारा पारित परस्पर विरोधी आदेश असंगत एवं असामान्य

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# पैसिफिक की दौड़!

- हालांकि, अमेरिका ने इस क्षेत्र में द्वितीय विश्व युद्ध में भारी ''इन्फ्रास्ट्रकचर'' (हवाई अड्डे, अस्पताल आदि) बनवाये थे, पर बिना रख रखाव के इन सबकी हालत काफी खराब है, चीन इन्फ्रास्ट्रकचर को दुरुस्त कर, अमेरिका को पीछे छोड़ रहा है, प्रभाव की दृष्टि से।

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 1 जून। अमेरिका ने द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान प्रशांत क्षेत्र में कई एयरपोर्ट्स और अस्पताल बनवाए थे, जो आज भी उपयोग में लाए जा रहे हैं, लेकिन इनका इन्फ्रास्ट्रक्चर अब करीब-करीब जर्जर हो चुका है। चीन इस संबंध में अब एक महत्वकांक्षी योजना लेकर आया है। यह बात द न्यूयॉर्क टाइम्स के सिडनी ब्यूरो चीफ दामियन केव ने एक विश्लेषण में कही है। प्रशांत क्षेत्र के द्वीप समूहों में चीन की

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# अमित शाह का सौरव गांगुली के घर खाना खाने जाना!

## सौरव गांगुली ने ट्वीट करके कहा कि, वे जिन्दगी का नया अध्याय शुरु करने जा रहे हैं, और इस नयी भूमिका में जनता का ज्यादा भला कर सकेंगे

- भोज में सौरव गांगुली के परिवार के अलावा सांसद स्वप्न दास गुप्ता व भाजपा के आई.टी. हैड अमित मालवीय भी शामिल हुए।
- भाजपा गत चुनाव में ही सौरव गांगुली को पार्टी से जोड़ना चाहती थी, परन्तु चुनाव से ठीक पहले सौरव को ''हार्ट प्रॉब्लम'' हो गयी थी, और उन्हें अस्पताल में भर्ती होना पड़ा था।

**-अंजन रॉय-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 1 जून। भारतीय क्रिकेट के सर्वाधिक सफल भारतीय कप्तानों में से एक रहे सौरव गांगुली ने ट्वीट किया है कि वे अपने जीवन का एक नया अध्याय शुरु करने जा रहे हैं। अपने इस ताजा ट्वीट में, उन्होंने संकेत दिया है कि उनके नये जीवन एवं क्रियाकलापों से जनता को काफी मदद मिलनी चाहिये।

गांगुली के इस ट्वीट के बाद, ऐसी अफवाहें, अटकलें एवं अनुमान प्रबल हो गये है कि वे पश्चिम बंगाल में भाजपा में शामिल होने जा रहे हैं। इस अनुमान का एकदम ताजा कारण यह है कि मात्र दो सप्ताह पहले ही, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह कोलकाता आये थे तथा उन्होंने गांगुली परिवार के साथ उनके पैतृक घर में डिनर लिया था।

इस भोज में, गांगुली के परिजनों के अतिरिक्त, अमित शाह के साथ ही स्वप्नदास गुप्ता तथा भाजपा के आई.टी. प्रमुख अमित मालवीय भी मौजूद थे। इसलिये ऐसा इसका अर्थ निकाला जा रहा है कि गांगुली राज्य में सत्ता-प्राप्ति के लिये एक दीर्घकालीन प्रलोभन एवं आकर्षण के रूप में, पश्चिम बंगाल में भाजपा में शामिल होने जा रहे हैं।

लेकिन यह अनुमान एवं अटकल आखिर क्यों ? इसके पीछे कारण क्या है ? पिछले राज्य विधानसभा चुनावों से पहले, भाजपा ने एक संभावित उम्मीदवार के रुप में गांगुली को पार्टी में लाने की कोशिश की थी लेकिन बताया जाता है कि चुनाव से ठीक पहले, गांगुली को हृदय संबंधी कोई गड़बड़ी हो गई थी तथा वे अस्पताल में भर्ती हो गये थे। हालांकि, गांगुली के जीवन के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# दिल्ली सरकार व्यर्थ में दुविधा में फंसी

- दिल्ली में पैथ लैबों को ''रैग्युलेट'' करने के लिए कोई कानून नहीं है। हाई कोर्ट ने कहा कि, या तो दिल्ली सरकार ''दिल्ली हैल्थ बिल, 2019'' कानून पारित करें, या केन्द्र सरकार द्वारा पारित ''क्लिनिकल एस्टैब्लिशमैंट एक्ट 2012'' को लागू करे। दिल्ली सरकार को दो सप्ताह में जवाब प्रस्तुत करने के आदेश दिये हैं अदालत ने।

**-कार्यालय संवाददाता-**

जयपुर, 1जून । दिल्ली हाई कोर्ट में दिल्ली की परिसीमा के भीतर कार्यरत गैरकानूनी पैथ लैबों पर कार्यवाही करने के संदर्भ में दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत के अपने आदेश में कहा कि यह हैरानी की बात है कि दिल्ली में गैरकानूनी रूप से कार्यरत लैबों को

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 6 जी उपकरण एक दशक में ही स्मार्ट फोन को भुलवा देंगे

## 2030 में ये आधुनिकतम 6 जी उपकरण बाज़ार में बिकने के लिये आ जायेंगे

- विशेषज्ञों के अनुसार 6 जी सिस्टम में डेटा स्पीड, वर्तमान नैटवर्क से 1000 गुना ज्यादा फास्ट होगी। तथा, स्मार्ट घर, शहर व गांव, केवल बात नहीं यर्थाथ होंगे।
- होम बेस्ड ए.टी.एम.; सैटेलाइट से सैटेलाइट संचार (कम्यूनिकेशन) भी संभव होगा। यानि अंतरिक्ष में संचार व संवाद सच्चाई होगी।

**-सुकुमार शाह-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 1 जून। आप विश्वास करें या नहीं, किन्तु अब से आठ वर्ष बाद नई 6 जी डिवाइसेस स्मार्टफोन्स की जगह ले सकती हैं। संचार तकनीकी के लिए दौड़ इतनी तेज है कि स्मार्ट वेयरेबल्स अथवा शरीर के अन्दर प्लांट की जा सकने वाली चिप्स का स्मार्टफोन्स के उपयोग से आगे जाना तय है।

6 जी तकनीकी की शुरुआत 5 जी को पीछे छोड़ देगी और ऐसी अविश्सनीय फास्ट स्पीड देगी कि कम से कम आज के मानकों के हिसाब से किसी नॉर्मल डेटा के लिए प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ेगी। सब कुछ क्षण भर में उपलब्ध हो जाएगा।

6 जी नैटवर्क्स के वर्ष 2030 के आसपास आने की उम्मीद है। (या एशिया व अन्य से इससे कुछ समय पूर्व, जिन्होंने 5जी सबसे पहले लागू किया) अथवा तब आ जाएगा जब अधिकांश टेलीकॉम कंपनियां इनकी ट्रायल्स कर रही होंगी और जब हम देखेंगे कि फोन निर्माता 6 जी फोन्स से आगे की तकनीकी बना लेंगे।

इस विचार को नोकिया के सी.ई.ओ. पेक्का लुण्डमार्क ने वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (डब्ल्यू.ई.एफ.) 2022 के दौरान पुष्ट किया।

पेक्का ने इससे पहले यह दावा किया था कि 6 जी मोबाइल नैटवर्क्स वर्ष 2030 तक उपलब्ध हो जायेंगे। उनके अनुसार यही वह समय है जब स्मार्टफोन्स का स्थान अन्य डिवाइसेस ले लेंगी। उनका मानना है कि 6 जी नैटवर्क्स की शुरुआत तकनीकी क्षेत्र का विस्तार करेंगी और स्मार्टफोन्स को कम प्रासंगिक बना देगी।

वर्ष 2022 में इस घटनाक्रम को सम्बद्ध करना मुश्किल है जबकि स्मार्टफोन्स हमारे दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बन चुके हैं। इन डिवाइसेज का उपयोग ना केवल वैब ब्राउसिंग बल्कि खाने का ऑर्डर व कैब्स बुकिंग की अन्य जरुरतों के लिए भी किया जाता है और यहां तक कि बैंकिंग लेनदेन भी इनके माध्यम से करने की योजना है।

5 जी नैटवर्क का मुख्यधारा में आना बाकी है इसलिए यह अनुमान लगाना मुश्किल होगा कि भविष्य में 6 जी नैटवर्क क्या भूमिका निभाएगा। भारत अभी अगले वर्ष के आरंभ तक 5 जी नैटवर्क सुलभ करवाने पर काम कर रहा है। इसके लिए इस वर्ष कभी भी 5 जी स्प्रैक्ट्रम की नीलामी हो सकती है।

टैलिकॉम कंपनियों ने पहले ही अपना नैटवर्क तैनात कर दिया है और उपलब्ध डिवाइस रेंज का परीक्षण कर रहे हैं और वे इस बात का इंतजार नहीं करेंगे कि जनता के लिए उनकी सेवाएं उपलब्ध कराने की हरी झंडी कब मिलती है। जापान व कुछ अन्य देशों ने 6 जी नैटवर्क पर काम करना शुरु कर दिया है। भारत ने टास्कफोर्स बनाई है ताकि 2030 तक 6 जी नैटवर्क उपलब्ध हो जाए। इसी अवधि का अनुमान पेक्का का है।

आशा है कि 6 जी को ज्यादा भारी ऊर्जा की जरुरत होगी जिससे इसकी एप्लीकेशन ज्यादा सक्रिय और विस्तृत होगी। विश्लेषकों का सुझाव है कि 6 जी मौजूदा नैटवर्क से 1000 गुना ज्यादा डेटा स्पीड देगा। चूंकि भविष्य में न्यूकला लिंक आधारित उपकरण नाम में लिए जायेंगे। और उन्हें 6 जी से बेहतर नैटवर्क मिल जाएगा।

6 जी तकनीक के कई फायदे हैं, इनमें प्रमुख हैं, इंटरनैट का तीव्रतम एक्सैस, डेटा रेट 10 से 11 जी. बी.प्रति सैकेण्ड, होम ऑटोमेशन और अन्य संबंधित एप्स, स्मार्ट होम, स्मार्ट सिटी और गांव, गैलेक्टिक जगत से ऊर्जा उत्पादन। स्पेस तकनीक और डिफैंस एप्लीकेशन्स भी 6 जी नैटवर्क से मॉडिफाइड हो जाएगी। होम बेस्ड एटीएम सिस्टम, मानव विकास के लिए सैटेलाइट का आपसी संवाद हो पाएगा, और प्राकृतिक आपदा को भी 6 जी नैटवर्क से नियंत्रित किया जा सकेगा।

इसलिए कोई आश्चर्य नहीं विश्व की कुछ बड़ी तकनीकी कंपनियां जैसे क्वालकॉम, एपल, गूगल एवं एलजी कथित रुप से इसमें शामिल हो रही है और नए जमाने की तकनीक को सहयोग दे रही हैं।

## विचार बिन्दु

**मेरे दोस्त किसी चीज़ को कुरूप ना कहो, सिवाय उस भय के जिसकी मारी कोई आत्मा स्वयं अपनी स्मृतियों से डरने लगे। –खलील जिब्रान**

# डिजिटल युग में गैर-व्यक्तिगत डेटा के साझे पर विमर्श

अंतर्जाल नेट पर दुनिया में सबसे बडी संख्या वाले सार्वजनिक डिजिटल प्लेटफॉर्म के साथ भारत दुनिया का ऐसा प्रमुख देश बन रहा है जो डिजिटल तकनीक को लागू करके लोगों के जीवन को बदलने, शासनतंत्र में सुधार लाने के लिये नवाचार वाला पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के रास्ते पर बढ़ रहा है। इसमें अगले कदम के रूप में सरकारों के डेटा संग्रह और प्रबंधन प्रक्रियाओं और प्रणाली को बदलने और उन्हें आधुनिक बनाने के लिए केंद्र के इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने नेशनल डेटा गवरनेन्स फेमवर्क पॉलिसी (एनडीजीएफपी) का प्रारूप जारी किया है। इस पर 11 जून तक आपत्तियां मांगी गई है। इस नीति के लिए केंद्र सरकार काफी समय से तैयारियां कर रही थी। इससे संबंधित एक विधेयक 2019 में राज्यसभा में पेश किया गया था। उसे सदन ने उसी दिन एक संयुक्त संसदीय समिति के पास विचार के लिए भेजा दिया गया था।बाद में इन्फोसिस के सह-संस्थापक क्रिस गोपालकृष्णन की अध्यक्षता वाली एक सरकारी समिति ने जुलाई 2020 में अपनी महत्वपूर्ण रिपोर्ट में सुझाव दिया था कि देश में उत्पन्न गैर-व्यक्तिगत डेटा को विभिन्न घरेलू कंपनियों और संस्थाओं द्वारा उपयोग करने की अनुमति दी जाए।इसी के अनुरूप अब नई नीति का मसौदा जारी किया गया है। डिजिटल गवर्नमेंट आर्किटेक्चर के बिल्डिंग ब्लॉक का यह पहला कदम है जो डेटा-संचालित शासन को बढ़ावा देने का प्रयास है। सरकार का कहना है कि एनडीजीएफपी शासन को बेहतर तरीके से काम करने में मदद करेगा ताकि सरकारी कार्यक्रमों और योजनाओं का उचित मूल्यांकन हो सके तथा सरकारी सेवाओं का बेहतर वितरण सुनिश्चित किया जा सके और नीति निर्माता बेहतर फैसले लेने में सक्षम हो सकें। आशा व्यक्त की गई है कि एनडीजीएफपी डेटा और आर्टिफ़िशियल इंटेलीजेन्स स्टार्ट-अप को उत्प्रेरित करने का भी काम करेगा। राष्ट्रीय डेटा गवर्नेंस फ्रेमवर्क का यह मसौदा सार्वजनिक और निजी दोनों संस्थाओं द्वारा उपयोग के लिए नागरिकों के गैर-व्यक्तिगत डेटा को जुटाएगा।कहा गया है कि इस मसौदा नीति का उद्देश्य उपभोक्ता को बेहतर सेवाएं सुनिश्चित करना है। इससे आर्टिफ़िशियल इंटेलीजेन्स स्टार्टअप को गैर-व्यक्तिगत डेटा सेट बनाने और उन तक पहुंच बनाने में मदद मिलेगी जिससे नवाचारी इकोसिस्टम पर आधारित अनुसंधान, नवाचार और विकास को बढ़ावा मिलेगा।

मसौदा नीति एक गैर-व्यक्तिगत डेटा आधारित भारत डेटासेट कार्यक्रम शुरू करने का प्रस्ताव करती है और इसे सुनिश्चित करने के तरीकों और नियमों कीव्यवस्था भी करती है जिससे कि अनुसंधान और नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र को सरकारी और निजी दोनों संस्थाओं के गैर-व्यक्तिगत डेटा सुरक्षित रूप से सुलभ हो सकें। गैर-व्यक्तिगत डेटा ऐसे आंकड़ों का कोई भी समूह हो सकता है जिसमें व्यक्तिगत रूप से पहचान योग्य जानकारी नहीं होती है। इसका मतलब यह है कि इस तरह के डेटा को देखकर किसी भी जीवितया मृत व्यक्ति की पहचान नहीं की जा सकती है। उदाहरण के लिए, कोई लंच, डिनर या खाने की चीज ऑनलाइन मंगाता है तो सेवा प्रदाता द्वारा एकत्र किए गए ऑर्डर विवरण में उसे मंगाने वाले व्यक्ति का नाम, आयु, लिंग और अन्य संपर्क जानकारी होगी। यदि पहचानकर्ता की नाम और संपर्क जानकारी हटा दी जाय तो यह गैर-व्यक्तिगत डेटा बन जाएगा।सरकार और उसकी एजेंसियों द्वारा एकत्र किए गए सभी डेटा अर्थात आंकड़े जैसे कि जनगणना, किसी विशेष अवधि में कुल कर वसूली के नगर निगमों के डेटा या सार्वजनिक रूप से वित्त पोषित कार्यों के निष्पादन के दौरान एकत्र की गई किसी भी जानकारी को सार्वजनिक गैर-व्यक्तिगत डेटा की छतरी के नीचे रखा गया है। ऐसे डेटा संठाहण जिसमें भौगोलिक स्थिति, धर्म, नौकरी या अन्य समान सामाजिक के लोगों के समूह की जानकारी होती, सामुदायिक गैर-व्यक्तिगत डेटा होंगे। उदाहरण के लिए विभिन्न ऐप्स, टेलीकॉम कंपनियों, बिजली वितरण कंपनियों द्वारा एकत्र किए गए मेटाडेटा को सामुदायिक गैर-व्यक्तिगत डेटा श्रेणी के तहत रखा गया है। ऐसा माना गया है कि यह व्यवस्था निजता का अतिक्रमण नहीं करती। गैर-व्यक्तिगत डेटा को तीन मुख्य श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है, अर्थात् सार्वजनिक गैर-व्यक्तिगत डेटा, सामुदायिक गैर-व्यक्तिगत डेटा और निजी गैर-व्यक्तिगत डेटा। जैसा कि सबको विदित है कि नेशनल डेटा गवर्नेंस फ्रेमवर्क में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) स्टार्टअप्स, एआई रिसर्च एंटिटीज और सरकारी विभागों की दिलचस्पी होती है।

**विशेषज्ञों का यह भी मानना है कि गैर-व्यक्तिगत डेटा शासन ढांचे के अंतिम मसौदे में सभी प्रतिभागियों, जैसे डेटा प्रिंसिपल, डेटा कस्टोडियन और डेटा ट्रस्टी की भूमिकाओं को स्पष्ट रूप से परिभाषित करना चाहिए। आशा की जानी चाहिए कि मसौदे पर आने वाली प्रतिक्रियाओं तथा आपत्तियों पर विचार करते हुए एक प्रभावी और उपयोगी कानून बनने की राह प्रशस्त होगी।**

सरकार का कहना है कि यह नीतिगत ढांचा भारत के एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की ऊंची छलांग लगाने के लिए विकसित किया जा रहा है। इसे पाने के लिए नेशनल डेटा गवर्नेंस फ्रेमवर्क सभी विभागों में डेटा भंडारण और प्रबंधन के लिए सामान्य मानकों, नियमों और दिशानिर्देशों के साथ डिजिटल शासन और सरकार के डिजिटलीकरण में तेजी लाएगा। मसौदे में कहा गया है कि कोविड-19 महामारी के दौरान, डिजिटल शासन के जरिए ही महामारी के प्रति भारत की लचीली प्रतिक्रिया तथा जीवन, आजीविका और अर्थव्यवस्था पर इसके प्रभाव से निबटने में सक्षम बड़ी भूमिका निभाई जा सकी है।कोविड के बाद के युग में, शासन तंत्र में तेजी से डिजिटलीकरण हो रहा है इससे और डेटा भी तेजी से बढ़ रहे हैं। नागरिकों के डिजिटल संपर्कों के अनुभव और सरकार और शासन के साथ उनके डिजिटल नागरिक के रूप में जुड़ाव को बेहतर बनाने के लिए यह नई व्यवस्था किये जाने की बात की जा रही है। डिजिटल डेटा का वर्तमान में अलग-अलग सरकारी संस्थाओं में अलग-अलग और असंगत तरीकों से प्रबंधन, संग्रहण होता हैं और वहां तक सबकी पहुंच भी दुरूह होती हैं। इस प्रकार का डेटा-संचालन शासन की प्रभावी सेवा उपलब्ध कराने को बाधित करता है। यह स्थिति डेटा साइंस, एनालिटिक्स और एआई के अभिनव पारिस्थितिकी तंत्र को अपनी पूरी क्षमता में उभरने में अवरोध पैदा करता है। इसलिए इस डेटा की शक्ति का उपयोग अधिक प्रभावी डिजिटल सरकार, सार्वजनिक भलाई और नवाचार के लिए किया जाना चाहिए, इस प्रकार एक राष्ट्रीय डेटा गवर्नेंस फ्रेमवर्क नीति (एनडीजीएफपी) की जरूरत है। प्रस्तावित नीति सभी सरकारी विभागों और संस्थाओं पर लागू होगी और निर्धारित नियम और मानक किसी भी सरकारी संस्था द्वारा एकत्रित और प्रबंधित किए जा रहे सभी डेटा को कवर करेंगे। इसमें सभी गैर-व्यक्तिगत डेटासेट और डेटा और प्लेटफॉर्म, नियमों, मानकों को कवर करने का प्रस्ताव है, जो शोधकर्ताओं और स्टार्टअप्स को इन तक पहुंच और उपयोग को नियंत्रित करेंगे। यह भी कहा गया है कि राज्य सरकारों को नीति और नियमों, मानकों और प्रोटोकॉल के प्रावधानों को लागू करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

मसौदे में डिजिटल इंडिया कॉरपोरेशन के तहत एक इंडिया डेटा मैनेजमेंट ऑफिस (आईडीएमओ) की स्थापना का भी प्रस्ताव है, जो नीति बनाने, प्रबंधन और समय-समय पर समीक्षा और संशोधन के लिए जिम्मेदार होगा लेकिन नई व्यवस्थाएं बनाने में गहन सतर्कताएं बरतनी आवश्यक होगी। कुछ श्रेणियों में जिनमें राष्ट्रीय सुरक्षा या रणनीतिक हितों से संबंधित डेटा शामिल हैं जैसे कि सरकारी प्रयोगशालाओं या अनुसंधान सुविधाओं के स्थान, भले ही वे अज्ञात रूप में प्रदान किए गए हों, खतरनाक हो सकते हैं। इसी तरह, भले ही डेटा किसी समुदाय या समुदायों के समूह के स्वास्थ्य के बारे में हो और गुमनाम रूप में हो मगर वह भी खतरनाक हो सकता है क्योंकि शातिर लोग थोड़े से प्रयास करके गैर व्यक्तिगत डेटा से लोगों की व्यक्तिगत जानकारी पा सकते हैं। ऐसा किस हद तक हो सकता है इसका अभी किसी को अनुमान नहीं है। किन्तु विशेषज्ञ यह मानते हैं कि ऐसा संभव है। इस तरह के नुकसान की संभावना स्पष्ट रूप से बहुत अधिक है यदि मूल व्यक्तिगत डेटा संवेदनशील प्रकृति का हो। इसलिए, ऐसे संवेदनशील व्यक्तिगत डेटा से उत्पन्न होने वाले गैर-व्यक्तिगत डेटा को संवेदनशील गैर-व्यक्तिगत डेटा माना जा सकता है। इसके प्रति ऐसा गोपालकृष्णन समिति ने भी सावचेत किया था।

गैर व्यक्तिगत डेटा को उपयोगकर्ताओं को देने की कवायद इस समय दुनिया भर में चल रही है। यूरोपीय संघ मई 2019 में गैर-व्यक्तिगत डेटा के मुक्त प्रवाह के लिए एक विनियमन ढांचा ले कर आया, जिसमें उसने सुझाव दिया कि यूरोपीय संघ के सभी सदस्य राज्य डेटा साझा करने के लिए एक दूसरे के साथ सहयोग करेंगे। हालांकि उनके विनियमन ने यह परिभाषित नहीं किया था कि गैर-व्यक्तिगत डेटा किस प्रकार का है। वहां केवल यह कहा गया कि सभी डेटा जो व्यक्तिगत नहीं हैं, गैर-व्यक्तिगत डेटा श्रेणी के अंतर्गत होंगे।अच्छी बात यह है कि नए भारतीय नीति मसौदे में इसे स्पष्ट कर दिया गया है। हालांकि विशेषज्ञों का कहना है कि मसौदा अज्ञात डेटा की शक्ति, भूमिका और उपयोग की पहचान करने में प्रभावी है, लेकिन समुदाय गैर-व्यक्तिगत डेटा जैसे कुछ पहलू हैं, जहां मसौदा और स्पष्ट हो सकता था। गैर-व्यक्तिगत डेटा अक्सर संरक्षित व्यापार की गोपनीयता की महत्वपूर्ण चिंताओं को भी उठाते हैं। मसौदा सामुदायिक डेटा की अस्पष्ट अवधारणा का प्रस्ताव करता है जबकि समुदाय अधिकार के लिए पर्याप्त रूप ध्यान दिये जाने की जरूरत है। विशेषज्ञों का यह भी मानना है कि गैर-व्यक्तिगत डेटा शासन ढांचे के अंतिम मसौदे में सभी प्रतिभागियों, जैसे डेटा प्रिंसिपल, डेटा कस्टोडियन और डेटा ट्रस्टी की भूमिकाओं को स्पष्ट रूप से परिभाषित करना चाहिए। आशा की जानी चाहिए कि मसौदे पर आने वाली प्रतिक्रियाओं तथा आपत्तियों पर विचार करते हुए एक प्रभावी और उपयोगी कानून बनने की राह प्रशस्त होगी। डेटा आधुनिक दुनिया को शक्ति देता है। उसके उपयोग पर नियंत्रण के उपाय उचित हैं। मगर यह भी उतना ही जरूरी है कि साथ ही साथ ऐसी रणनीति भी बने जिससे गुमनाम करने के बाद भी उनकी पुनः पहचान न हो सके क्योंकि वैकल्पिक डेटा स्त्रोत कुछ हद तक ओवरलैप के साथ उपलब्ध होते हैं और बाज़ार की शातिराना शक्तियां उनसे निजी जानकारियां चुरा लेने में माहिर होती हैं।

**–अतिथि संपादक,**
**राजेन्द्र बोड़ा**
**( वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक )**

# स्वाधीनता के दीवाने राणा प्रताप के अनसुने प्रकरण

राणा प्रताप का मानना था कि मेरे लिये मेवाड़ की आजादी और अस्मिता सर्वोपरी इसकी रक्ष के लिये में अपने प्राण की भी आहुति देने को तैयार हूँ। मान्यताओं के मुताबिक़ अकबर ने राणा को संदेश भिजवाया कि अगर वे मेरे सामने झुक जायें तो वो प्रताप को आधा भारत का राज्य दे देगें, किन्तु राणा ने उत्तर दिया कि मर जाऊंगा, खत्म हो जाऊंगा, किन्तु कभी भी मुगलों के सामने सिर नहीं झुकाऊँगां।



डॉ. जे के गर्ग

**आन-बाण स्वाभिमान के पक्के**

जब महाराणा प्रताप अकबर से पराजित होकर जंगल-जंगल भटक रहे थे तब एक दिन पांच बार भोजन पकाया गया किन्तु हर उन्हें बार भोजन को छोड़कर भागना पड़ा। एक बार प्रताप की पत्नी और उनकी पुत्रवधू ने घास के बीजों को पीसकर कुछ रोटियां बनाई। उनमें से आधी रोटियां बच्चों को दे दी गई और बची हुई आधी रोटियां दूसरे दिन के लिए रख दी गईं थी। इसी समय प्रताप को अपनी लड़की की चीख सुनाई दी, प्रताप ने देखा कि एक जंगली बिल्ली लड़की के हाथ से उसकी रोटी छीनकर भाग गई और भूख से व्याकुल लड़की के आंसू झर-झर टपकने लगे। यह देखकर राणा का दिल बैठ गया किन्तु राणा ने अपना धेर्य नहीं खोया।

**हवा से बात करता घोड़ा चेतक**

महाराणा के सबसे प्रिय घोड़े का नाम चेतक था। कहा जाता है कि राणा प्रताप के प्रिय घोड़े चेतक के सिर पर हाथी का मुखोटा लगाया जाता था जिससे दुश्मन की सेना के हाथी कंफ्यूज हो जायें। हल्दीघाटी में महाराणा बहुत घायल हो गये थे, उनके पास कोई सहायक नहीं था, ऐसे में महाराणा ने चेतक की लगाम थामी और निकल लिए। उनके पीछे दो मुग़ल सैनिक लगे हुए थे, पर चेतक की रफ़्तार के सामने दोनों ढीले पड़ गए। रास्ते में एक 26 फीट चोडा पहाडी नाला बहता था। चेतक भी घायल था पर इसके बावजूद चेतक ने छलांग लगा कर नाले को फांद लिया जिससे मुगल सैनिक मुंह ताकते रह गए लेकिन अब चेतक थक चुका था, वो दौड़ नहीं पा रहा था। महाराणा की जान बचाकर चेतक खुद शहीद हो गया।

**परस्पर भाईचारा के प्रतीक**

पूरे मेवाड़ को सांप्रदायिक सौहार्द में बांधकर रखने वाले प्रताप ने ही हल्दीघाटी के युद्ध में एक मुस्लिम सरदार को हरावथील दस्ते का जिम्मा सौंपा था।

**हिन्दू-मुस्लिम एकता के प्रवर्तक वीर शिरोमणि प्रताप**

महाराणा प्रताप पर शोध कार्य करने वाले वाले इतिहासकार डॉ. चंद्रशेखर शर्मा के अनुसार 16वीं शताब्दी में हुमायूं को हराने वाले शेरशाह सूरी के वंशज हाकिम खां युद्ध नीति में पारंगत थे। इस समय में मुगलों ने युद्ध में बारूद का प्रयोग करना प्रारम्भ कर दिया था। मेवाड़ सेनाओं को उस दौरान बारूद और तोप का ज्ञान नहीं था। ऐसे में महाराणा प्रताप ने हाकिम खां की योग्यता को पहचाना। हाकिम खां ने तोपची के रूप में मेवाड़ को अपनी सेवाएं दी।

**महिलाओं के सम्मान रक्षक राणा प्रताप**

डॉ. शर्मा के मुताबिक अब्दुल रहीम खान-ए-खाना को अकबर ने हल्दीघाटी युद्ध के बाद अजमेर का सूबेदार बनाया था, रहीम खान को एक ही आदेश था– महाराणा प्रताप को जिंदा या मुर्दा पकड़ना है। इसके लिए रहीम ने अपना कैंप आबू की तलहटी में लगाया। उस समय प्रताप सुंधा माता की पहाडियों में रह रहे थे। प्रताप के बेटे अमर सिंह ने रहीम के कैंप का पता पता लगा करके और उसे युद्ध में परास्त करके उसकी बेगम को अगवा कर प्रताप के पास ले आए। अमर सिंह ने तर्क दिया कि जो मुगल उनके साथ करते हैं वहीं वो उनके बच्चों के साथ करेंगे। जैसे ही ये बात महाराणा प्रताप को पता चली तो वे अमर सिंह पर क्रोधित होकर अपना आपा खो कर अपने बेटे अमर सिंह को वापस महिला को सम्मान से सुरक्षित उनके कैंप में भिजवाने की व्यवस्था के आदेश दिए। प्रताप ने कहा– चाहे वो हिंदू हो या मुस्लिम नारी, स्त्री हमेशा भारतीय संस्कृति में आदरणीय रही है। इसका परिणाम होता है कि रहीम खुद अकबर को कहता है कि प्रताप इतने महान हैं। ऐसे महान व्यक्तित्व के खिलाफ वह संघर्ष नहीं कर सकता। इसके बाद रहीम की अजमेर से सूबेदारी हटा दी गई थी। अब्दुल रहीम ही बाद में श्रेष्ठ कवि रहीम के रूप में पहचाने गए।

**भारतीय कला साहित्य का विकास**

जब प्रताप की राजधानी चावंड हुआ करती थी तब प्रताप ने कला, साहित्य, संस्कृति, खेती को प्रोत्साहित किया। मुस्लिम कलाकार निसार ने रागमाला का सुंदर चित्र बनाया, जिसे चावंड कलम के नाम से जाना जाता है। निसार के समस्त चित्र भागवत पुराण पर आधारित थे। हिन्दू-मुस्लिम एकता का प्रतीक चावंड कलम है, इसकी विषय वस्तु पौराणिक है।



**फाइनेंशियल मैनेजमेंट के गुरु राणा प्रताप**

वैश्विक व्यापार के लिए गुजरात को जाने का रास्ता और हज करने के लिए मक्का-मदीना का रास्ता मेवाड़ होकर गुजरता था। मेवाड़ के पास उस दौर में मांडलगढ़ और जावर दो महत्वपूर्ण खाने थी। जिनसे राज्य को अत्यधिक धनराशि प्राप्त होती थी। चित्तौड़ पर आक्रमण कर मुगलों ने मांडल माइंस पर कब्जा कर लिया लेकिन जावर माइंस पर कब्जा नहीं कर पाए। इतिहासकार डॉ. भानू कपिल के मुताबिक जावर माइंस से बड़ी मात्रा में चांदी निकलती थी। यही वजह रही कि इतने लम्बे समय तक चली लड़ाई को प्रताप को कुशलता पूर्वक संचालित कर पाये थे।

डॉ. भानू कपिल के मुताबिक प्रताप के राज्य में उत्तम राशन व्यवस्था, कृषि के क्षेत्र में सामंजस्य स्थापित किया गया था। किसानों और आदिवासियों को स्वपोषी अधिकार प्राप्त थे। इसी वजह से युद्ध के समय राज्य के समस्त भीलों ने प्रताप का तन-मन-धन से साथ दिया।

**जल वितरण की उत्तम व्यवस्था**

प्रताप ने जहां-जहां भी राजधानी बनाई, वहां आवरगढ़, उदय की पहाडियां, बलुआ की घाटी, चावंड क्षेत्र से लेकर सुंधा माता तक जल के बड़े-बड़े स्त्रोत का निर्माण किया ा।

**डॉ. जे के गर्ग,**
पूर्व शिक्षा संयुक्त निदेशक, जयपुर

# नयी शिक्षा नीति का अभिनव आरंभ; कुतुबमीनार शीर्ष पर कूद कर चढ़ने जैसा

भारत सरकार की नयी शिक्षा नीति के चर्चे हैं कि लागू कर दी गयी है पता ही नहीं चला कि बनने के उपरांत क्या कोई स्पेड वर्क हुआ? क्या देश और प्रदेशों में उस पर कोई सम्वाद, चर्चा कार्यशाला, गाइड लाइन का बनाना, विभिन्न विषय की विभिन्न स्तरों की कमेटिओं का गठन, देश के स्तर पर विषयबार शीर्ष विशेषज्ञों की कमेटियां विषय वस्तु निर्माण करने के लिए और फिर उस विषय वस्तु को प्रदेशों की विषय समितिओं को उक्त विषय की पाठ्यक्रम रचना करने के लिए सौंपना। मुझे नहीं लगता इनमे से सरकार ने कोई भी कदम उठाया हो? फिर नवीन शिक्षा नीति कैसे लागू हो गयी बिना पूर्व तैयारी के? यह तो वैसे ही है जैसे कुतुबमीनार के शीर्ष पर छलांग लगाकर पहुंच गए हों ।

बिषमय भरी बात है लेकिन मेने अनुभव किया है सरकारी योजनाए ऐसे ही लचर पचर चलती हैं फिर वांछित परिणाम कैसे प्राप्त होंगे? हां, त्रुटियाँ रहने पर मधु मक्खिओं की भांति लोग आसमान उठा लेंगे विरोधी पार्टिओं के लोग सरकार पर दोषारोपण कर नित नयी ख़बरों से अखवारों को पाट देंगे। अन्य अपने को धुरन्धर समझने वाले तथाकथित स्वतंत्र लेखक अखवारों के पेज भरने में अपनी पारंगतता सिद्ध करने में जुट जायेंगे। तात्पर्य ये है कि प्रत्येक विषय सामग्री की बारीकियों पर ध्यान दिए बगैर किसी भी विषय का पाठ्यक्रम कक्षा वार व् क्रमोत्तर ढंग से जब तक नहीं बनाया जायगा, पाठ्यक्रम में कमियां रहना स्वाभाविक है फिर विरोधिओं द्वारा दोष ये कि सही विषय वस्तु बदल कर कुछ और ही पाठ्यक्रम में डाल दिया गया है।



प्रो. ( डॉ. ) वीर बहादुर सिंह

वर्ष 1986 में बनी या लागू हुयी शिक्षा नीति के अधिकांश मुद्दे डॉ. वी.वी. जॉन जो अंत में जोधपुर विश्वविद्यालय के कुलपति रहे उनके द्वारा प्रकाशित पुस्तक; ओर्बिटिंग प्रोफेसर के 32 अध्याओं में से लिया गये थे।आश्चर्य तो इस बात का है कि यह बात किसी लेखक ने कभी नहीं उजागर की। उनके कई लेख तो राज्य सरकार द्वारा संभवतः पब्लिश बुलेटिन; शिविरा; में भी छपे थे जो निश्चित रूप से शिक्षकों ने पढ़े होंगे।

महाविद्यालयों व् विश्वविद्यालयों में पाठ्यक्रम बनाने और अपग्रेड करने की प्रक्रिया संकाय स्तर पर पाठ्यक्रम कमेटियाँ करती रहती हैं जिनमे संस्था के चुनिंदा अध्यापकों व बाहर की किसी संस्था से एक अनुवभी व्यक्ति को सदस्य रूप में बुलाया जाता है तत्पश्चात वह पाठ्यक्रम संकाय की बड़ी समिति में अनुमोदित होकर विश्वविद्यालय की अकादमिक परिषद् में फाइनल अनुमोदित होकर लागू कर दिया जाता है, ऐसी व्यवस्था से पाठ्यक्रम लगातार संशोधित होते रहते हैं।

मेरे विचार से स्कूल शिक्षा में ऐसी व्यवस्था नहीं है, अतः सरकार को चाहिए कि पाठ्यक्रम संशोधन एवं बनाने के क्रम में सर्वप्रथम रोडमैप विकसित करे और उसके अनुसार समितियां, बनाकर समयबद्ध ढंग से विभिन्न पाठ्यक्रम संशोधित अथवा नए निर्माण किये जायें ।

इनमे प्राप्त सलाहों व सुझाओं पर उचित कार्यवाही कर पाठ्यक्रम में समावेश कर पाठ्यक्रम को उन्नत कर फाइनल किया जाय । अंत में एक सबसे महत्व पूर्ण पक्ष नए विकसित पाठ्यक्रमों को पढ़ाने का, पढ़ायेगा कौन और कितना? संशोधित अथवा नए विकसित पाठ्यक्रमों में कुछ अंश अथवा टॉपिक ऐसे हो सकते हैं जिन्हे विषय पढ़ाने वाले अध्यापकों ने कभी पढ़ा ही नहीं होगा फिर वो नए शीर्षक कैसे पढ़ाएंगे और कितना पढ़ाएंगे? इस कमी को हल करने के लिए कक्षा – विषयबार शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रमों को उचित संस्थाओं में अनेक स्थानों पर 15 से 21 दिन की कार्यशाला आयोजित किये जावे।

जिससे पढ़ाने वाले अध्यापक नए टॉपिक पढ़ाने में प्रशिक्षित हो सकें। इस कमी को दूर करने वास्ते विकसित पाठ्यक्रमों को छात्रों तक पहुँचाने की भूमिका राज्य के शिक्षा विभाग को निभानी होगी। एक निश्चित प्रक्रिया को तैयारी के साथ अपनाकर कार्य करना त्रुटि रहित तो होगा ही, वांछित परिणाम उपलब्ध होकर श्रेयकर भी रहेगा।

**प्रो. ( डॉ. ) वीर बहादुर सिंह,**
**पूर्व कुलपति एवं डेरी विज्ञ,**
**एमपीयूएटी,उदयपुर**

# राज्य सरकार ने मायरा की गुफा के विकास के लिए 5 करोड़ 44 लाख रुपए स्वीकृत किए

**उदयपुर,** (कासं)। उदयपुर जिले के गोगुन्दा में स्थित महाराणा प्रताप से संबंधित प्रमुख ऐतिहासिक स्थल मायरा की गुफा के लिए राज्य सरकार ने पांच करोड चालीस लाख चवालीस हजार रुपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी कर मेवाड वासियों को बडी सौगात प्रदान की है।

महाराणा प्रताप के शस्त्रागार के रूप में ख्यात मायरा की गुफा के जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण होने से उदयपुर क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और यहां आने वाले देशी-विदेशी पर्यटक नवाचारों के साथ मेवाड़ के गौरव से लाभान्वित होंगे।

जिला कलेक्टर ताराचंद मीणा ने बताया कि मुख्यमंत्री की बजट घोषणा 2021-22 के क्रम में सार्वजनिक निर्माण विभाग, पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग व वन विभाग द्वारा प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर वित्त विभाग द्वारा 544.4० लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है तथा इस प्रोजेक्ट के तहत स्वीकृत कार्य पर्यटन विकास कोष से करवाए जाने हेतु प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति दी है।

कलेक्टर मीणा ने बताया कि इस प्रोजेक्ट के तहत स्वीकृत कार्यों में मायरा की गुफा तक पहुंचने के लिए सुगम यातायात हेतु सडक निर्माण कार्य के लिए 349 लाख रुपये, मायरा की गुफा के जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण के कार्य के लिए 154.13 लाख तथा मायरा की गुफा क्षेत्र स्थल पर वानिकी कार्य के लिए 37.31 लाख रुपये व्यय किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि सड़क निर्माण सार्वजनिक निर्माण विभाग, जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण कार्य कार्य पुरातत्व व संग्रहालय विभाग एवं वानिकी कार्य वन विभाग द्वारा करवाया जाएगा।

कलेक्टर मीणा ने बताया कि वानिकी विकास कार्यों में धरोहर स्थल के आस-पास जल संरक्षण संरचनाओं के निर्माण पर 17.31 लाख तथा कुल 2 हजार पौधरोपण के पर बीस लाख रुपये की स्वीकृत किए गए हैं।



**उदयपुर जिले के गोगुंदा स्थित महाराणा प्रताप के शस्त्रागार के रूप में प्रसिद्ध मायरा की गुफा।**

## राशिफल गुरुवार 2 जून, 2022



पंडित अनिल शर्मा

ज्येष्ठ मास, शुक्ल पक्ष, तृतीया तिथि, गुरूवार, विक्रम संवत 2079, आर्द्रा नक्षत्र सांय 4:04 तक, गंड योग रात्रि 2:35 तक, तैतिल करण दिन 11:02 तक, चन्द्रमा मिथुन राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-वृष, चन्द्रमा-मिथुन, मंगल-मीन, बुध-वृष, गुरू-मीन, शुक्र-मेष, शनि-कुम्भ, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि और रवियोग सांय 4:04 से आरम्भ होंगे। आज रंभा मीज व्रत है और महाराणा प्रताप जयन्ती है।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** शुभ सूर्योदय से 7:19 तक, चर 10:43 से 12:25 तक, लाभ-अमृत 12:25 से 3:44 तक, शुभ 5:30 से सूर्यास्त तक।

**राहूकालः** 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 5:37, सूर्यास्त 7:12

**मेष**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी और व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे।

**वृष**
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्यों व्यस्तता बनी रहेगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन हो सकता है। व्यक्तिगत कार्यों के लिए बाहर जाना पड़ सकता है।

**मिथुन**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। वर्तमान में चल रही परेशानियां दूर होने लगेगी। आवश्यक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कर्क**
व्यक्तिगत कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। आज अनावश्यक धन खर्च हो सकता है। अनर्गल कार्यों में समय खराब होगा। मन में असंतोष बना रहेगा।

**सिंह**
आर्थिक/वित्तीय मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

**कन्या**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा।

**तुला**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। व्यावसायिक अड़चनें दूर होने लगेंगी। आर्थिक मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।

**वृश्चिक**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

**धनु**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। प्रसन्नता-हर्षोल्लास का माहौल रहेगा। धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक विवादों से राहत मिल सकती है।

**मकर**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक सुविधाएं बढ़ेगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक मामलों में परिचितों से सहयोग मिलेगा। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा।

**कुंभ**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक सफलता से मनोबल बढ़ेगा। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**मीन**
परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। सामाजिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा।

# मानसरोवर मेट्रो स्टेशन के पास 40 से ज्यादा झोपड़ी-झुग्गियां भीषण आग में जलकर खाक, 15 लोगों को सकुशल बचाया

## 10 किलोमीटर दूर तक दिखी आग की लपटें और धुएं का गुब्बार, बांस की लकड़ी से बने फर्नीचर समेत लाखों रु. का माल जला

**जयपुर** (कासं)। मानसरोवर मेट्रो स्टेशन के पास बांस व बैंत से बनी 40 से ज्यादा झुग्गी-झोपड़ियों में बुधवार शाम भीषण आग लग गई। सिविल डिफेंस और अग्निशमन कर्मचारियों ने आग में फंसे 15 महिलाओं और बच्चों को सुरक्षित बाहर निकालकर उनकी जान बचाई। 20 दमकलों ने 40 से ज्यादा फेरे लगाकर करीब 2 घंटे में पर काबू पाया। आग की लपटें और धुएं का गुब्बार करीब 10 किलोमीटर तक दूर तक ताण्डव बयां करता दिखा। एक साथ करीब चालीस झुग्गियों में लगी आग से उनमें रहने वाले परिवारों में भदगड़ के साथ ही चीख-पुकार मच गई। हादसे में लाखों रुपए के घरेलू सामान सहित अन्य माल जलकर राख हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर हादसे के कारणों की पड़ताल शुरू कर दी है।





मानसरोवर मेट्रो स्टेशन के पास बांस व बैंत से बनी 40 से ज्यादा झुग्गी-झोपड़ियों में बुधवार शाम भीषण आग लग गई। आग की लपटें और धुएं का गुबार करीब 10 किलोमीटर दूर तक ताण्डव बयां करता दिखा। आग से उनमें रहने वाले परिवारों में भदगड़ के साथ ही चीख-पुकार मच गई।

- **20 दमकलों ने 40 से ज्यादा फेरे लगाकर आग पर काबू पाया, सिविल डिफेंस टीम ने भी लोगों को बचाने में मदद की**

अग्निशमन अधिकारी देवांग यादव ने बताया कि भीषण आग बुधवार शाम करीब 5 बजे लगी। मानसरोवर मेट्रो स्टेशन के पास स्लिप लेन के किनारे करीब 50 परिवार लकड़ी और बांस की बनी झुग्गी झोंपडियों में रहते हैं। ये परिवार बांस की टाटी और झोपड़ी सहित बेंत की लकड़ी का फर्नीचर बनाकर गुजारा करते हैं। इनके घर भी बांस के बने थे और कच्चा व तैयार माल भी बांस-लकड़ी का था। इस कारण एक झुग्गी से शुरू हुई आग देखते ही देखते विकराल हो गई। शुक्र रहा कि समय रहते राहत कार्य शुरू हो गया और सभी लोगों को सुरक्षित बचा लिया, अन्यथा जनहानि हो सकती थी। हादसे में 40 से ज्यादा लोगों के आशियाने और उनमें रखे कच्चे-पक्के माल के साथ ही घरेलू सामान जलकर राख हो गया। राहत कार्य के लिए मानसरोवर के अलावा आसपास के फायर स्टेशनों से 20 दमकलों को बुलाना पड़ा।

देवांग यादव ने बताया कि हादसे की भयाभयता को देखते हुए सिविल डिफेंस की टीम भी मौके पर पहुंची। यहां बसी बस्ती की भौगोलिग स्थित ऐसी है कि सभी झुग्गी-झोंपडियां एक-दूसरे से सटी हुई हैं जिसके चलते आग ने एक के बाद एक करीब 40 से ज्यादा झुग्गियों को आगोश में ले लिया। हालात ऐसे थे कि बस्ती में रहने वाले लोगों को सामान निकालने का तक का मौका नहीं मिला और वे जान बचाने के लिए जिस हालत में उसी में भाग छूटे। सिविल डिफेंस टीम ने पुलिस और अग्निशमन कर्मचारियों ने रेस्क्यू कर करीब 20 महिला और बच्चों को सकुशल सुरक्षित स्थान पर पहुंचा। मंजर ऐसा था कि दूर खडे खाना-बदोश परिवारों के पास पथराई सी आंखों से अपने आशियाने उजड़ते देखने के अलावा कोई रास्ता नहीं था।

बताया जा रहा है कि झुग्गियों में रहने वाले एक परिवार ने बताया कि पडौसी महिला ने शाम करीब 5 बजे खाना बनाने की तैयारी के चलते चूल्हा जलाया था। हालांकि उसने आग बुझा दी थी मगर शेष रही एक छोटी सी छ्रूषचंगारी पास ही पडी सूखी तक उड़कर पहुंची तो एकदम से लपटें उठने लगी। बस्ती के लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया मगर आग धीरे-धीरे उनके आशियानों के बाहर पड़े बांस व लकडिय़ों तक पहुंचकर झुग्गियों को आगोश में लेने लगी तो अफरा-तफरी के साथ दहशत फैल गई। हादसे के बाद कुछ परिवार एक-दूसरे पर लापरवाही का ठिकरा फोड़ते हुए उन्हें कोसते भी नजर आए। हालांकि बस्ती के लोग फिर से अपने आशियाने खडे करने में जुट गए हैं।

## थानेदार को किया था रंगे हाथों गिरफ्तार, परिवादी बयानों से पलटा तो हुआ बरी

**जयपुर**। हाईकोर्ट ने रिश्वत मामले में थानेदार को एसीबी कोर्ट, अलवर से मिली चार साल की सजा को रद्द करते हुए आरोपी को दोषमुक्त कर दिया है। जस्टिस उमाशंकर व्यास ने यह आदेश अशोक यादव की अपील को स्वीकार करते हुए दिए। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि अभियोजन पक्ष अपनी कहानी को किसी भी तरह प्रमाणिक नहीं कर पाया है। इसके अलावा ट्रायल कोर्ट ने तथ्यों और साक्ष्य का सही रूप से विश्लेषण किए बिना न्यायिक दृष्टांतों में बताई व्यवस्था के विपरीत जाकर अनुमान के आधार पर सजा दी है। ऐसे में इसे निरस्त कर आरोपी को दोषमुक्त करना विधि सम्मत है।

अपील में अधिवक्ता अरविन्द कुमार गुप्ता व अन्य ने अदालत को बताया कि एसीबी कोर्ट, अलवर ने 22 जनवरी 2018 को अपीलार्थी को रिश्वत लेने के मामले में चार साल की सजा सुनाई थी। जबकि प्रकरण में एसीबी में शिकायत देने वाले धर्मवीर ने अपने बयान में अपीलार्थी पर रिश्वत का कोई आरोप नहीं लगाया है और रिपोर्ट में रिश्वत की बात एसीबी के दबाव में लिखना स्वीकार किया है। इसके साथ ही उसने थाने में अपीलार्थी के कमरे में रखी दराज में मौका देखकर पाउडर लगे रुपए रख दिए थे। वहीं एसीबी के निरीक्षक बृजपाल से अपीलार्थी का पुराना मतभेद था। इसके चलते उससे बदला लेने के लिए यह कार्रवाई की थी।

## महाराणा प्रताप जयंती पर श्रद्धांजलि दी

**जयपुर**,(का.सं.)। राज्यपाल कलराज मिश्र ने महाराणा प्रताप को राष्ट्रवाद का महानायक बताते हुए कहा है कि वह स्वाधीनता संघर्ष के ऐसे महान योद्धा थे जिन्होंने मातृभूमि के लिए अपना सर्वस्व अर्पण कर दिया था। राज-पाट का वैभव त्याग उन्होंने अरावली की घाटियों और दुर्गम वनों में रहना स्वीकार किया था।

राज्यपाल मिश्र ने महाराणा प्रताप की जयंती (2जून) पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि आजादी का उनका संघर्ष मामूली नहीं था।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी.पी. जोशी ने महाराणा प्रताप जयंती पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी है। डॉ. जोशी ने कहा है कि महाराणा प्रताप की वीरता, त्यापग और देश भक्ति सभी के लिए प्रेरणादायी है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने महाराणा प्रताप की जयंती (2 जून) पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। गहलोत ने कहा कि वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप ने स्वाभिमान और मातृभूमि की रक्षा के लिए सुखों का त्याग कर अरावली की पहाड़ियों और दुर्गम वनों में अपना जीवन व्यतीत किया।

## नाबालिगों से बाल श्रम कराने वाले अभियुक्त को सजा

**जयपुर**, (का.सं.)। पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत क्रम-2 महानगर द्वितीय ने एक दर्जन से अधिक बच्चों को बंधक बनाकर उनसे बाल श्रम कराने वाले अभियुक्त मोहम्मद सरफराज को 14 साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने बिहार निवासी इस अभियुक्त पर 75 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक ने अदालत को बताया कि कोतवाली थाना पुलिस ने 22 जुलाई, 2015 को नींदड रावजी का रास्ता स्थित बहुमंजिला मकान की चौथी मंजिल पर दबिश दी थी। यहां अभियुक्त 11 साल से 14 साल के पन्द्रह बच्चों से चूड़ियां बनवा रहा था। पूछताछ में बच्चों ने बताया कि उनसे सुबह सात बजे से रात 11 बजे लगातार काम कराया जाता है। इसके साथ ही न तो भरपेट खाना दिया जाता है और ना ही बाहर जाने की अनुमति मिलती है। इसके साथ ही उन्हें बंद कमरे में रखा जाता है और किसी से बात करते देखने पर अभियुक्त मारपीट भी करता है। अभियुक्त उन्हें बिहार से पढ़ाई कराने और काम सिखाने के बहाने जयपुर लाया था।

## प्रतीक्षा सूची से नियुक्तियां नहीं देने पर मांगा जवाब

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने स्कूल व्याख्याता भर्ती-2018 के रिक्त रहे पदों को प्रतीक्षा सूची से नहीं भरने पर प्रमुख शिक्षा सचिव, शिक्षा निदेशक और आरपीएससी सचिव को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। जस्टिस इंद्रजीत सिंह ने यह आदेश वसुंधरा पारीक व अन्य की ओर से दायर याचिकाओं पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।

## राज्यसभा चुनाव के लिये पांच उम्मीदवारों के नामांकन सही मिले

- 6 उम्मीदवारों के 14 नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा हुई, एक उम्मीदवार का नाम निर्देशन पत्र निरस्त
- उम्मीदवार अपना नाम तीन जून तक वापस ले सकते हैं
- कांग्रेस के तीन, भाजपा का एक और भाजपा समर्थित निर्दलीय का नामांकन सही मिला

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान में चार राज्यसभा सीटों के लिए 6 उम्मीदवारों से प्राप्त 14 नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा बुधवार को विधानसभा स्थित कक्ष संख्या 751 में सम्पन्न हुई। संवीक्षा में एक उम्मीदवार का नाम निर्देशन पत्र अपूर्ण मानते हुए निरस्त किया गया। शेष 5 उम्मीदवारों के 13 नाम निर्देशन पत्र सही पाए गए।

राजस्थान में राज्यसभा द्विवार्षिक चुनाव के निर्वाचन अधिकारी डॉ. जोगाराम ने बताया कि चार राज्यसभा सीटों के लिए 6 उम्मीदवारों की ओर से 14 नाम निर्देशन पत्र प्राप्त हुए थे। इन सभी नाम निर्देशन पत्रों का परीक्षण उम्मीदवारों, एजेंट, प्रस्तावकों और राज्यसभा द्विवार्षिक चुनाव के पर्यवेक्षक एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता की उपस्थिति में किया गया। उन्होंने बताया कि संवीक्षा की प्रक्रिया में निर्दलीय उम्मीदवार मनोज कुमार जोशी द्वारा भरा गया एक मात्र नाम निर्देशन पत्र अपूर्ण होने के कारण से निरस्त किया गया है। शेष पांच उम्मीदवारों में भारतीय जनता पार्टी के घनश्याम तिवाड़ी व निर्दलीय उम्मीदवार सुभाष चंद्रा के 2-2, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के रणदीप सिंह सुरजेवाला, मुकुल बालकृष्ण वासनिक एवं प्रमोद कुमार के 3-3 नाम निर्देशन पत्र सही पाए गए हैं।

डॉ. जोगाराम ने बताया कि उम्मीदवार 3 जून (शुक्रवार) को दोपहर 3 बजे तक नाम वापस ले सकते हैं। नामांकन वापसी हेतु निर्वाचन अधिकारी व सहायक निर्वाचन अधिकारी का कार्यालय गुरूवार को भी खुला रहेगा।

## एक व्यक्ति एक पद का सिद्धांत लागू भी हो गया और सत्ता का मोह भी नहीं छूटा

### जिन नेताओं ने इस सिद्धांत के तहत इस्तीफा दिया, उन्होंने संगठन को वरीयता देने के बजाय सत्ता को चुना

- **तीन मंत्रियों ने छोड़ा संगठन का पद, चार जिला अध्यक्षों और दो सचिवों ने भी दिए इस्तीफे**

**जयपुर**, (का.प्र.)। कांग्रेस के नेताओं में सत्ता की चाह कितनी बड़ी है, यह बात कई बार देखने को मिलती है। जब उदयपुर में कांग्रेस के चिंतन शिविर में यह तय हुआ कि एक व्यक्ति एक पद का सिद्धांत लागू होगा और उसकी पालना के लिए जयपुर में जब प्रदेश कांग्रेस का दो दिवसीय शिविर हो रहा है, तो किसी भी नेता ने सत्ता का साथ छोड़ना जरूरी नहीं समझा और तुरंत प्रभाव से संगठन का साथ छोड़ दिया। मतलब कि कांग्रेस के नेताओं को सत्ता ज्यादा जरूरी लगती है और संगठन उनके लिए वरीयता में बाद में आता है।

दरअसल उदयपुर में हुए कांग्रेस चिंतन शिविर में एक व्यक्ति एक पद के फॉर्मूले और लगातार एक पद पर 5 साल रहने, लगातार एक पद पर दो बार नियुक्त नहीं होने के लिए फैसले पर अमल की बात आई, तो इसकी शुरुआत निश्चित तौर पर राजस्थान से हुई है। लेकिन इस शुरुआत में किसी भी नेता ने सत्ता का मोह नहीं छोड़ा और संगठन को साइडलाइन कर दिया।

जयपुर में हो रहे प्रदेश कांग्रेस के शिविर के पहले दिन जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने बताया कि जिन नेताओं ने अपने पदों से इस्तीफे दिए हैं, उनमें तीन मंत्री, दो बोर्ड-निगमों के चेयरमैन, चार जिलाध्यक्षों और दो पीसीसी सचिव शामिल हैं। वैसे इन नेताओं ने इस्तीफे तो दे दिए लेकिन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि इन नेताओं के इस्तीफे प्रदेश कांग्रेस को मिल गए हैं लेकिन इस्तीफे स्वीकार करने के लिये इकाई वो नहीं हैं। इस्तीफे स्वीकार करने का फैसला कांग्रेस आलाकमान करेगा।

दरअसल एक व्यक्ति एक पद के तहत इस्तीफा देने वालों में काबीना मंत्री रामलाल जाट, गोविंद राम मेघवाल और महेंद्रजीत सिंह मालवीय शामिल हैं जो मंत्री पद के साथ ही प्रदेश कांग्रेस में उपाध्यक्ष पद पर भी हैं। इन्होंने एक व्यक्ति एक पद के सिद्धांत को मानते हुए इस्तीफा तो दिया लेकिन इस्तीफा देने के लिए उन्होंने संगठन को चुना। यानी कि जिस संगठन के जरिए इन्हें सत्ता हासिल हुई है उस संगठन को दूसरे पायदान पर रखते हुए उन्होंने सत्ता को चुना और मंत्री पद पर बने रहे। सिर्फ तीन मंत्रियों ने ही संगठन को दूसरी वरीयता पर नहीं रखा बल्कि हाल ही राजनीतिक नियुक्तियां पाने वाले नेताओं ने भी सत्ता की नियुक्तियों को वरीयता दी है। इनमें बंजर भूमि विकास बोर्ड के चेयरमैन संदीप चौधरी शामिल है, जिन्होंने किसान कांग्रेस से लंबे समय से इस्तीफा दे रखा है, वहीं उन्होंने अब अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मीडिया पैनलिस्ट से भी इस्तीफा दे दिया है। इसके अलावा प्रदेश कांग्रेस के सचिव और एससी आयोग के उपाध्यक्ष सचिन सरवटे ने भी सत्ता के पद को अपने पास रखते हुए संगठन के सचिव पद से इस्तीफा दे दिया है। इसी के साथ लगातार 5 साल से ज्यादा एक पद पर रहने वाले सिद्धांत को मानते हुए चार जिलाध्यक्षों ने भी अपना इस्तीफा प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय को भेज दिया है। इनमें जैसलमेर के जिलाध्यक्ष फतेह मोहम्मद खान, नागौर के जिलाध्यक्ष जाकिर हुसैन गैसावत, बीकानेर शहर की यशपाल गहलोत और हीरालाल मेघवाल शामिल हैं। वही लगातार 5 साल से ज्यादा समय से लगातार दूसरी बार सचिव बने जसवंत गुर्जर और जियाउर रहमान ने भी सचिव पद से अपना इस्तीफा दिया है।

## सचिन पायलट के साथ सेल्फी लेने का युवाओं में दिखा क्रेज



नीमकाथाना विधायक सुरेश मोदी को व्यापारी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष का कार्यभार ग्रहण करवाने के लिए पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं टोंक विधायक सचिन पायलट बुधवार को उद्योग भवन में पहुंचे। उन्होंने कार्यभार संभालने पर सुरेश मोदी को बधाई दी। इसके बाद कांग्रेस नेताओं व समर्थकों के साथ बैठकर बातचीत की। इस दौरान सचिन पायलट के साथ सेल्फी लेने वाले लोगों का जमकर तांता लगा रहा। फोटो-राष्ट्रदूत

## जयपुर डिस्कॉम को मिला 6.19 करोड़ का राजस्व

**जयपुर**, (का.सं.)। जयपुर डिस्कॉम द्वारा बिजली चोरी व दुरुपयोग के मामलों के त्वरित निस्तारण के लिए चलाई जा रही एमनेस्टी योजना के तहत चालू वित्तीय वर्ष में 17 मई तक 2 हजार 481 मामलों का निपटारा किया गया है। निगम को इससे 6 करोड़ 19 लाख 67 हजार रूपए राजस्व की प्राप्ति हुई।

जयपुर डिस्कॉम के प्रबन्ध निदेशक अजीत कुमार सक्सैना ने बताया कि बिजली चोरी व दुरूपयोग के मामलो में 31 दिसम्बर, 2021 तक भरी गई वीसीआर के लम्बित प्रकरणों के निस्तारण हेतु 1 अप्रेल से 30 सितम्बर, 2022 तक 6 माह की अवधि के लिए एमनेस्टी योजना शुरू की गई है। योजना के तहत सभी लम्बित वीसीआर के प्रकरणों का सहायक अभियन्ता कार्यालय स्तर पर ही निपटारा किया जा रहा है। एमनेस्टी योजना के तहत 1 लाख रूपए तक की सिविल लायबिलिटि या दुरूपयोग की राशि का 50 प्रतिशत व पूर्ण प्रशमन राशि जमा करवाकर प्रकरण का निस्तारण कर दिया जाएगा।

उपभोक्ताओं पर अनावश्यक वित्तीय भार ना पडें इसके लिए 6 समान मासिक ब्याज मुक्त किश्तों में वीसीआर की निर्धारित राशि का भुगतान किया जा सकता है।


**नम्बर मिलाइए 9587884433**



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

**तीये की बैठक**



हमारे पूजनीय पिताजी **श्री नरेंद्र सिंह पाल** का स्वर्गवास दिनांक 29.05.2022 को हो गया है। जिनकी तीये की बैठक दिनांक 02.06.2022 को साँय 05:00 से 06:00 बजे तक आदर्श विद्या मन्दिर, आस्था भवन, सेंट्रल अकैडमी स्कूल के सामने, अम्बाबाडी सर्कल के ठीक समीप, जयपुर पर होगी।

**शोकाकुलः** निशिता- सुरेंदर (पुत्री-दामाद), निमिशा- राजीव (पुत्री-दामाद), एवं समस्त पाल परिवार।

9717896140, 9718343411

**प्रथम पुण्यतिथि**



**स्व. वैद्य श्री हनुमान सहाय जी चोटिया** (संरक्षक, अखिल भारतवर्षीय खॉण्डल विप्र महासभा) (कार्यकारी अध्यक्ष, राजस्थान ब्राह्मण महासभा)

(25.06.1939-02.06.2021)

सामाजिक सरोकारों के प्रति समर्पित, समन्वय, सामंजस्य एवं सयुक्तता के संवाहक, हर परिस्थिति में दृढ़-प्रतिज्ञ व अविचल, प्रेरणादायक व कर्मनिष्ठ आपके समग्र व्यक्तित्व के आदर्शों का हम सदैव अनुसरण करते रहेंगे।

समस्त परिवारजन आपकी प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं। सदैव आपका आशीर्वाद बना रहें।

**श्रद्धावनत**- नर्बदा देवी (पत्नी), राधाकिशन, श्रवण कुमार, रामगोपाल, गोपाललाल, सत्यनारायण, सीतराम, बाबुलाल, घीसालाल, रामरतन, मालीराम, जुगलकिशोर, रामदास, पवन, बजरंग, शंकर (भ्राता), वैद्य ओमप्रकाश, के.के.शर्मा (पुत्र), विपिन, विनीत, अभिनव (पौत्र), जाह्नवी-मोहित (पौत्री-दामाद) एवं समस्त चोटिया परिवार

**सूचना**

हर आम-खास को सूचित किया जाता है कि मेरी माताजी श्रीमती कपू कंवर पत्नी स्वर्गीय श्री हनुमान सिंह उम्र 63 वर्ष निवासी 50, शिवपूरी खतीपुरा वार्ड नंबर 9 जयपुर राजस्थान का निधन दिनांक 04.12.2021 को हो गया है उनके नाम से पंजिकृत वाहन संख्या RJ45 CK 9940 (CRETA SX) एवं RJ45 CK 9794 (BALENO) को में विक्रम सिंह पुत्र श्री हनुमान सिंह अपने नाम से ट्रांसफर करवाना चाहता हूँ अतः किसी को कोई आपत्ति है तो परिवहन कार्यालय में लिखित में 15 दिवस में सूचना देवे।

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य नासिर खान पुत्र श्री फकीर मोहम्मद, निवासी-51, रहमान की ढाणी, भावगढ बंध्या, खोह नागौरियान, तहसील सांगानेर, जिला जयपुर के स्वामित्व के भूखण्ड संख्या 120, 123, 128, 129, 130 व 161 स्थित केसर वाटिका विस्तार आवासीय योजना, गोनेर रोड, खातीपुरा, खोह नागौरियान जयपुर का वास्तविक भौतिक कब्जा मेरे अभिभाष्य के पास है जिनके संपूर्ण विक्रय प्रतिफल की राशि का भुगतान किये बिना रमेश चन्द सोनी पुत्र चोखराज सोनी निवासी 175 अमरनाथ धाम कॉलोनी, कालवाड रोड, हाथोज जिला जयपुर राजस्थान ने उक्त भूखण्डों के आवंटन पत्र मेरे अभिभाष्य से प्राप्त कर लिये है, उक्त भूखण्डों के आवंटन पत्रों के आधार पर कोई भी व्यक्ति संस्था, कम्पनी उक्त भूखण्डों के बाबत रमेश चन्द सोनी से कोई संव्यवहार नहीं करे ऐसा संव्यवहार प्रारम्भ से ही अवैध व शून्य होगा तथा ऐसे संव्यवहार के लिए मेरा अभिभाष्य कतई जिम्मेदार नहीं होगा।

भवदीय (अनिल मोहता) एडवोकेट, मो.नं. 9314021355

**खोया पाया**

मामोडिया मोहल्ले में मूलचंद पिता चीमाराम माली के नाम से नगर पालिका चाकसू द्वारा पत्रावली संख्या 276/59-60 एवं 183/79-80 से पट्टे जारी हुए थे जिनका मोहन लाल पिता मूलचंद सैनी के नाम हक में सम्पत्ति हस्तान्तरण प्रमाण पत्र जारी हो चुका है जिसके मूल पट्टे कहीं खो गए है अगर किसी को मिले तो संपर्क करें- मोहन लाल सैनी :9829736325

**नाम परिवर्तन**

मैं Kalpna W/o 04091229H Hav Sachin Lal निवासी ग्राम-कंसेरू, पोस्ट ऑफिस एवं तहसील-बडकोट, जिला उत्तरकाशी (उत्तराखण्ड) मैंने मेरा नाम Kalpna से बदलकर Kalpana रख लिया है। जो कि मेरे आधार कार्ड में है। शपथ पत्र सं. BF 753129, दिनांक 21.05.2022

मैंने मेरा नाम राज कुमार से बदलकर राज कुमार प्रेमानी रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावे। ए-25 सरस्वती कॉलोनी, गुल भवन, सांगानेर, जयपुर

मैं नाहिद कौसर काजी ने अपना नाम बदलकर नाहिद खान पत्नी मोहम्मद रियाज रख लिया। भविष्य में मुझे नाहिद खान के नाम से जाना पहचाना जावे। प्लाट नं.19, सुभाष कॉलोनी, शास्त्री नगर, जयपुर

मैंने मेरा नाम कालूराम यादव पुत्र श्री प्रहलाद सहाय यादव उम्र 29 साल निवासी जोधराज यादव की ढाणी महेशवास कलां रोजदा जयपुर से बदलकर कार्तिक यादव पुत्र श्री प्रहलाद सहाय यादव रख लिया है। भविष्य में मुझे उक्त नये नाम से जाना व पहचाना जावे।

I have changed my name from Gurjot Singh Sahni to Gurjot Singh for all purpose R/o 208-B, Gurunanakpura, Rajapark, Jaipur.

I have changed my name Mohammed Juned to Mohammad Junaid Mansoori S/o Mohammed Sami Residential 558/3 Har Colony Char Darwaza Jaipur. In future I will known as Mohammad Junaid Mansoori.

I Motilal Purohit S/o Saremal Ram Purohit R/o Phagotra, Fagotra, Jalor, Rajasthan - 343029, have changed my name to Mukesh Purohit.

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य पूरण मल महावर पुत्र स्व. श्री गोवर्धन महावर, निवासी 1, गैटोर की छतरियाँ, गैटोर रोड, ब्रह्मपुरी, जयपुर का पुत्र लक्ष्मीनारायण महावर व उसकी पत्नी कान्ता देवी मेरे अभिभाष्य के कहने सुनने से बाहर है, अतः मेरे अभिभाष्य ने उन्हें अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके कार्यों एवं लेन-देन से मेरे अभिभाष्य व उनके परिवार का कोई सम्बन्ध नहीं होगा। (मो.नं. 9462800680)

दिनांक: 01/06/2022 (मनीष कुमार शर्मा) एडवोकेट

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पहाडगंज गृ.नि.स. समिति लि. जयपुर पंजीयन क्रमांक 2429/एल की योजना महादेव नगर स्थित नया खेडा विद्याधर नगर जयपुर में भूखण्ड संख्या 28 व 29 क्षेत्रफल 466-66 वर्गगज के श्री महादेव प्रसाद शर्मा पुत्र श्री रामनारायण शर्मा निवासी पुराना घाट खानिया आगरा रोड जयपुर के नाम से आवंटित किये गये थे किन्तु दिनांक 11/05/2021 को श्री महादेव प्रसाद शर्मा पुत्र श्री रामनारायण शर्मा का स्वर्गवास हो जाने के कारण उनके द्वारा मनोनित श्रीमती मूली देवी पत्नि स्व. श्री महादेव प्रसाद शर्मा ने समिति कार्यालय में अपने हक के उक्त वर्णित भूखण्डो को अपने नाम से परिवर्तन करवाने हेतु आवेदन किया है इस सम्बन्ध में किसी संस्था व्यक्ति या अन्य किसी को कोई आपत्ती हो तो मय साक्ष्य के समिति, कार्यालय में 7 दिवस के अन्दर सम्पर्क करें अन्यथा मियाद गुजर जाने के बाद उक्त प्रार्थीया के हक मे नाम परिवर्तन कर दिये जावेंगे।

मन्त्री-पहाडगंज गृह निर्माण सहकारी समिति लि.जयपुर

**राजस्थान आवासन मण्डल वृत प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर**

क्रमांकः 2337 **जाहिर आम सूचना** दिनांक 01.06.2022

राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवास / फ्लैट संख्या 3/A/03 (GF) (MIG&A), (एरिया 52.34 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री अवनीश चन्द्र त्यागी पुत्र स्व. श्री राजेश्वर प्रसाद त्यागी को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 10991 दिनांक 09.01.2015 एवं संशोधन आवंटन पत्र क्रमांक 1826 दिनांक 03.02.2015 को जारी किया गया। श्री अवनीश चन्द्र त्यागी के पक्ष में उक्त आवास / फ्लैट के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 08.10.2015 को उप पंजीयक सांगानेर-प्रथम, जयपुर के यहां पंजीकृत करवाये गये। श्री अवनीश चन्द्र त्यागी की मृत्यु दिनांक 12.12.2020 को हो जाने के कारण इनके पुत्र श्री अभिषेक त्यागी पुत्र स्व. श्री अवनीश चन्द्र त्यागी द्वारा उक्त आवास / फ्लैट को अपने स्वयं के नाम पंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर हस्तान्तरण करने हेतु आवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास / फ्लैट के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं हैं, श्री अभिषेक त्यागी पुत्र स्व. श्री अवनीश चन्द्र त्यागी का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा। भवदीय

संपदा प्रबंधक, वृत प्रबंधक, राज. आवा. मंडल, जयपुर

**समापक, जय अम्बे हाऊसिंग को-ऑपरेटिव सोसायटी लि., जयपुर एवं निरीक्षक कार्यालय उप रजिस्ट्रार, सहकारी समितियाँ, जयपुर (शहर)**

कमरा नं. 608, पांचवी मंजिल, मिनी सचिवालय, बनीपार्क, जयपुर।

क्रमांकः SPL **आम सभा की सूचना** दिनांकः 01.06.2022

जय अम्बे हाऊसिंग को-ऑपरेटिव सोसायटी लि., जयपुर के सदस्यों के द्वारा दिये गये प्रार्थना पत्र के आधार पर समापक द्वारा निर्णय लिया गया है कि समिति की आम सभा की बैठक का आयोजन दिनांक 20.06.2022 को प्रातः 11:00 बजे, 56-ए, हनुमान-वाटिका, अजमेर रोड, जयपुर में किया जायेगा। जिसमें समिति के अवसायन के संबंध में विचार किया जायेगा। समिति के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि निर्धारित समय पर उक्त स्थान पर आम सभा में उपस्थित होवे। कोरम के अभाव में स्थगित आम सभा पुनः 1 घण्टे बाद आयोजित होगी।

(सुरेन्द्र कुमार यादव) समापक, जय अम्बे हाउसिंग को-ऑपरेटिव सोसायटी लि., जयपुर

**राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड-भिवाडी**

क्रमांक-345 दिनांक-01.06.2022

**आवश्यक सूचना** मूलतः फ्लेट संख्या 7K/FF/09 सेक्टर 4 एवं 7 योजना, भिवाडी श्री धर्मवीर राणा को आवंटन पत्रांक 745 दिनांक 30.4.2012 के द्वारा आवंटित किया गया था। मण्डल द्वारा इनके पक्ष में अदेय प्रमाण पत्र 1380 दिनांक 10.12.2021 को जारी किया गया। मण्डल द्वारा उक्त फ्लेट के पंजीयन प्रपत्र क्रमांक 1762 दिनांक 27.1.2022 को जारी किये जा चुके है। श्री धर्मवीर राणा की मृत्यु दिनांक 09.02.2022 को हो चुकी है। श्रीमती सरोज ने प्रार्थना पत्र, आवश्यक प्रपत्र एवं श्री धर्मवीर राणा की मृत्यु का प्रमाण पत्र एवं अन्य वारिसानों के अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया है, कि उनके पति का स्वर्गवास दिनांक 09.02.2022 को हो जाने के कारण उपरोक्त फ्लेट संख्या 7K/FF/09 सेक्टर 4 एवं 7, भिवाडी का मृत्यु उपरान्त हस्तांतरण उनके नाम किया जाये। अतः जरिये इस विज्ञप्ति यह आगाह किया जाता है कि उक्त फ्लेट संख्या 7K/FF/09 सेक्टर 4 एवं 7, भिवाडी के संबन्ध में पिता, पुत्र, पुत्रियाँ, भाई व अन्य किसी रिश्तेदार को किसी प्रकार का किसी भी व्यक्ति विषेश या हितकारी को एवं आम व्यक्ति को उजर एतराज हो तो वह इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 10 दिवस में आवासीय अभियन्ता राजस्थान आवासन मण्डल खण्ड भिवाडी में अपना एतराज लिखित में प्रस्तुत करें अन्यथा श्रीमती सरोज पत्नी स्व. श्री धर्मवीर राणा के पक्ष में उपरोक्त फ्लेट संख्या 7K/FF/09 सेक्टर 4 एवं 7 योजना, भिवाडी जिला अलवर का मृत्यु उपरान्त हस्तांरण किये जाने की कार्यवाही की जावेगी। आवासीय अभियन्ता राजस्थान आवासन मण्डल खण्ड भिवाडी

**उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)**

व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 143/22

**विषय : उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।**

प्रार्थी- नाम सुनीता पारीक पत्नि स्व. मोहन लाल पारीक, जाति- पारीक, विवाद स्थान- ग्राम बगवाड़ा पुलिस थाना, दौलतपुरा, तह. आमेर, जिला- जयपुर, मृतक- स्व. मोहन लाल पारीक की सम्पत्ति के विषय में।

पेशी दिनांक 05.07.2022

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम- स्व. मोहन लाल पारीक, पुत्र- स्व. श्री कन्हैया लाल, जाति- पारीक, निवासी- ग्राम बगवाड़ा, तह. दौलतपुरा का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावे।

अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 05.07.2022 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। आज दिनांक 12.05.2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया है।

आज्ञा से

मोहर

वरिष्ठ मुंसरिम, जिला एवं सेशन न्यायालय, जयपुर महानगर द्वितीय

**सम्मन बनाम कायम मुकाम**

(आर्डर 22 रूल 4 जाब्ता दीवानी)

अज अदालत ADJ No.6 (प्रथम) जयपुर महानगर जयपुर

**अब्दुल रउफ** बनाम **सबीर उल्लाह**

दावा बाबत तकासमा एवं स्थायी निषेधाज्ञा

मुकद्मा नम्बर 19/2019

बनाम- (5) शहनाज पुत्री स्व. सदीर उल्लाह पता-1207, बकरा मंडी के पास, जयपुर (6) शाहीन पुत्री स्व. सदीर उल्लाह पता-म.सं.108, लाल मस्जिद के पास, बास बदनपुरा जयपुर (9) शबाना पुत्री स्व. सदीर उल्लाह पत्नी रफीक पता-462, चार दरवाजा मौलाना बाबा की दरगाह के आगे जयपुर

चूंकि..... ने इस अदालत में तारीख ..... माह..... सन 199 को 1...... बनाम 2...... दायर की जो कि बाद में फोत हो गया। और चूंकि.......... मजकूर के दरख्वास्त अदालत हाजा में यह जाहिर करने की आप मुतवफ्फी..... मजकूर के कायम मुकाम जायज हो और इस्तदुआ की है बजाय उसके आप 3...... बनाये जावें।

लिहाजा बजरिये हाजा बगर्ज जवाब देही 1...... 06 माह 07 सन् 2022 को अदालत हाजा में हाजिर होने के लिये तलब किया जाता है और तारीख मुकर्रर पर आपके हाजिर न होने पर मुकद्मा आपकी गैर हाजरी में सुना व फैसल किया जावेगा।

बसब्त मेरे दस्तखत व मुहर अदालत के आज तारीख 19 माह 05 सन् 22 को जारी किया गया।

वरिष्ठ रीडर, न्यायालय अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश क्रम-6 जयपुर महानगर प्रथम

मोहर

# सरकारी कर्मचारियों ने फर्जी तरीके से उठाया राशन

## एक हजार से ज्यादा कर्मचारियों से होगी वसूली, नोटिस किए जारी

**डूंगरपुर, (निसं)।** खाद्य सुरक्षा योजना में सरकारी कर्मचारियों के गरीबों के हिस्से का राशन का गेहूं डकारने का मामला सामने आया है। रसद विभाग ने ऐसे 1 हजार से ज्यादा कर्मचारियों की सूची तैयार की है और इनके राशन कार्ड पोस मशीन में लॉक कर दिए हैं। रसद विभाग अब गरीबों के हिस्से का गेहूं डकारने वाले कर्मचारियों से वसूली करेगा । जिले में इससे पहले भी साढे तीन हजार कर्मचारियों ने फर्जी तरीके से गरीबों का राशन उठाया था, जिनसे रसद विभाग ने वसूली की थी।

जिले में 2011 के सांख्यिकी आंकडों के अनुसार 14 लाख की जनसंख्या के मुकाबले 13 लाख लोग खाद्य सुरक्षा से जुड़े हुए थे। इसके बाद कोरोना की पहली लहर में निशुल्क गेंहू वितरण में कई वंचित पात्र लोगों ने अपात्र लोगों को हटाने की मांग की थी, जिसके बाद राज्य सरकार की ओर से अपात्र लोगों को हटाने की कार्रवाई शुरू की गई। इस दौरान 3 हजार 622 सरकारी कर्मचारी फर्जी तरीके से खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ उठा रहे थे। सरकारी कर्मचारियों की सूची मिलने के बाद रसद विभाग ने इन कर्मचारियों से वसूली की कार्रवाई शुरू की। जिसमें अभी तक 2 हजार 809 लोगो से 3 करोड 58 लाख 51 हजार 740 रुपए की वसूली कर चुका है, जबकि बाकी कर्मचारियों ने अभी तक रुपए जमा नहीं करवाए हैं।

राज्य सरकार ने इस साल एक बार खाद्य सुरक्षा योजना से सरकारी

**■ रसद विभाग ने अब तक 33 कर्मचारियों से 6.74 लाख रुपए वसूले**

कर्मचारियों को हटाने की कार्रवाई शुरू की। जिसमे डूंगरपुर जिले में 1 हजार 2 सरकारी कर्मचारियों के नाम सामने आए हैं, जो फर्जी तरीके से गरीबों के हिस्से का राशन डकार रहे थे । खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग ने डूंगरपुर रसद विभाग को इन कर्मचारियों की सूची भेज दी है और इन कर्मचारियों से वसूली के आदेश दिए हैं। रसद विभाग ने इन कर्मचारियों के राशन कार्ड पोस मशीन में लोक कर दिए हैं।

रसद अधिकारी रामचंद्र सेरावट ने बताया की खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग से फर्जी तरीके से राशन उठाने वाले सरकारी कर्मचारियों की सूची मिलने के बाद डूंगरपुर रसद विभाग ने वसूली की कार्रवाई शुरू कर दी है। उन्होंने बताया की 1 हजार 2 की सूची में से विभाग ने 33 सरकारी कर्मचारियों से 6 लाख 74 हजार 436 रुपए की वसूली की है। वहीं बाकी 969 कर्मचारियों को भी नोटिस जारी किए गए हैं और रुपए जमा करवाने के लिए निर्देशित किया गया है। अगर वे राशि नहीं लौटते है तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

## जोधपुर में सींगर मीका की सुरक्षा व्यवस्था चाकचौबंद

**जोधपुर, (कासं)।** पंजाबी सींगर सिद्ध मूसेवाला की हत्या के बाद जोधपुर में एक सीरियल की शूटिंग कर रहे सींगर मीका की सुरक्षा व्यवस्था को कड़ा किया गया है। उसकी भी हत्या किए जाने की आशंका में पुलिस के हथियारबंद जवानों को एक होटल के बाहर तैनात रखा गया है। पुलिस होटल की निगरानी के लिए ड्रोन का इस्तेमाल भी कर रही है। सीरियल की शूटिंग आगामी 15-20 दिनों तक जारी रहेगी। कुछ ऐपिसोड जोधपुर की होटल में शूट हो रहे हैं तो कुछ मुंबई में शूट किए जाएंगे।

सहायक पुलिस आयुक्त मंडोर राजेंद्र प्रसाद दिवाकर ने बताया कि बनाड़ की एक होटल में सीरियल की शूटिंग चल रही है। जिसमें पंजाबी सींगर मीका अहम रोल में है। पंजाबी सिंगर सिद्ध मूसेवाला और मीका काफी करीबी माने जाते है। मीका की सुरक्षा काफी महत्वपूर्ण है । खुद मीका के साथ भी बाउंसर रहते हैं। सूत्रों के तीन ऐपिसोड जोधपुर की इस होटल में फिल्माए जा रहे हैं बाकी शूटिंग मुंबई में होना प्रस्तावित है। यहां पर तीन ऐपिसोड की शूटिंग चल रही है जोकि आगामी 15-20 दिनों तक जारी रहेगी।

# एक लाख से ज्यादा ग्रेड थर्ड टीचर्स है ट्रांसफर के इंतजार में

## ब्लैक जोन वाले जिलों में शिक्षक कम होने से तबादले नहीं होने की संभावना

**बीकानेर, (कासं)।** ट्रांसफर पर रोक हटने के साथ ही शिक्षा विभाग में करीब एक लाख टीचर्स अपने गृह जिले में या फिर घर के नजदीक के स्कूल में जाने की तैयारी में जुट गए हैं। दरअसल, सबसे ज्यादा ट्रांसफर शिक्षा विभाग में ही होने वाले हैं। विभाग ने ग्रेड थर्ड टीचर्स के ट्रांसफर की परमिशन दे दी तो ये संख्या एक लाख तक पहुंचनी तय है।

शिक्षा विभाग फिलहाल ग्रेड थर्ड को लेकर सरकार से परमिशन मांग रहा है। ग्रेड थर्ड के लिए परमिशन पिछले तीन साल से नहीं मिली है। ऐसे में इस बार भी तय नहीं है कि ग्रेड थर्ड टीचर्स के ट्रांसफर होंगे या नहीं? वहीं ग्रेड सेकंड, लेक्चरर, हेड मास्टर, प्रिंसिपल सभी के ट्रांसफर होने तय हैं। अभी शिक्षा विभाग ने ट्रांसफर के लिए नीति तय नहीं की है। माना जा रहा है कि अविवाहित महिला टीचर, कैंसर पीड़ित टीचर, अन्य गंभीर रोग पीड़ित टीचर को ट्रांसफर में विशेष महत्व मिल सकता है। पति पत्नी को एक जगह लगाने की व्यवस्था लागू होगी या नहीं। ये अभी तय नहीं है।

ग्रेड थर्ड के टीचर्स के ट्रांसफर की परमिशन मिलती है तो उन्हें फिर से आवेदन करना होगा। पूर्व में 85 हजार टीचर्स आवेदन कर चुके थे लेकिन अब इन सभी को फिर से आवेदन करना होगा। दरअसल, रीट 2021 से भर्ती होने के बाद पद भरे जा चुके हैं। ऐसे में नए सिरे से ही आवेदन करना होगा। प्रदेश के कई जिलों से ट्रांसफर होने की उम्मीद कम है। ब्लैक जोन वाले इन जिलों में पहले से टीचर्स बहुत कम है, ऐसे में वहां पहले से कार्यरत टीचर्स को अन्य जिलों में भेजने की फिलहाल कोई उम्मीद नहीं है। राज्य सरकार चाहे तो ब्लैक जोन के जिलों में अंतर जिला तबादले हो सकते हैं। इन जिलों में बीकानेर, बाडमेर, जैसलमेर के अलावा आदिवासी जिले हैं, जहां टीचर्स कम जाना चाहते हैं।

वैसे तो सक्षम अधिकारी ही ट्रांसफर करता है लेकिन शिक्षा विभाग में हर साल जयपुर में कैंप लगते हैं। वहीं पर अधिकारी पहुंचकर ट्रांसफर आदेश जारी करते हैं। इस बार भी जयपुर में कैंप की तैयारी शुरू हो गई है। शिक्षा विभाग के सभी अनुभागों से कर्मचारियों को ट्रांसफर कैंप की तैयारी के लिए निर्देश दिए गए हैं। माध्यमिक शिक्षा निदेशक गौरव अग्रवाल ने कहा कि तबादलों के लिए आवेदन जल्द ही लिए जाएंगे। राज्य सरकार से इसके लिए बकायदा कार्यक्रम बनकर आएगा। उम्मीद की जा रही है कि इसी सप्ताह ट्रांसफर के लिए आवेदन शुरू हो सकते हैं।

## इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन 2022 दूसरे अटेम्प्ट के आवेदन प्रारंभ

**कोटा, (निसं)।** देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन जून में 20 से 29 जून के मध्य एवं जुलाई में 21 से 30 जुलाई के मध्य संपन्न होगी। एलन के कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट अमित आहूजा ने बताया कि जुलाई अटेम्प्ट के लिए आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है।

विद्यार्थी 30 जून तक आवेदन कर सकते हैं। जुलाई अटेम्प्ट के लिए आवेदन सभी विद्यार्थियों को करना अनिवार्य है, क्योंकि पूर्व में केवल विद्यार्थियों ने जून अटेम्प्ट के लिए ही आवेदन किया है। आवेदन के दौरान ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने पूर्व में पहले अटेम्प्ट के लिए आवेदन किया हुआ है, उन्हें अपने पुराने एप्लीकेशन नम्बर और आवेदन के दौरान बनाए गए पासवर्ड से ही आवेदन करना है। इन विद्यार्थियों को जेईई-मेन वेबसाइट पर दिए गए पूर्व में रजिस्टर्ड कैंडिडेट लिंक पर जाकर अपने पुराने आवेदन क्रमांक एवं पासवर्ड से लॉगइन कर परीक्षा का माध्यम, परीक्षा केन्द्र, कोर्स भरकर फीस का भुगतान करना होगा।

**■ 20 से 29 जून एवं 21 से 30 जुलाई के मध्य संपन्न होगी परीक्षा**

इन विद्यार्थियों को फोटो, सिग्नेचर, डॉक्यूमेंट्स अपलोड करने की आवश्यकता नहीं है। इन विद्यार्थियों को नया रजिस्ट्रेशन करने की आवश्यकता भी नहीं होगी। यदि ये विद्यार्थी नया रजिस्ट्रेशन करते हैं तो उनके दोनों ही आवेदन निरस्त हो सकते हैं। आहूजा ने बताया कि ऐसे विद्यार्थी जो पूर्व में जेईई-मेन के पहले अटेम्प्ट में शामिल नहीं हुए, उन्हें जुलाई अटेम्प्ट के लिए फ्रेश कैंडिडेट की भांति सम्पूर्ण आवेदन प्रक्रिया से गुजरना होगा। इन विद्यार्थियों के एप्लीकेशन नम्बर जून अटेम्प्ट के एप्लीकेशन नम्बर से भिन्न होंगे। पहले अटेम्प्ट के लिए विद्यार्थियों के प्रवेश पत्र जून के पहले सप्ताह में जारी होंगे।

# 12वीं विज्ञान में 96.53 तथा कॉमर्स में 97.53 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण

**अजमेर, (कासं.)।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने बुधवार को 12वीं विज्ञान और वाणिज्य वर्ग का परिणाम घोषित किया। बोर्ड प्रशासक एल.एन. मंत्री ने बटन दबाकर परिणाम घोषित किया।

विज्ञान वर्ग का कुल परिणाम 96.53 प्रतिशत जबकि वाणिज्य का परिणाम का 97.53 फीसदी रहा। दोनों ही वर्गों में छात्राओं ने छात्रों से बाजी मारते हुए बेहतर परिणाम प्रतिशत हासिल किया हैं। परिणाम के अनुसार विज्ञान कैटेगरी में जहां लड़कियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 97.55 रहा वहीं लडकों का 95.98 फीसदी रहा। इसी तरह कॉमर्स वर्ग में लड़कियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 98.62 तथा लड़कों का 96.93 प्रतिशत रहा। पहला परिणाम जारी करने के साथ ही बोर्ड अब 12वीं कला वर्ग के नतीजों को घोषित करने की तैयारी में जुट गया है। बोर्ड सचिव मेघना चौधरी ने बताया कि सीनियर सैकण्डरी विज्ञान में 2,32,005 और वाणिज्य वर्ग में 27,339 परीक्षार्थी पंजीकृत किये गये थे।



बोर्ड प्रशासक ने एल.एन. मंत्री ने बटन दबाकर परिणाम घोषित किया।

उल्लेखनीय है कि बोर्ड ने गत वर्ष कोरोना के चलते बिना परीक्षा लिए ही परिणाम जारी किया था। कोविड दौर में जारी परिणाम से यूं तो प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को बहुत निराशा हुई थी। इस बार जब बोर्ड ने परीक्षा आयोजित की और विद्यार्थियों ने शालाओं में जाकर पढ़ाई की तो माना जा रहा था बोर्ड का परीक्षा परिणाम पहले से काफी कम ही रहने वाला है। गत वर्ष बिना परीक्षा लिए परिणाम घोषित करने में बोर्ड ने 99 प्रतिशत यानी लगभग शतप्रतिशत परीर्थियों को ही अगली कक्षा में प्रमोट कर दिया था।

यहां आपकों बता दे कि राजस्थान बोर्ड विगत कुछ वर्षों से परीक्षार्थियों की अस्थाई योग्यता सूची जारी नहीं करता है। बोर्ड ने परीक्षार्थियों को उत्तरपुस्तिकाओं के पुनःमूल्यांकन की व्यवस्था में भी काफी सुधार किया है। यह परिणाम बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

## शिक्षक ग्रीष्मावकाश में बालकों को घर-घर जाकर देंगे गृहकार्य, फरमान जारी

**बीकानेर, (कासं)।** ग्रीष्मावकाश घोषित करने के बाद बालकों को गृहकार्य देने घर- घर जाने का शिक्षा विभाग ने फरमान जारी किया है । इससे शिक्षकों में आक्रोश है। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के जिलामंत्री नरेन्द्र आचार्य ने बताया कि शिक्षा निदेशालय के आदेश में कहा गया है कि सत्र 2022-23 के विद्यार्थियों के लिए फास्ट ट्रैक लर्निंग आधारित ब्रिज कोर्स के तहत ग्रीष्मावकाश में गृहकार्य दिया जाना है। जिसका उद्देश्य ग्रीष्मावकाश अवधि में विद्यार्थियों के अधिगम स्तर में सुधार लाना है ।

ब्रिजकोर्स के लिए शिक्षकों के साथ - साथ विद्यार्थियों के परिवारजनों को भी गत सत्र में रहे लर्निंग लॉस को रिकवर करने के लिए जोड़ा जाएगा । परिजनों को वर्कशीट और प्रश्न बैंक की जानकारी दी जाएगी । गृह कार्य को पूरा कराने शिक्षक जागरुक करेंगे । उन्होंने कहा कि शिक्षकों से ग्रीष्मावकाश में काम लेना है तो अन्य कार्मिकों की तरह सालाना 30 पीएल व 5 दिन सप्ताह के साथ अन्य क्षतिपूर्ति अवकाश दिए जाए।

**■ शिक्षकों से ग्रीष्मावकाश में काम लेना है तो सालाना 30 पीएल व पांच दिन सप्ताह के साथ अन्य क्षतिपूर्ति अवकाश दिए जाएं : शिक्षक संघ**

जिलाध्यक्ष मोहन भादू ने शिक्षकों को भेजे जा रहे स्माइल मैसेज की पहुंच अभिभावकों तक पहुंचाने में समस्या होने की जानकारी देते हुए कहा कि जिन विद्यार्थियों के पास डिजिटल पहुंच नहीं है और जो अभिभावक वर्कशीट हल कराना नहीं जानते हैं उनके लिए शिक्षक को ऑफलाइन समस्या समाधान करने को कहा जा रहा है जबकि विद्यालय में शिक्षकों के भी ग्रीष्मावकाश चल रहे है। वहीं वर्कशीट की प्रिंट निकालने का बजट भी नहीं दिया है। ग्रीष्मावकाश शुरू के बाद लर्निंग लॉस पाटने के प्रयास को नगरमंत्री महेश कुमार ने शिक्षकों को परेशान करने वाला बताया है।

# 'गहलोत सरकार पूरी तरह से विफल हो चुकी है'

## भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष पूनिया गहलोत सरकार पर जमकर बरसे

**फागी, (निसं)।** उपखंड मुख्यालय की जयपुर भीलवाड़ा मेगा हाईवे पर ग्राम पंचायत परिसर में बुधवार को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया का फागी भाजपा मंडल के तत्वावधान में भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष डॉ सतीश पुनिया थे। समारोह में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं एवं जनसभा को संबोधित करते हुए सतीश पूनिया ने गहलोत सरकार पर जमकर बरसते हुए कहा कि गहलोत सरकार शासन चलाने में पूरी तरह विफल हो चुकी है। गहलोत सरकार के शासन में विकास कहीं भी दिखाई नहीं देता। राजस्थान में बेरोजगारी चरम सीमा पर है, उद्योग धंधे बंद हो रहे हैं डीजल पेट्रोल सबसे महंगी राजस्थान में है। गोचर भूमि पर कॉलोनियों का निर्माण किया जा रहा है। केंद्र सरकार की

**■ जयपुर-भीलवाड़ा हाइवे पर फागी भाजपा मण्डल ने किया सतीश पूनिया का स्वागत**

योजनाओं का भी उपयोग नहीं किया जा रहा है । जिससे प्रदेश के गरीब तबके के लोग 2 जून की रोटी के लिए बहुत परेशान नजर आ रहे हैं। लेकिन फिर भी गहलोत सरकार के जू तक नहीं रेंगती।

समारोह में प्रदेश अध्यक्ष पुनिया ने भाजपा कार्यकर्ताओं को सीख देते हुए कहा कि बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने के लिए जन जन तक भाजपा की नीतियां पहुंचानी चाहिए। भाजपा सबका साथ सबका विकास की नीति पर काम कर रही है। भारत को सबसे आगे चल रही हैं। विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा के सभी कार्यकर्ता कमर कस लें । समारोह की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष रामानंद गुर्जर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की बट्टी भूल चुकी है।इसकी जनता आने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को पूरी तरह करारी हार से कांग्रेस पार्टी का सूपड़ा साफ करने का मानस बना लिया है।

मारो को पूर्व विधायक प्रेम चंद बेरवा लक्ष्मीनारायण बैरवा, सहितप्रदेश जिला में ब्लाक के अन्य पदाधिकारियों ने समारोह को संबोधित करते हुए सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर कांग्रेस पार्टी का सूपड़ा साफ करने के लिए कमर कसने की अपील की।इसे इससे पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पूनिया का भाजपा मंडल अध्यक्ष रंगलाल गुर्जर के नेतृत्व में मंडल के पदाधिकारियों द्वारा माला साफा पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## फ्लैट में रह रही महिला की गोली मार कर दिनदहाड़े हत्या

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के प्रतापनगर थाना क्षेत्र के उत्तर सुंदरवास स्थित एक अपार्टमेंट के फ्लैट में किराए पर रह रही महिला की अज्ञात हमलावरों ने दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस हमलावरों की तलाश में जुटी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसर बुधवार अपरान्ह शहर के प्रतापनगर थाना क्षेत्र उत्तरी सुन्दरवास शिव अपार्टमेंट के द्वितीय मंजिल पर स्थित फ्लेट में किराए पर रहने वाली औरंगाबाद बिहार निवासी नेहा सिंह (36) पत्नी चन्दन कुमार की अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी।

**■ पुलिस ने एफएसएल टीम बुलाकर साक्ष्य जुटाए व तलाश शुरू की**

सूचना मिलने पर एसआई मांगीलाल ने मौके पर पहुंच कर एफएसएल टीम को बुलवाया तथा उच्चाधिकारियों को इसकी सूचना दी। इस पर जिला पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार, पुलिस उप अधीक्षक शहर अशोक मीणा, पुलिस उप अधीक्षक जरनैलसिंह मय जाप्ता मौके पर पहुंचे। जहां से मिले साक्ष्यों के आधार पर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। नेहा सिंह का पति सूरजपोल क्षेत्र में स्थित दुकान पर काम करता है। घटना के वक्त वह घर पर अकेली थी। पुलिस ने मृतका का शव एमबी चिकित्सालय मोर्चरी में रखवाया है। हत्यारों एवं आरोपियों का पता नहीं चल पाया है। नेहासिंह का डेढ वर्ष पूर्व विवाह हुआ था। हमलावरों के पकड़े जाने पर ही वास्तविक कारणों का पता चल पाएगा।

## कनिष्ठ सहायक का दलाल 35 हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**नागौर, (निस)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने नगरपरिषद के कनिष्ठ सहायक हरनारायण गौड़ के दलाल को रिश्वत लेने के आरोप में ट्रेप किया है । आरोपी कनिष्ठ सहायक हरनारायण गौड़ ने पट्टा जारी करने के एवज में दलाल के जरिए 35 हजार की रिश्वत मांगी थी। बुधवार शाम एसीबी टीम ने सत्यापन के बाद ट्रेप कार्रवाई को अंजाम दिया। इस दौरान दलाल गुलामुद्दीन ने परिवादी से रिश्वत के 35 हजार रूपये ले लिए, जिसे तुरंत ही गिरफ्तार कर लिया गया। इस दौरान आरोपी कनिष्ठ सहायक हरनारायण गौड़ को कार्रवाई की भनक लग जाने से वो मौके से फरार हो गया। फिलहाल आरोपी गौड़ की तलाश की जा रही है।

जानकारी के अनुसार नागौर एसीबी की को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई थी कि आवासीय मकान का पट्टा बनाने की एवज में नगर परिषद के कनिष्ठ सहायक हरनारायण गौड़ द्वारा उसके

**■ पट्टा जारी करने की एवज में दलाल के जरिए मांगी रिश्वत**

दलाल गुलामुदिन के माध्यम से 35 हजार की रिश्वत राशि मांग कर परेशान किया जा रहा है। नागौर एसीबी को मिली शिकायत के बाद पुलिस निरीक्षक मोहन सिंह के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया गया और उनकी टीम द्वारा बुधवार को कार्रवाई करते हुए दलाल गुलामुदिन पुत्र हाफिज लाल मोहम्मद निवासी पीएचडी बस्ती अजमेरी गेट के पास नागौर को परिवादी से 35 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। आरोपी कनिष्ठ सहायक हरनारायण गौड कारवाई की भनक लगने के बाद मौके से फरार हो गया। नागौर एसीबी मुख्य आरोपी की तलाश में जुटी है।

## इंदिरा नहर का पानी जोधपुर के कायलाना जलाशय में पहुंचा

**जोधपुर, (कासं)।** प्रदेश के 11 जिलों के करोड़ों लोगों की प्यास बुझाने वाली इंदिरा गांधी नगर से अब पानी की आवक शुरू हो गई है। जोधपुर के कायलाना जलाशय में पानी पहुंचने के साथ ही आज सुबह जिला कलेक्टर ने हाथी नहर का निरीक्षण किया। जिला कलक्टर हिमांशु गुप्ता ने हाथी कैनाल का अवलोकन किया। नहरबंदी समाप्त होने पर जिला कलक्टर जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभागीय अधिकारियों तथा प्रशासनिक अधिकारियों के साथ जोधपुर के हाथी कैनाल पर वस्तुस्थिति की जानकारी लेने पहुंचे।

**■ कलेक्टर हिमांशु गुप्ता ने किया हाथी नहर का निरीक्षण**

साथ ही संबंधित अधिकारियों को आगामी समय के लिए जिले में सुचारू जल आपूर्ति के लिए योजनाबद्ध कार्ययोजना बनाकर शटडाउन में अपेक्षित संशोधन के निर्देश दिए। कलेक्टर ने राजीव गांधी लिफ्ट कैनाल के जलदाय प्रभाग के अधिकारियों को नहर से आए पानी की गुणवत्ता की रासायनिक जांच करवाने के लिए भी निर्देशित किया। इंदिरा गांधी नहर से 60 दिनों बाद पंजाब सरकार ने पानी को छोड़ा। नहर बंदी के चलते प्रदेश के 11 जिलों में भीषण पेयजल संकट गहरा गया। जोधपुर में पानी के लिए काफी त्राहि- त्राहि मच गई रही। कलेक्टर की अपील के बाद शहर वासियों ने उसे माना और सहयोग दिया। उम्मीद है कि लोगों को जल्द ही पानी की समस्या से छुटकारा मिल जाएगा।

# पुलिस शव को कचरा पात्र में डालकर ले गई अस्पताल

## रात को सिटी बस के नीचे आकर सो गया था युवक, सुबह चालक ने कुचला

**जोधपुर, (कासं)।** बुधवार को पुलिस की अमानवनीयता जगजाहिर हो गई। दरअसल दुर्घटना में मरने वाले एक शख्स के शव को कचरा पात्र में डाल कर ले गई। जिससे पुलिस के आलाधिकारी भी इस घटना को लेकर शर्मसार है। अब मामला सामने आने के बाद इसकी जांच उच्चाधिकारी को सौंपी गई है। जोधपुर शहर में बुधवार को एक युवक की बस की चपेट में आकर मौत हो गई थी। पुलिस ने कचरे गाड़ी में शव रखा और अस्पताल ले गए। इसके लिए पुलिस ने वहां से गुजर रहे कचरा गाड़ी को खाली करवाया।

हुआ यूं कि बुधवार को शहर के पाल रोड पर पुलिस पहुंची। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया कि घटना बरकतुल्लाह खान स्टेडियम के पास की है। यहां

**■ सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद जांच बैठाई गई**

**■ पुलिस ने घटना के वीडियो को कई ग्रुप से डिलीट कराया**

देर रात कई सिटी बस खडी रहती हैं। बिलाड़ा निवासी देवेंद्र प्रजापत देर रात सिटी बस के नीचे आकर सो गया था। बुधवार सुबह जब ड्राइवर आया तो वह बस लेकर रवाना हो गया। उसे पता नहीं था कि टायर के बीच युवक सो रहा है। इस हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वह मजदूरी करता था। मौके पर लोगों ने शव देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस एंबुलेंस की व्यवस्था किए बिना ही वहां खडी कचरा गाडी को बुलाया। डोर-टू-डोर कचरा कलेक्ट करने वाली गाड़ी को बुलाया और उसी में शव डाल मथुरा दास अस्पताल लेकर पहुंचे। इधर, पुलिस पहले टालती रही। लेकिन, सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद इस मामले में जांच बैठाई गई है।

**मानवाधिकार आयोग ने लिया संज्ञान:-** अब इसमें मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष जस्टिस गोपाल कृष्ण व्यास ने कलेक्टर और पुलिस कमिश्नर को नोटिस जारी कर 15 दिन में रिपोर्ट देने को कहा है। आयोग ने संज्ञान लिया है। कचरा गाड़ी अस्पताल पहुंची तो लोग भी हैरान हो रह गए। उसमें से शव उतारते हुए किसी ने वीडियो बना लिया। पुलिस ने इस वीडियो को कई ग्रुप से डिलीट कराए। तब तक कई जगह शेयर हो चुका था।

## टोलकर्मियों के साथ मारपीट कर तंबू को आग लगाई

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के सवीना थाना क्षेत्र में बदमाशों ने टोलकर्मियों के साथ मारपीट कर उनके रहने के लिए बने तंबूओं को आग के हवाले कर दिया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित शिवशंकर रायल्टी प्रतिनिधी हुण तिबलाड़ा जोधपुर हॉल डाकन कोटड़ा निवासी श्रवणसिंह पुत्र कानसिंह ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया।

सरकार के आदेश से क्रेशन गिट्टी रायल्टी वसूलने के लिए ठेका स्वीकृत होने से डाकन कोटड़ा पर नाका लगाया था। जहां पर कंपनी ने जब्बरसिंह व राघवेन्द्र सिंह को वसूली के लिए तैनात किया था। पास ही उनके रहने के लिए तबू लगा रखे थे। 30 मई रात में आए आरोपियों ने टोल कर्मियों के साथ मारपीट की तथा तंबूओं में आग लगा कर फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

# पंजाब की हैंडबाल नैशनल प्लेयर रैगिंग से परेशान होकर हॉस्टल से भागी

## भविष्य की चिंता न करते हुए किशोरी ट्रेन में बैठकर मुंबई की तरफ रवाना हो गई

**कोटा, (निसं)।** पंजाब की हैंडबाल नेशनल प्लेयर ने रैगिंग से परेशान होकर हॉस्टल छोड़ दिया। अपने भविष्य की चिंता न करते हुए किशोरी ट्रेन में बैठकर मुंबई की तरफ रवाना हो गई लेकिन आरपीएफ ने उसे रामगंजमंडी में ट्रेन से दस्तयाब कर लिया और बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया। जिसके बाद उसे अस्थाई आश्रय, कोटा के नांता किशोरी गृह में दिलाया है। इसके साथ ही इस किशोर खिलाड़ी के पिता और उसके हैंडबॉल कोच को सूचना दी है वो भी कोटा आ रहे हैं।

बाल कल्याण समिति के सदस्य

**■ अमृतसर के विमेन खालसा कॉलेज के हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रही है किशोरी**

अरुण भार्गव ने बताया कि 16 वर्षीय किशोरी जालंधर जिले के कामाख्या कोटली गांव निवासी है। वो अमृतसर के विमेन खालसा कॉलेज के हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रही है। किशोरी से बातचीत में पता चला है कि वो सीनियर्स की रैगिंग से इतनी तंग थी कि उसने कॉलेज छोड़ने का फैसला ले लिया। वो अमृतसर से मुंबई जाने वाली गोल्डन टेंपल मेल में 30 मई को बैठ गई।

किशोरी ने बताया कि उसके पिता किसान हैं और वो पांच भाई बहन है। चूंकि उसका मोबाइल हॉस्टल वार्डन ने अपने पास रख लिया था। इसलिए वो उन्हें ठीक से कुछ बता नहीं पाई। आरपीएफ की सूचना पर उसके पिता संग हैंडबॉल कोच भी कोटा आ रहे हैं। पिता के आने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# पेयजल किल्लत से परेशान लोगों ने पार्षदों के साथ जलदाय ऑफिस घेरा

## प्रदर्शनकारियों ने अधिकारियों पर टैंकर के निःशुल्क पानी की सप्लाई में भेदभाव करने और चहेतों को फायदा देने का आरोप लगाते हुए 2 घंटे तक प्रदर्शन किया

**जयपुर** (कासं)। राजधानी जयपुर में गर्मी के बीच पानी की किल्लत बढ़ने लगी है। झोटवाड़ा के वार्ड 12 से 14 और 19 में पेयजल समस्या से लोग बेहद परेशान है। बुधवार को नाराज सभी लोगों ने पार्षद रणवीर सिंह राजावत और रश्मि सैनी के नेतृत्व में जलदाय विभाग का ऑफिस घेर लिया। लोगों ने निःशुल्क पेयजल टैंकरों का दुरूपयोग करने और इन्हें जान-पहचान वाले लोगों के घरों में सप्लाई करने का आरोप लगाते हुए 2 घंटे तक विरोध जताया।

पार्षद रणवीर सिंह राजावत और चैयरमेन रश्मि सैनी ने अधिकारियों से इस दौरान पानी की समस्या का समाधान को लेकर वार्ता की। साथ ही सूखे नलकूप को गहरा करने और जल्द से जल्द बीसलपुर का पानी वार्ड की जनता तक पहुंचाने की मांग रखी गई।



**झोटवाड़ा स्थित जलदाय विभाग के ऑफिस में स्थानीय लोगों ने पार्षद रणवीर सिंह राजावत और रश्मि सैनी के साथ पहुंचकर धरना दिया और 2 घंटे तक विरोध-प्रदर्शन किया।**

सैकड़ों महिलाएं और बुजुर्ग लगभग 2 घंटे से धरने पर बैठे रहे। जलदाय विभाग के अधिशाषी अभियंता पवन अग्रवाल और सहायक अभियंता उषा चौधरी ने जल्द से जल्द समस्या के समाधान के लिए आश्वासन दिया। सूत्रों की मानें तो जलदाय विभाग ने इस घटना के बाद

- **घटना के बाद जलदाय विभाग ने भी एक्सईएन को एपीओ किया**

अधिशाषी अभियंता पवन अग्रवाल को एपीओ कर दिया है। बताया जा रहा है कि उन्हें विद्याधर नगर में आ रही पेयजल समस्याओं को लेकर एपीओ किया गया है। विभाग ने ड्रिलिंग खंड अधिशाषी अभियंता रामकरण मीना को नगर खंड 4, विद्याधर नगर के अधिशाषी अभियंता की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी है। इसके अलावा ग्रामीण खंड प्रथम के अधिशाषी अभियंता राजेश पूनिया को भी एपीओ किया गया है, उनकी जगह पर नगर खंड चतुर्थ मानसरोवर अधिशाषी अभियंता नरेन्द्र कुमार वर्मा को अतिरिक्त चार्ज सौंपा गया है।

# युवक ने 5 साल की बेटी के सामने पत्नी का गला काटा

**जयपुर** (कासं)। शास्त्री नगर इलाके में एक युवक ने अपनी 5 साल की बेटी के सामने ही पत्नी का गला काट दिया। गले से खून का फव्वारा छूटा, छींटे बच्ची पर आ गिरे। पत्नी का खून बहता रहा और पति उसे वहीं पर मरने के लिए छोड़कर अपनी बाइक लेकर भाग गया। बाद में पडौसियों ने महिला को अचेत हालात में अस्पताल में भर्ती कराया हैं। 5 साल की उसकी बच्ची का रो-रोकर बुरा हाल है। पर्चा बयान के आधार पर पुलिस ने पति के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

शास्त्री नगर थाना पुलिस को 26 साल की पूजा ने बताया कि उसकी शादी करीब सात साल पहले सत्यवीर सिंह से हुई थी। उसके दो साल के बाद बेटी हुई। लगभग रोज ही पति शराब पीकर घर आता और मारपीट करता था। तंग आकर पति-पत्नी के बीच तलाक हो गया। पूजा अपनी 5 साल की बेटी को लेकर अलग हो गई। पूजा शास्त्री नगर में एक परिवार के यहां काम करती थी। सत्यवीर अपनी बेटी चीमा से मिलने पहुंचा था, उसने वीडियो कॉल पर दादी से कराई। इस बीच पूजा वहां आ गई और बेटी को साथ चलने के लिए कहा। इससे सत्यवीर गुस्सा गया। उसने जेब से चाकू निकाला और पूजा के गले पर वार कर दिया और पूजा को तड़पता छोड़कर फरार हो गया।



**'निगम आपके द्वार' अभियान की शुरुआत करने के बाद ग्रेटर महापौर सौम्या गुर्जर ने बुधवार को पट्टों की सौगात दी। महापौर ने मुरलीपुरा निवासी 72 वर्षीय नाथूलाल सैनी के घर पहुंचकर और उनके पैर छूकर आशीर्वाद लिया। उन्होंने नाथूलाल को पट्टा सौंपा तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। सौम्या गुर्जर ने मुरलीपुरा जोन में 10 आवेदकों को भी पट्टा दिया और सभी से 5 जून को पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ लगाने की अपील की।** फोटो-राष्ट्रदूत

# अवैध खनन जांच में राज्यभर में हुईं 1100 कार्यवाही

**जयपुर**, (का.सं.)। माइंस विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुबोध अग्रवाल ने बताया है कि प्रदेश में 15 मई से अवैध खनन, परिवहन और भण्डारण के खिलाफ चल रहे संयुक्त जांच अभियान में 1100 से अधिक कार्यवाही कर दस करोड़ से अधिक जुर्माना राशि राजकोष में वसूली जा चुकी हैं। उन्होंने बताया कि जुर्माना वसूली राशि में जयपुर, झालावाड़, बूंदी का आंकड़ा एक-एक करोड़ को छूने में हैं।

एसीएस माइंस डॉ. सुबोध अग्रवाल ने प्रगति समीक्षा के बाद बताया कि जिला कलक्टर द्वारा माइंस, रेवेन्यू, परिवहन, वन और पुलिस विभाग की टीम द्वारा अवैध खनन, परिवहन और भण्डारण के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है। प्रदेश में अब तक 131 एफआईआर पुलिस में दर्ज करवाई जा चुकी हैं जिसमें से सर्वाधिक 56 एफआईआर भीलवाड़ा में दर्ज हुई है। बाड़मेर में 15, अलवर में 13, धौलपुर में 10 व शेष अन्य स्थानों पर दर्ज हुई है। जुर्माना अदा नहीं करने वाले 1026 वाहन-मशीनरी आदि संबंधित थानों में जब्त हैं जिसमें सर्वाधिक 111 वाहन-मशीनरी जयपुर व भीलवाड़ा में 101, अजमेर में 67, जोधपुर में 55, नागौर में 52 व शेष अन्य स्थानों पर वाहन-मशीनरी जब्त है। जब्त शुदा खनिजों में प्रमुख रुप से बजरी के साथ ही मेसेनरी स्टोन, फेल्सपार, क्रेशर डस्ट, चाईनाक्ले, सिलिका सैंड, लाईम स्टोन, बेन्टोनाईट, क्रेशर ग्रिट आदि करीब 1588 टन खनिज मौके पर जब्त है।

# शहरी रोजगार गारंटी योजना पर हैरिटेज निगम खर्चेगा 20 करोड़

**जयपुर** (कासं)। हैरिटेज नगर निगम ने इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना को लेकर तैयारी शुरू कर दी है। इसे लेकर आयुक्त अवधेश मीना ने बुधवार को समस्त जोन के अधीशाषी अभियंताओं की बैठक ली, इसमें इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना के तहत कराये कार्यों की कार्ययोजना की तैयारियों की समीक्षा की गई। उन्होंने सभी जोन के अधीशाषी अभियंताओं को 5-5 करोड़ रुपए के कार्य कराने की कार्ययोजना के प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। निगम के चारों जोन क्षेत्र में 20 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

आयुक्त अवधेश मीना ने योजना के तहत ऐसे कार्यों का चयन करने के निर्देश दिए, जिसमें ज्यादा श्रमिकों को नियोजित करने के साथ गुणवत्ता के साथ कार्य पूरे हो। उन्होंने इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना को लेकर हैरिटेज नगर निगम के सभी जोन हेल्पडेस्क का गठन किया जाएगा। अवधेश मीना ने सभी जोन उपायुक्तों को निर्देश दिए कि शहरी रोजगार गारंटी योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए अपने-अपने जोन में हैल्पडेस्क का गठन कर वहां लगाए जाने वाले कर्मचारियों की सूची मोबाईल नंबर सहित मुख्यालय में भिजवाये। बैठक में अतिरिक्त आयुक्त आशीष कुमार, अतिरिक्त मुख्य अभियंता एस. के. वर्मा, अधीशाषी अभियंता दिनेश गुप्ता, मधुसुधन गैना, महेन्द्र सिंह, किशन लाल मीना आदि उपस्थित थे।

# प्रदेश में नए करोना संक्रमितों की संख्या में वृद्धि

## राज्य में बुधवार को 66 नए संक्रमित मिले, जबकि मंगलवार को 57 रोगी पाए गए थे

**-कार्यालय संवाददाता-**

**जयपुर**। प्रदेश में बुधवार को करोना संक्रमण के मामलों में और वृद्धि हुई है। इस दौरान राज्य में 66 नए संक्रमित मिले हैं। जबकि 83 लोग ठीक हुए हैं। इसके साथ ही एक्टिव केस घटकर 515 रह गए हैं।

प्रदेश में बुधवार को 13 जिलों में 66 नए करोना संक्रमित मिले हैं। इससे पहले मंगलवार को 57 रोगी पाए गए थे। इधर राजधानी जयपुर में भी इनकी संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। इस दौरान जिले में 7 मामले और बढ़ने के साथ ही 31 नए संक्रमित सामने आए हैं। इसके अलावा अलवर में 10, जोधपुर में 5, अजमेर व धौलपुर में 4-4, नागौर,

- **राजधानी जयपुर में भी थोड़ी बढ़ोत्तरी के बाद 31 नए मरीज मिले हैं।**
- **प्रदेश में पिछले 24 घंटों में रिकवरी में सुधार होने से एक्टिव केस घटकर 515 रह गए हैं।**

भीलवाड़ा, चूरू व दौसा में 2-2 तथा झालावाड़, झुंझुनूं, कोटा और उदयपुर में 1-1 नया संक्रमित मिला है। वहीं इस बीच राज्य के 20 जिलों बांसवाड़ा, बारां, बाड़मेर, भरतपुर, बीकानेर, बूंदी, चित्तौड़गढ़, डूंगरपुर, गंगानगर, हनुमानगढ़, जैसलमेर, जालोर, करौली, पाली, प्रतापगढ़, राजसमंद, सवाई माधोपुर, सीकर, सिरोही और टोंक में कोई भी नया संक्रमित नहीं मिला है।

प्रदेश में बुधवार को नए संक्रमितों के मुकाबले अधिक रिकवरी हुई है। इस दौरान 83 संक्रमित ठीक हुए हैं। इसके साथ ही एक्टिव केस घटकर 515 रह गए हैं। राजधानी जयपुर में भी इनकी संख्या घटकर 272 रह गई है। राज्य में बुधवार को भी करोना से किसी मरीज की मौत नहीं हुई है। हालाकि, प्रदेश में अब तक इस बीमारी से 9557 संक्रमितों की मृत्यु हो चुकी है।

### जयपुर में 18 स्थानों पर नए संक्रमित मिले

राजधानी जयपुर में बुधवार को 18 स्थानों पर नए संक्रमित मिले हैं। इस दौरान सबसे ज्यादा 3-3 मरीज सी-स्कीम, मालवीय नगर, मानसरोवर, सीतापुरा और वैशाली नगर में पाए गए हैं। इसके अलावा दुर्गापुरा, झोटवाडा व खातीपुरा में 2-2 तथा आदर्श नगर, बजाज नगर, बस्सी, ब्रह्मपुरी, गांधी नगर, गोपालपुरा, जगतपुरा, मुरलीपुरा, प्रताप नगर और सांगानेर में 1-1 नया संक्रमित मिला है। इस बीच जिले में 44 मरीज रिकवर हुए हैं।

## सार-समाचार

### धूमधाम से मनाया इवेंट मैनेजर्स डे



**जयपुर**, (कासं)। जयपुर शहर के ग्लोबल इनिशिएटिव इवेंट मैनेजर्स डे का आयोजन कल पूरी विश्व में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर जयपुर में मुख्य समारोह का आयोजन जवाहर लाल नेहरू मार्ग स्थित होटल क्लार्कस आमेर किया गया जिसमें इवेंट मैनेजमेंट क्षेत्र की कई दिग्गज हस्तियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान लघु उद्योग विकास निगम लिमिटेड के चेयरमैन राजीव अरोड़ा व जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के एमडी अजीत सक्सेना थे। सर्वप्रथम इवेंट मैनेजर डे के ग्लोबल कन्वीनर इवेंट गुरु अरशद हुसैन ने इवेंट मैनेजर्स डे के अंतर्गत संपूर्ण विश्व में चल रही गतिविधियों से अवगत कराया एवं देश विदेश से सेलिब्रिटीज द्वारा भेजे गए बधाई संदेशों के वीडियो प्रस्तुत किए। इस अवसर पर एक पारंपरिक फैशन शो का भी हुआ जिसे मिस राजस्थान के संयोजक योगेश मिश्रा व निमिषा मिश्रा ने निर्देशित किया। डिजाइनर शोभा गुप्ता एवं मंदाकिनी की ओर से अत्यंत सुंदर पारम्परिक परिधान प्रस्तुत किए गए। आकर्षक आतिशबाजी के साथ ही साथ ही इवेंट मैनेजर्स डे की केक कटिंग भी की गई व अगले साल फिर मिलने के वादे के साथ 2023 के समारोह की शुरुआत की घोषणा की गई। कार्यक्रम में क्लार्क्स आमेर के रीजनल सेल्स हेड आसिफ खान व फॉरम के जनरल सेक्रेटरी हितेंद्र शर्मा ने सबका स्वागत किया।

### जनाना अस्पताल में वर्कशॉप आयोजित



**जयपुर**। राजधानी के चाँदपोल स्थित जनाना अस्पताल में नवजात शिशुओं को जन्म के समय 1 से 3 गोल्डन मिनट्स की महत्वतता व जागरूकता को लेकर वर्कशॉप का आयोजन किया गया। अस्पताल अधीक्षक डॉ. पुष्पा नागर ने वर्कशॉप का दीप-प्रज्वलित कर किया शुभारंभ। ओपीडी प्रभारी रमेश सैनी ने बताया कि जन्म के समय नवजात बच्चों की देखभाल का प्रशिक्षण देने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। ऐसे बच्चे जो जन्म के समय रोते नहीं है अथवा सांस नहीं लेते है उनको किस प्रकार सावधानी पूर्वक बचाया जाये, इसका चिकित्सकों व नर्सिंग ऑफिसर्स ने प्रशिक्षण दिया। इस कार्यशाला में डॉ. नेहा अग्रवाल व डॉ. विजेंद्र गर्ग द्वारा बेसिक नियोनेटल रिसेसिटेशन प्रोग्राम बताया गया।

### बगरू क्षेत्र में बढ़ेगी पेयजल आपूर्ति

**जयपुर**, (का.सं.)। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डॉ. महेश जोशी के निर्देशों के बाद अब जलदाय विभाग द्वारा बगरू कस्बे एवं ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिदिन 3 लाख लीटर पेयजल टैंकरों के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा। सेज विस्थापित जोन में बने हाइडेंट से प्रतिदिन 24 हजार लीटर क्षमता के 12 टैंकरों के माध्यम से 3 लाख लीटर पेयजल बगरू कस्बे में उपलब्ध कराया जाएगा। डॉ. जोशी से बुधवार को यहां सिविल लाइन्स स्थित उनके सरकारी आवास पर बगरू विधायक गंगा देवी एवं क्षेत्र के पार्षदों ने मुलाकात कर पेयजल किल्लत वाले गांवों और बगरू कस्बे में पर्याप्त पेयजल आपूर्ति के संबंध में आग्रह किया था। जलदाय मंत्री ने बगरू विधायक एवं उनके साथ आए पार्षदों की बातों को गंभीरता से सुना एवं मौके से ही जलदाय विभाग के अधिकारियों को टैंकरों से की जाने वाली पेयजल आपूर्ति एक लाख लीटर प्रतिदिन से बढ़ाकर 3 लाख लीटर प्रतिदिन करने के संबंध में दिशा-निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने अधीक्षण अभियंता जयपुर जिला वृत्त आर सी मीना को बगरू विधानसभा क्षेत्र के लोगों की पेयजल समस्याएं सुनने एवं उनके समाधान के निर्देश दिए।

### डूडी ने किया सम्मान पोस्टर का विमोचन

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान स्टेट एग्रो इण्डस्ट्रीज डवलपमेंट बोर्ड के अध्यक्ष रामेश्वर डूडी ने अपने निवास स्थान पर शेखावाटी क्षेत्र के शहीद परिवारों एवं किसानों के सम्मान समारोह के विषय में पोस्टर विमोचन किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि सीकर जिले में 30 जून को आयोजित होने वाले इस सम्मान समारोह में शहीद परिवारों और किसानों को आमंत्रित करने के लिए उनके घर-घर जाकर सम्पर्क किया जाएगा। पोस्टर विमोचन के अवसर पर सीकर जिले के शेखावाटी विश्वविद्यालय के अध्यक्ष राकेश गढ़वाल सहित बड़ी संख्या में छात्र भी उपस्थित थे।

### निःशुल्क जॉबकार्ड बनायेगी सरकार

**जयपुर**। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना में शामिल होने वाले लाभार्थियों को राहत देने के लिए बड़ा निर्णय लिया है। योजना में रोजगार हेतु आवश्यक जॉबकार्ड बनवाने के लिए ई-मित्र के माध्यम से निःशुल्क ऑनलाईन आवेदन का प्रावधान किया गया है। गहलोत ने लाभार्थियों को फीस मुक्त करने एवं फीस की राशि सीधे ही सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग को पुनर्भरण किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी।

# राजस्थान वित्त निगम के उपप्रबंधक मुन्नालाल सांखला सेवानिवृत्त हुए

**जयपुर**, (कासं)। राजस्थान वित्त निगम के उप प्रबन्धक (विधि) मुन्ना लाल सांखला 35 वर्ष 7 माह के सेवाकाल के बाद सेवानिवृत हो गये है। उनके सम्मान में राजस्थान वित्त निगम मुख्यालय जयपुर पर कार्यकारी निदेशक राजेन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में सेवानिवृत्ति विदाई समारोह सम्पन्न हुआ।

यहां पर निगम के महाप्रबन्धक (विकास) आर.बी. जैन, महाप्रबन्धक (ऑपरेश) के.के. गुप्ता एवं उप महाप्रबन्धक (कार्मिक एवं प्रशासन), अधिकारी एसोशिएशन के अध्यक्ष एस.के. पोखरना, महामन्त्री सुभाष बज तथा कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष रतन लाल नायक, महामन्त्री कीर्ति जोशी एवं अन्य पदाधिकारी के साथ समस्त अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित रहे। अधिकारी एसोशिएशन के महामन्त्री सुभाष बज ने विदाई समारोह में



**राजस्थान वित्त निगम के उप प्रबन्धक (विधि) मुन्नालाल सांखला की सेवानिवृत पर कार्यकारी निदेशक राजेन्द्र शर्मा और अन्य अधिकारियों ने उनका स्वागत किया।**

मुन्नालाल सांखला द्वारा दी गयी सेवाओं की विस्तार से जानकारी देते हुए तारीफ की। समारोह के अध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा, कार्यकारी निदेशक ने अपने उद्घोषणा में सॉखला ने अपने सेवाकाल में पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारीपूर्वक किया।

# सिटी पैलेस में सांस्कृतिक विरासत प्रशिक्षण शिविर शुरू

**जयपुर**। सिटी पैलेस जयपुर परिसर में बुधवार को सांस्कृतिक विरासत प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। प्रशिक्षणार्थियों को एक माह तक ध्रुवपद, कथक, पेंटिंग, बांसुरी और मांडना जैसी पारम्परिक कलाओं का मुफ्त प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह शिविर महाराजा सवाई मान सिंह द्वितीय संग्रहालय, रंगरीत एवं सरस्वती कला केन्द्र की ओर से आयोजित है। यहां राजस्थान के प्रख्यात कलाकार पारंपरिक कलाओं के गुर सिखाएंगे। जिसमें मधू भट्ट तैलंग ध्रुवपद का प्रशिक्षण देंगीं। जहां डॉ. ज्योति भारती गोस्वामी जयपुर घराने के कथक की बारीकियां सिखाएंगी, वहीं आर.डी.गौड़ बांसुरी का प्रशिक्षण देंगे। इसी प्रकार से रामू रामदेव पारम्परिक चित्रकला में बेसिक लाइंस और खनिज रंगों के बारे, हमेंत रामदेव कांगडा शैली और बाबू लाल मारोटिया जयपुर स्टाइल के बारे में प्रशिक्षण देंगे। लक्ष्मी नारायण कुमावत मांडना कला का प्रशिक्षण देंगे।

# 3 साल के बेटे के साथ विवाहिता लापता, ढूंढने में जुटी पुलिस टीम

**जयपुर** (कासं)। राजधानी के सिविल लाइंस क्षेत्र से 8 मई को लापता हुई विवाहिता और उसके 3 वर्ष के बेटे का अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है।

विधायकपुरी थाना पुलिस ने बताया कि 30 मई को इलाके के भारत

- **सिविल लाइंस फाटक के पास भारत माता पथ पर रहती थी महिला**

माता पथ पर रहने वाले गोविंद कामत ने थाने में रिपोर्ट दी थी कि वह बिहार के मधुबनी में खोई गांव का रहने वाला है। उसकी 29 वर्षीय पत्नी प्रीति और 3 साल का बेटा सन्नी 8 मई से लापता है। प्रीति 8 मई को कुछ काम होने की बात कहकर घर से निकली थी, शाम तक नहीं लौटी तो पति ने उसे अपने



**लापता प्रीति और बेटा सन्नी**

स्तर पर तलाशा। पडौसियों और रिश्तेदारों से भी पूछताछ की, लेकिन दोनों मां-बेटे का कोई सुराग नहीं लगा। अब मामला दर्ज होने के बाद विधायकपुरी थाना पुलिस की टीमें विवाहिता और उसके बेटे को तलाशने में जुटी है।

# वंदेमातरम् रोड पर पुलिस ने देर रात अभियान चलाकर 70 लोगों को हिरासत में लिया

## मानसरोवर-चाकसू सर्किल के छह थानों की पुलिस ने डीसीपी मृदुल कच्छावा के नेतृत्व में कार्रवाई की

**जयपुर**, (कासं)। राजधानी जयपुर की साउथ जिला पुलिस ने बुधवार रात को अभियान चलाकर मुहाना और मानसरोवर इलाके में वंदेमातरम् सर्किल रोड पर ढाबों व रेस्टोरेंट्स पर शराब पीकर उत्पात मचाने वाले असामाजिक तत्व के खिलाफ कार्रवाई करते हुए करीब 70 लोगों को हिरासत में लिया है।

डीसीपी साउथ मृदुल कच्छावा ने बताया कि मुहाना और मानसरोवर इलाके में वेज व नॉवेज सहित अन्य ढाबों व रेस्टोरेंट्स पर देर रात तक असामाजिक लोगों को शराब पिलाने और इलाके में उत्पात मचाने की शिकायतें मिल रही थी। इस पर पुलिस ने बुधवार रात करीब साढ़े नौ बजे अभियान चलाकर सभी ढाबों व रेस्टोरेंट्स की जांच की। इस दौरान करीब 70 बदमाशों और अवैध रुप से ढाबों व रेस्टोरेंट्स चलाने वालों को हिरासत में लिया गया। इनमें कई हार्डकोर अपराधी भी हो सकते हैं। पुलिस मौके से एक दर्जन वाहन भी जब्त किए हैं। डीसीपी ने बताया कि इस अभियान में मानसरोवर और चाकसूं सर्किल के छह थानों के एसएचओ सहित जाप्ता लगाया गया।

- **ढाबों व रेस्टोरेंट्स पर शराब पीकर उत्पात मचाते थे आरोपी**
- **देर रात तक इलाके में बदमाशों के ठिकानों पर पुलिस की दबिश जारी रही**

उन्होंने बताया कि आरोपियों से देर रात तक पूछताछ की जा रही है। इनसे कई वारदातों का खुलासा होने की संभावना है।

बताया जा रहा है कि कार्रवाई की पहले ही सूचना लीक हो गई थी। इस पर डीसीपी मृदुल कच्छावा ने मोर्चा संभालते हुए ताबातोड़ कार्रवाई को अंजाम देकर कई बदमाशों को दबोच लिया। देर रात तक इलाके में बदमाशों के ठिकानों पर पुलिस की दबिश जारी रही।

गौरतलब है कि मानसरोवर और मुहाना इलाके में वंदे मातरम् व श्रीराम सर्किल रोड पर बदमाशों ने गुंडा गर्दी मचा रखी थी। पिछले दिनों वर्चस्व की लड़ाई में बदमाशो के बीच गैंगवार भी हुई थी।

# महाराणा प्रताप जयन्ती पर होगा राष्ट्रीय कवि सम्मेलन 'शौर्यगान'

**जयपुर**, (कासं)। आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत महाराणा प्रताप की 482 वीं जयन्ती के अवसर पर कला एवं संस्कृति विभाग, राजस्थान साहित्य अकादमी, उदयपुर, राजस्थान संस्कृत अकादमी, जयपुर एवं भारत सेवा संस्थान, जयपुर के संयुक्त तत्त्वावधान में राष्ट्रीय कवि सम्मेलन शौर्यगान का आयोजन जवाहर कला केन्द्र के रंगायन सभागार में 02 जून को किया जावेगा।

कला-संस्कृति विभाग के संयुक्त शासन सचिव पंकज ओझा एवं भारत सेवा संस्थान के सचिव गिरधारी सिंह बापना ने जानकारी देते हुए बताया कि इस राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में महाराणा प्रताप के शौर्य, साहस और पराक्रम को समर्पित रचनाओं का पाठ किया जावेगा। इसमें देश के प्रसिद्ध ओजस्वी कवियों में पण्डित नरेन्द्र मिश्र, चित्तौडगढ़, कर्नल वी.पी.सिंह पुणे, अब्दुल जब्बार, चित्तौडगढ़, रामकिशोर तिवारी, बाराबंकी, राजकुमार बादल, दीपिका माही, अशोक चारण एवं विवेक पारीक सम्मिलित होंगे। संयुक्त शासन सचिव पंकज ओझा ने बताया कि महाराणा प्रताप पर आधारित सजीव चित्रण प्रतियोगिता भी होगी। यह आयोजन राजस्थान ललित कला अकादमी, जयपुर, विनीता आटर्स एवं स्काईहॉकके के संयुक्त तत्वावधान में 2 जून को सायं 4:00 बजे से 6 बजे तक आयोजित किया जावेगा। जहां शहर के युवा अपनी प्रतिभा दिखाएंगे।

# सांगानेर एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 से हवाई सेवा जल्द शुरू हो : बोहरा



**जयपुर सांसद रामचरण बोहरा ने बुधवार को हवाई अड्डा सलाहकार समिति की बैठक ली।**

**जयपुर**, (कासं)। जयपुर सांसद रामचरण बोहरा ने हवाई अड्डा सलाहकार समिति की बैठक में कहा कि जयपुर हवाई अड्डा देश के प्रमुख एयरपोर्टो में गिना जाता है। जहॉ से बेहतर घरेलु और अन्तराष्ट्रीय हवाई सेवा उपलब्ध करवाई जा रही है।

सासंद ने बैठक में कहा कि एयरपोर्ट के टर्मिनल एक (टी-1) को जल्द ही तैयार कर उस पर परिचालन प्रारम्भ किया जावे।

सासंद बोहरा ने बैठक के दौरान एयरपोर्ट और उसके परिसर की स्वच्छता रख जाने और सौन्दर्यीकरण पर जोर दिया साथ ही राजस्थान संस्कृति की चित्रकारी एयरपोर्ट की दिवारी पर कराई जावे ताकि आने वाले यात्रियो को राजस्थान के बारे में जानकारी मिले।

सांसद बोहरा ने जयपुर हवाई अड्डा सलाहकार समिति की बैठक में यात्रियों को गुणवतापूर्ण सुविधाएं देने, अन्य शहरों से कनेक्टिविटी बढ़ाने, ग्रीन टर्मिनल विकसित करने, जयपुर एयरपोर्ट रनवे के नीचे बह रहे नाले को पक्का करने, वीआईपी गेट के बाहर सड़क निर्माण, जयपुर एयरपोर्ट को पब्लिक ट्रांसपोर्ट से जोड़ने के सन्दर्भ में परिचर्चा कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी विष्णु मोहन झा, सीआईएसएफ उप कमाण्डेट सुगनाराम, आपरेटिग अधिकारी प्रदीप कुमार संयुक्त निदेशक एटीसी राकेश कुमार सहित सलाहकार समिति के सदस्य एवं अन्य विभागो के अधिकारी उपस्थित रहे।

# 'दूध में मिलावट की रोकथाम के लिये सजग रहें दुग्ध संघ'

**जयपुर**, (कासं)। राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फैडरेशन की प्रबन्ध संचालक सुषमा अरोड़ा ने राज्यभर में सभी जिला दुग्ध संघों को दूध और दूध से बने उत्पादों में मिलावट की रोकथाम के लिये सजग रहने का आहवान किया है। जिला दुग्ध संघों के प्रबन्ध संचालकों को निर्देश जारी किये गये हैं कि संघ के कार्यक्षेत्र में स्थानीय प्रशासन, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग और चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से समन्वय कर मिलावट की प्रभावी रोकथाम हेतु आवश्यक कदम उठाये जावें। दूध एवं दूध से बने उत्पादों के अधिक से अधिक संख्या में नमूने लिये जावें और उनकी जांच करवाई जावे ताकि मिलावट का पता चल सके और दोषियों के विरुद्व कड़ी कार्रवाई की जावे।

प्रबन्ध संचालक सुषमा अरोड़ा ने चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के सचिव डॉ0 पृथ्वीराज को पत्र भेजकर आग्रह किया है कि खाद्य पदार्थों में मिलावट की प्रभावी रोकथाम के लिये शुद्व के लिये युद्व अभियान वर्षपर्यन्त चलाया जावे। गौरतलब है कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006, नियम एवं विनियम, 2011 के प्रावधानों में आरसीडीएफ एवं इससे सम्बद्ध जिला दुग्ध संघों को अन्य ब्राण्डस अथवा उत्पादनकर्ताओ के दूध एवं दुग्ध उत्पादों के नमूने लिये जाने का अधिकार नहीं है। आरसीडीएफ एवं जिला दुग्ध संघों द्वारा समय-समय पर कलेक्टर, खाद्य विभाग स्वास्थ्य विभाग से मिलावटखोरों पर कार्रवाई का आग्रह करते हैं।



## Pride Month

Pride Month is considered to be an important holiday, one that details the history of the LGBT community finding acceptance in the world, as well as honouring Stonewall Riots of 1968. While it's more widely accepted today than ever before history is able to tell long stories of why this was not the case for a very long time. Pride Month is a time for each individual to be proud of who they are and their uniqueness.



#FOOD-TALK

# What Is the Best Wine for Cooking?

You might know which wine to buy to pour yourself a glass, but when it comes to cooking with wine, the same rules don't apply.



Even if you haven't cooked with wine before, you may have already enjoyed or heard of many dishes that have been prepared with wine. Red wine is a crucial ingredient in many recipes, where it helps to marinate and tenderize meats to fall-apart perfection but also can serve as the base for a final glaze.

### How to Use Wine for Cooking

Wine is primarily used in cooking for its acidity, which not only helps to break down cuts of meat through low-and-slow methods like braising but also retains moisture and finer texture in lighter proteins like fish.

When cooking with wine, the alcohol evaporates leaving shades of its aromatic and flavour compounds behind in the final dish.

In certain dessert applications, like a red-wine poached Apple Tart Tatin, the fruit adopts the brilliant purple stain of the wine and gives the sweetness of the dish a subtle, tangy high note - a much better foil for the spoon of vanilla ice cream you might serve alongside.

### What Does Wine Add to a Recipe?

Wine can add elements of flavour, aroma and moisture to a dish. It can be used to marinate meats or vegetables or incorporate flavour straight from the heat of a pan. Red wine is more tannic and has bolder flavours than white wine which can add a light and crisp acidity.

Different varietals of wine bring their own flavour profiles and qualities to specific types of dishes. Stick to the type of wine (red, white or a fortified wine like sherry) that the recipe calls for, but feel free to experiment between different grapes and see what you like best.

### How to Choose a Cooking Wine

Choosing a wine to cook with is less complicated than it sounds. Generally, you should cook with a wine that you would drink yourself. You can cook with a bottle of wine open for a few days or even a generic bottle from the corner store. If you're planning on drinking the same wine with the meal, spend a little more time finding something that you'd enjoy on its own. You're rarely using more than a good splash of wine in cooking but maybe save that top-shelf, limited-release vintage for another night. Most of what makes that fancy wine great (the complex aromas, the maturity) will be lost through the cooking process anyway.

If you have the option, try to buy a dry wine over a sweet one, as the residual sugars in the sweet wine will impart unwanted sweetness to the dish. Second to that, the varietal of wine you purchase matters most.

### Cooking Wine and Regular Wine

Calling something a 'cooking wine' often just refers to a regular table wine well-suited for both drinking and cooking. However, you might also see bottles that go by the same name, often shelved among the vinegar and seasonings in some grocery stores. Think of that as cooking 'wine': It does contain alcohol, but these wines also contain salt and sometimes sugar and other spices, in order to make them both shelf-stable and more flavourful.

### White Wine For Cooking

There three common white wine varietals, but as with anything in cooking if you don't have it, improvise as best as you can. Varietals with higher residual sugar, like Riesling or Gewürztraminer aren't great to cook with because the sugar might caramelize or might make a savoury dish too sweet. Wines with a similarly dry character to the below stated tips like Albarino or Chenin Blanc works great.

- Pinot Grigio is a common white wine used for cooking; thanks to its dry, crisp and uncomplicated nature. It complements the more delicate character of most seafood dishes by brightening a seasoned broth for steamed mussels or adding a nudge of dimension to shrimp and linguine showered in fresh herbs.
- Sauvignon Blanc is a crisp white wine that can add citrusy and herbaceous elements to a dish. The acidic, juicy character of Sauvignon Blanc is a perfect pairing for the dense creaminess, including it in the cooking process lays a very fine echo of that pairing into the dish itself. Learn more about Sauvignon Blanc here.
- Chardonnay is classically buttery, rich and full-bodied wine which works well in preparing a creamy chicken dish or a pasta sauce. Avoid a chardonnay that's oaky too because it will likely turn bitter throughout the cooking process; the unoaked chardonnay gets the job done nicely.



We children received Kaka's attention once a month when he gave us our haircuts. We sat with bowed head as he went clip-clip, admonishing us now and then to sit still and not fidget. When he had finished cutting, he would wet the hairline at the sides and back, and shape it with a cut-throat razor which he would flick open, sharpen and rub on his palm with great deliberation. The anticipation of the cold water followed by the sharp shave with the fearsome razor would send a shiver down my spine and give me goose pimples. There were no nail cutters then, so Nevgi Kaka would pare our nails with a peculiar, sleek and long steel instrument, the cutting edge of which he would sharpen before use. His movements were deft and rhythmic.

# How They Ruled Us!

#THOSE DAYS



Dr. Shri Gopal Kabra
*Veteran Doctor & Voracious writer on medical affairs*



In the joint families of rural Rajasthan, a particular pair of domestic helps played a vital role and enjoyed an elevated status. They were the haveli barber and his wife, known as Nevgi Kaka (barber uncle) and Nayan Kaki (barber's wife) respectively. All helps, domestic or otherwise, were traditionally addressed according to their hierarchy, and therefore as uncle/aunty or brother/sister. While Nevgi Kaka ministered to the males (mardana), Nayan Kaki cared for the females (zanana). Besides, in the daily chores of the haveli inmates, they played specific and unique roles in rituals associated with birth, marriage and death in the family. Figuratively speaking, they ruled the roost in their respective domains.

Every morning, Nevgi Kaka would be found in the outer mardana court shaving, paring nails, giving a haircut, performing a champi (head massage) or whole body massage and arranging baths for the men folk. A typical morning in the haveli would see the men leisurely sitting in the open on cots, brushing their teeth with a neem or babul datun (brush) and waiting for their turn to be pampered by Nevgi Kaka. Traditionally, males bathed in the open seated on a wooden takth (table). A bucket of water and a tumbler was made available and Kaka would bring the bather a fresh set of clothes.

### Significant Caregiver

We children received Kaka's attention once a month when he gave us our haircuts. We sat with bowed head as he went clip-clip, admonishing us now and then to sit still and not fidget. When he had finished cutting, he would wet the hairline at the sides and back and shape it with a cut-throat razor which he would flick open, sharpen and rub on his palm with great deliberation. The anticipation of the cold water followed by the sharp shave with the fearsome razor would send a shiver down my spine and give me goose pimples. There were no nail cutters then, so Nevgi Kaka would pare our nails with a peculiar, sleek and long steel instrument, the cutting edge of which he would sharpen before use. His movements were deft and rhythmic. So skilled was he that I don't think he ever injured anyone.

Besides these daily chores, it is he who would prepare the arthi (bier) using bamboo sticks and moonj cord, ignite a dung cake, place it in a brass pot and walk with it in front of the pall bearers to the cremation ground. The pyre was lighted with the fire brought from home. The ritual is still followed among Hindus. He would tonsure the sons and grandsons of the deceased before they participated in the funeral. At the end of the cremation, he would arrange for a bath for all family members, following which only could they return home. Later, Kaka would attend on all those who came to mourn.

Nevgi Kaka had a special role to play in marriages also. He would dress the bridegroom, help him mount the mare and accompany him in the bridegroom's procession. When the procession reached the bride's residence, he was accorded virtually the same status as that of the groom's mama (maternal uncle).



> Since he was considered a very intimate member of the groom's family, he had to be kept in good humour lest he return with a poor opinion of the bride's family. Family barbers and their spouses were known to trade gossip with their counterparts in other havelis in the village – or even beyond – and thus collectively constituted an institution feared for its notoriety as a channel of potentially damaging information.

Like him, he would be seated with deference, a tilak would be applied on his forehead and he would be offered a bidai gift. Since he was considered a very intimate member of the groom's family, he had to be kept in good humour lest he return with a poor opinion of the bride's family. Family barbers and their spouses were known to trade gossip with their counterparts in other havelis in the village – or even beyond - and thus collectively constituted an institution feared for its notoriety as a channel of potentially damaging information.

### Constant Confidant

Nevgi Kaka was the intermediary between the family and the rest of the village folk and thus an important contact person. He possessed a detailed knowledge of all the families in the village. He would go to invite them for most functions held in the haveli; be it the jeeman or jyonhar (marriage feast) or mauser (death feast). Nevgi Kaka and Nayan Kaki virtually operated a messenger service in the village.

His wife's domain was the zanana (ladies) interior of the haveli. Nevgi Kaki would help ladies perform their daily chores which included sweeping the house and grinding grain (chakki peesana). The haveli women folk generally took their bath in their bedrooms for which there was a provision. Kaki would arrange the bath, following that she would comb and oil the ladies' hair and pleat it. Kaki would sit on a low stool while the lady being groomed sat on the ground between her knees.



During these sessions, she would chatter constantly and update the ladies on whatever was happening outside the four walls of the haveli. She would carry out their errands, whether open or secret. She would accompany them whenever they stepped out of the haveli. She was grandmother's errand girl; mother's help; sister-in-laws confidante and secret agent; and unmarried girls' intimate friend. She was also a great source of entertainment and a story-teller par excellence.

Childbirth was a constant feature in the joint family. Married daughters would traditionally return to the haveli for their first confinement. A week or so after a woman delivered, an elaborate ritual called nahan would be held. Nayan Kaki would give the mother and her newborn child a ritual bath, dress them and take the mother out for kua pujan (ceremony at the water well) in a small procession of singing ladies. It was only after this that the new mother could move to her room and resume her normal routine; Punditji (religious man) would later come to prepare the janamkundli (horoscope) and suggest a name for the newborn in consonance with the kundli.

Nayan Kaki played a very important role in the marriage of a girl. She would give her facials to make her face glow, apply a paste of milk and haldi (turmeric) to her body to make it soft, give her a head bath with aritha (soap nut) to make the hair soft and supple and manicure her. What was more important in the course of these intimate rituals was the light-hearted talk she indulged into, telling the bride-to-be about the experience of other brides-to-be, counselling her on her life to come, what she should expect and how she should cope. It is no wonder the girls remembered their Nayan Kaki more fondly than her most intimate saheli (friend). Nowadays, of course, we engage women from a beauty parlour to pamper the bride but their role would literally be cosmetic and nothing more. Most certainly, in the tendering of worldly wisdom they would be no match for Nayan Kaki.



> What was more important in the course of these intimate rituals was the light-hearted talk she indulged into, telling the bride-to-be about the experience of other brides-to-be, counselling her on her life to come, what she should expect and how she should cope. It is no wonder the girls remembered their Nayan Kaki more fondly than her most intimate saheli (friend).

### Influential Orator

More than all the above, even at the age of 84, I remember Nayan Kaki for the vivid tales of Bhoot, Bhootni (ghost of a dead person), Dayan (witch), Dakan (ghoul) Chudel (variant of a witch) and Kacha Kalwa (goblin) that she narrated while attending on the ladies. Bhoot or Bhootni were evil invisible spirits that lurked in solitary places. They were departed souls that did not get moksha (salvation) because their children did not properly perform their last rites. These evil souls would enter the body of a lady when she unsuspectingly visited the place where the bhoot or bhootni resided. Through the lady so possessed, the evil spirit would ask to be appeased.

Nayan Kaki would relate stories of various ladies in the village possessed in a variety of ghoulish ways. A dayan, for example, was a lady who possessed magical powers to cast a spell or possess a person whom she then used for personal pleasure and discarded. A dakan was born with a morbid desire to harm people, drink their blood or even kill and devour them. A chudel, according to Kaki, was an evil spirit that would appear in the form of a beautiful lady. She would plead with a camel rider to give her a lift. She would sit behind the rider talking softly to him. Her legs would keep on lengthening till her feet touched the ground, whereupon she would effectively brake the camel's progress. When the surprised rider turned around to check on his passenger, she would bare her fangs and then suck his blood.



Kaki would say that if only the man had looked at the feet of the beautiful lady, he would have recognized her as a dayan because a dayan's feet points backward. A relatively benign ghoul that Kaki used to tell us about was kacha kalwa. This was the spirit of a child who had not been properly buried (a child is not cremated). A kacha kalwa would reside in a banyan or peepal tree, and by its shrill cry, frighten any person who happened to pass by at night. It would need the arrival of a saintly person to deliver the possessed individual from his rakshas yoni (demonic state).

One can imagine the influence the narrator had on the receptive listeners. Much worse was the effect it had on us children who were intently eavesdropping. Even now I shiver when I recollect them.

writetoarbit@rashtradoot.com





#COVID-19

# Even Vaccinated People Can Get Long Covid

Vaccinations reduce the risk of hospitalization and dying from COVID-19. But vaccines seem to only provide modest protection against long COVID.



Even vaccinated people with mild breakthrough COVID-19 infections can experience long COVID with debilitating, lingering symptoms that affect the heart, brain, lungs and other parts of the body, new research shows.

The study of more than 13 million veterans also found that vaccination against the virus that causes COVID-19 reduces the risk of death by 34% and the risk of getting long COVID by 15%, compared with unvaccinated patients infected with the virus.

However, vaccines were shown to be most effective in preventing some of the most worrisome manifestations of long COVID-lung and blood-clotting disorders-which declined about 49% and 56%, respectively among the vaccinated people.



"Vaccinations remain critically important in the fight against COVID-19," says Ziyad Al-Aly, a clinical epidemiologist at Washington University in St Louis and first author of the paper in Nature Medicine.

"Vaccinations reduce the risk of hospitalization and dying from COVID-19. But vaccines seem to only provide modest protection against long COVID. People recovering from breakthrough COVID-19 infection should continue to monitor their health and see a health care provider if lingering symptoms make it difficult to carry out daily activities."

The researchers classified patients as fully vaccinated if they had received two doses of the Moderna or Pfizer-BioNTech vaccines or one dose of the Johnson & Johnson/Janssen vaccine. At the time the research took place, the database used for this study did not include information about whether patients received boosters.

### What Else Would Help?

"Now that we understand that COVID-19 can have lingering health consequences even among the vaccinated, we need to move toward developing mitigation strategies that can be implemented for the longer term since it does not appear that COVID-19 is going away any time soon," says Al-Aly, who is also the chief of research and development at the VA St Louis Health Care System.

"We need to urgently develop and deploy additional layers of protection that could be sustainably implemented to reduce the risk of long COVID."

Such protective layers could include nasal vaccines that are more convenient or potent than the current shots or other types of vaccines or drugs aimed at minimizing the risks of long COVID.

"Getting COVID-19, even among vaccinated people, seems almost unavoidable nowadays," says Al-Aly, noting that 8 to 12% of vaccinated people with breakthrough infections may develop long COVID.

"Our current approach will likely leave a large number of people with chronic and potentially disabling conditions that have no treatments. This will not only affect people's health, but their ability to work, life expectancy, economic productivity and societal well-being. We need to have a candid national conversation about the consequences of our current approach."

Since the pandemic started, more than 524 million people globally have been infected with the virus; of those, more than 6 million have died-including more than 1 million in the United States alone.

"Let's say SARS-CoV-2 is here for 10 years," Al-Aly continues. "People are sick and tired of masking and social distancing, and it's simply not sustainable to ask that they continue to do so. We need to come up with additional layers of protection that allow us to resume normal life while co-existing with the virus. Current vaccines are only part of the solution."

### Long Covid Data

For the study, researchers analysed the de-identified medical records of more than 13 million veterans. The records are in a database the US Department of Veterans Affairs, the nation's largest integrated health-care delivery system, maintains.

The researchers examined data of 113,474 unvaccinated COVID-19 patients and 33,940 vaccinated patients who had experienced COVID-19 breakthrough infections, all from January 1 through October 31, 2021. The patients with COVID-19 were mostly older, white men; however, the researchers also analysed data that included more than 1.3 million women and adults of all ages and races.

**Among the study's other findings:-**

- In addition to complications involving the heart, brain, and lungs, other symptoms associated with long COVID included disorders involving the kidneys, blood clotting, mental health, metabolism, the gastrointestinal and musculoskeletal systems.
- Long COVID risks were 17% higher among vaccinated immune compromised people with breakthrough infections compared with previously healthy, vaccinated people who experienced breakthrough infections.
- An analysis of 3,667 vaccinated patients who were hospitalized with breakthrough COVID-19 infections showed that they experienced 2.5 times the risk of death than people who were hospitalized with influenza. They also had a 27% higher risk of long COVID in the first 30 days after diagnosis compared with 14,337 people who were hospitalized with seasonal influenza.
- The datasets also compared long-term health outcomes with a pre-pandemic control group of more than 5.75 million people (meaning they had never had COVID-19 because it hadn't yet existed). Across the board, people who had breakthrough COVID-19 faced significantly higher risks of death and illnesses such as heart and lung diseases, neurological conditions and kidney failure.

"The constellation of findings shows that the burden of death and disease experienced by people with breakthrough COVID-19 infections is not trivial," Al-Aly says.



## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# दीपेश कुमारी के स्वागत भरतपुर में लोगों ने पलक पावड़े बिछाए

## यूपीएससी के परिणाम में दीपेश कुमारी ने 93वीं रेंक हासिल की



आईएएस में चयनित कलेक्टर दीपेश ( बाएं ) को भरतपुर कलेक्टर आलोक रंजन ( दाएं ) ने घर पहुंचकर पुष्पगुच्छ भेंट किया।

**भरतपुर,** (निसं)। यूपीएससी के परिणाम में भरतपुर की बेटी दीपेश कुमारी ने 93 वीं रेंक हासिल कर आईएएस में चयनित हुई है।

आईएएस में चयन पर भरतपुर की बेटी दीपेश कुमारी ने भरतपुर जिले का नाम रोशन किया है। आईएएस में चयन होने के बाद बुधवार को भरतपुर पहुंचने पर आईएएस में चयनित दीपेश कुमारी के स्वागत सम्मान शहर के लोगों ने पलक पावडे बिछा दिए। सूचना मिलने पर बुधवार शाम को भरतपुर जिला कलक्टर आलोक रंजन भी इस बेटी दीपेश कुमारी अग्रवाल को आईएएस में चयनित होने पर बधाई देने के लिए उनके घर पहुंचे। बेटी का चयन होने पर दीपेश कुमारी मां ऊषा देवी के खुशी के मारे आंसू नही रूक रहें थे और इस खुशी में काफी देर तक मां के आंसू बहते रहे।

शाम को भी घर पर बधाई देने वाले और स्वागत सम्मान करने वालों की भीड़ उमड पड़ी। बाबा सुग्रीव विद्यापीठ स्कूल में 12 वीं कक्षा में पढ ाई कर चुकी दीपश कुमारी के आईएएस में चयन होने के बाद बाबा सुग्रीव स्कूल की निदेशक रंजना तिवारी, रवि शर्मा सहित अन्य स्टाफ के लोगों ने दीपेश को साफा बांधकर, माला पहनाकर, मिठाई खिलाकर स्वागत सत्कार किया।

बेटी के अफसर बनने की खुशी में दीपेष के पिताजी गोविंद का कहना है कि उनकी आंखों में शुरू से ही सपना था कि उनके बेटे-बेटी पढ़ -लिखकर नाम रोशन करें। यूपीएससी के परिणाम के बाद आंखों में पल रहा सपना साकार हो उठा। शहर में अटलबंद स्थित कंकड़ वाली कुईया पर रहने वाले गोविंद की बेटी दीपेश कुमारी ने 93वीं रैंक हासिल की है। दीपेश कुमारी के परिवार की आर्थिक हालात अच्छे नही होने के बाद भी उच्च स्तर की पढ ाई कर उसने यह मुकाम हासिल किया है।

आज दीपेश कुमारी के भरतपुर आगमन पर रेलवे स्टेषन सहित विभिन्न जगहों पर लोगों ने जोरदार स्वागत किया वही अपने घर पर पहुंचने पर पड़ोसियों और परिजनों ने आरती उतारकर, मिठाई खिलाकर और माल्यार्पण से स्वागत किया।

गोविंद की दूसरी बेटी ममतेश कुमारी अग्रवाल दिल्ली के सफदरगंज अस्पताल में चिकित्सक हैं, जबकि पुत्र नंद किशोर 12वीं उत्तीर्ण, सुमित अग्रवाल महाराष्ट्र में एमबीबीएस प्रथम वर्ष और सबसे छोटा पुत्र अमित अग्रवाल गुहाटी में एमबीबीएस द्वितीय वर्ष में अध्ययनरत है। दीपेश की मां गृहिणी हैं।

दीपेश कुमारी सभी भाई-बहनों में बड़ी हैं। आईएएस की तैयारी के लिए दिल्ली गई और दूसरे प्रयास में उन्होंने मुकाम हासिल किया। दीपेश ने 10वीं तक की पढ़ ाई पास के ही शिशु आदर्श विद्या मंदिर से 98 प्रतिशत अंकों के साथ । इसके बाद बाबा सुग्रीव स्कूल से 12वीं में 89 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इसके बाद जोधपुर के एमबीएम से सिविल इंजीनियरिंग और फिर आईआईटी मुंबई से एम-टेक की डिग्री प्राप्त की।

# दो हजार रुपये का इनामी शातिर बदमाश गिरफ्तार

## आरोपी को कोर्ट में तफ्तीश के बाद जेल भेजा



सीसीटीवी फुटेज के आधार पर ट्रक यूनियन गंगापुरसिटी से दस्तयाब किया।

**करौली,** (निसं.)। कोतवाली थाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुए 2 हजार रुपये के इनामी शातिर नकब्जन मुफीद उर्फ झाबरा को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त कर ली है।

कोतवाली थाना अधिकारी दिनेश चंद्र ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे धरपकड अभियान के तहत कार्यवाही करते हुए पुलिस ने एक इनामी शातिर नकब्जन जन को गिरफ्तार कर लिया है उन्होंने बताया कि गत 21 सितंबर 2021 को सोहनलाल पुत्र हरगोविंद माली निवासी परशुराम खिडकिया करौली ने कोतवाली थाने पर रिपोर्ट पेश करते हुए बताया कि मेरे मकान परशुराम खिड़किया के पास स्थित है। और मेरी 21 सितंबर की रात्रि को मेरे मकान से चोरी हो गई। जिसमें हमारे दो बक्से जिनमे सोने चांदी के आभूषण जिनकी कीमत 10 से 12 लाख रुपए राशि के थे वह चोरी हो गए हैं ।

पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच थाने के सब उपनिरीक्षक ब्रजराज शर्मा को सौंपी। घटना के दौरान पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर मौका नक्शा तैयार किया एवं घटनास्थल की फोटोग्राफी कराई गई । लोगों के बयान और गवाहों के आधार पर पत्रावली तैयार की गई। उन्होंने बताया कि घटना की सत्यता को देखते हुए पड़ोसियों से गोपनीय एवं स्वतंत्र रूप से जानकारी की गई । अभय कमांड करौली से सीसीटीवी फुटेज देखे गए। संदिग्ध आरोपी की सीडीआर बीटीएस प्राप्त कर विश्लेषण किया गया। सीडीआर में संदिग्ध धर्मेंद्र उर्फ धर्मू पुत्र बृजलाल माली निवासी परशुराम खिड़कियां करौली, तुलसी पुत्र राधेश्याम माली निवासी माली मोहल्ला ट्रक यूनियन गंगापुर सिटी को दस्तयाब कर तफ्तीश की गई ।

उन्होंने बताया कि आरोपी धर्मेंद्र उर्फ धर्मू एवं तुलसीराम माली, मुफीद उर्फ झाबरा पुत्र बशीर मुसलमान निवासी मदीना मस्जिद के पास चूली गेट गंगापुर सिटी, मदन लाल उर्फ मदन कडवा पुत्र जगमाल नायक निवासी मानसर थाना क्षत्रगढ़ जिला बीकानेर के विरुद्ध अपराध जुर्म प्रमाणित पाए जाने पर धर्मेंद्र माली, तुलसीराम माली को गत 28 सितंबर को गिरफ्तार कर चोरी हुए दो बक्सों में घरेलू सामान कुडगांव कस्बे के पास कुॅआ से तथा गंगापुर के पास बाढ़ कला स्थित एक कुएं से बरामद किया गया। आरोपी को तफ्तीश के लिए न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया। मुकदमे में वांछित शेष आरोपी मदनलाल उर्फ मदन कडवा एवं मुफीद उर्फ झाबरा पुत्र बशीर मुसलमान निवासी गंगापुर सिटी की तलाश जारी थी।

उन्होंने बताया कि मुकदमे के वांछित आरोपी मुफीद उर्फ झाबरा की विभिन्न स्थानों पर टीमें गठित कर तलाश की गई। बुधवार को आरोपी मुफीद की तलाश हेतु टीम में शामिल सब उपनिरीक्षक राजवीर, हैड कांस्टेबल नटवर सिंह,कांस्टेबल रघुवीर सिंह, सुग्रीव सिंह को रवाना किया गया टीम द्वारा उक्त आरोपी की गंगापुर सिटी,वजीरपुर,लालसोट में तलाश के दौरान मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने रामगढ़ पंचवारा पुलिस का सहयोग लेते हुए आरोपी मुफीद को गिरफ्तार कर करौली कोतवाली लाया गया जिससे पूछताछ की जा रही है।

# जर्मन कम्पनी में सेवा दे चुके पंकज ने पास की यूपीएससी परीक्षा

**कोटा,** (निसं)। गुर्जर समाज के युवा अब शिक्षा के क्षेत्र में भी आगे बढ़ ने लगे है। ग्रामीण परिवेश से बाहर निकलकर स्व. कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला के बताए मार्ग पर अपने जीवन की रूपरेखा तेयार कर रहे है। कोटा शहर के पंकज गुर्जर पुत्र बालचंद गुर्जर जो कि ग्रामीण परिवेश से है। इनके पिता भारतीय सेना से कैप्टन के पद से सेवानिवृत है और माता गृहिणी है।

पंकज का एक भाई है वह भी भारतीय नौसेना अपनी सेवाएं दे रहा है और देश की सेवा कर रहा है। पंकज भी खुद सेना में जाना चाहता है। लेकिन किसी कारणवश वह सेना में नहीं जा सका। पंकज ने आईआईटी धनबाद से पेट्रोलियम ब्रांच से करके बी.टेक किया हुआ है। इसके उपरान्त दो वर्ष तक जर्मन पेट्रोलियम कम्पनी में अपनी सेवाएं दे चुके है। लेकिन पंकज के मन में तो कुछ नया करने की ललक थी। पंकज यूपीएससी परीक्षा में प्रथम प्रयास में मात्र 6 अंक से रहे गए लेकिन उन्होंने हार नही मानी और दिन-रात एक करके हाड़ौती से पहली बार कोई गुर्जर युवा द्वारा यूपीएससी की परीक्षा पास की और 423वीं रेंक प्राप्त की। पंकज का कहना है कि वह अपने पद पर रहते हुए अपने पिता और भाई की तरह देश की सेवा करना चाहते हैं और स्व. कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला के सपनो को पूरा करना चाहते हैं।

# मैडीकल कॉलेज में देहदान

**बीकानेर,** (कासं)। सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज के शरीर रचना विभाग एनाटॉमी में बुधवार को वीरेंद्र प्रसाद रस्तोगी की देह का मरणोपरांत उनके पुत्र विकास रस्तोगी ने देहदान किया । इस इस अवसर पर प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक डॉ मोहम्मद सलीम ने देहदान हेतु विकास रस्तोगी का धन्यवाद किया। विभागाध्यक्ष डॉ राकेश मणि ने देहदान को अमूल्य दान बताया और कहा कि चिकित्सक बनने के लिए देहदान बहुत उपयोगी साबित होगा। प्रधानाचार्य डॉ मोहम्मद सलीम विभागाध्यक्ष डॉ राकेश मणि डॉ बीण् के गुप्ता एवं विकास रस्तोगी ने स्वण् वीरेन्द्र प्रसाद के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित श्रद्धाजंलि दी। इस अवसर पर डॉ रेखा गहलोत डॉ गीता डॉ कालूराम मीणा आदि उपस्थित रहे।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो मजदूरों की दर्दनाक मौत

**बीदासर,** (निसं)। सीकर नौखा स्टेट हाईवे स्थित पंचायत समिति के पास बुधवार की सुबह सवा ग्यारह बजे ट्रक की टक्कर से हादसे मे बाईक पर सवार दो मजदूरों की दर्दनाक मृत्यु हो गई । प्राप्त जानकारी के अनुसार बीदासर कस्बे वार्ड नं0 13 के निवासी नथमल व वार्ड नं0 17 के महावीर बाईक पर गाँव सडू से मजदूरी करके बीदासर लौट रहे थे कि बीदासर से साण्डवा की तरफ जा रहे ट्रक ने बाईक के टक्कर मारी जिससे बाईक पर सवार दोनो व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गये।

दुर्घटना का पता चलते ही पंचायत समिति व जोधपुर डिस्कॉम के कर्मचारी दौड़ कर घटना स्थल पर आये तथा दोनो घायलों को एम्बुलेंस से राजकीय सीएचसी पहुंचाया। जहां चिकित्सको ने दोनों युवको को मृत घोषित कर दिया। ट्रक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक चकनाचूर हो गई। घटना स्थल पर लोगो की भीड़ जमा हो गई। वाहन चालक वाहन को घटना स्थल पर छोड़कर फरार हो गया। दुर्घटना की खबर मिली तो सीएचसी मे पालिका उपाध्यक्ष मेराज उल हसन छीपा, पूर्व पालिका उपाध्यक्ष जवांहर सिंह राठौड़, नगर काठोस अध्यक्ष जेठाराम यादव, पूर्व पार्षद धर्मचंद लोहिया सहित अनेक जनप्रतिनिधि, वार्ड व वाल्मिकी समाज के सैकड़ो लोग सीएचसी पहुचे तथा घटना की जानकारी ली।

# सोमपुरा दम्पति अब गुजरात में देंगे बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का संदेश



सोमपुरा दम्पति अब वाहन के साथ गुजरात में संदेश देने की तैयारी में।

- **गुजरात के सभी 33 जिलों में 54 दिनों तक करेंगे जनजागृति यात्रा**
- **3 जून को डूंगरपुर से होंगे रवाना, अंबाजी शक्तिपीठ से करेंगे यात्रा की शुरूआत**

**डूंगरपुर,** (निसं)। आजादी के अमृत महोत्सव में भागीदारी निभाने के लिए डूंगरपुर के समाजसेवी सोमपुरा दम्पति अनूठी यात्रा पर जा रहे है। भारतीय दम्पति के रूप में पहचान रखने वाले शहर के ब्रिजेश कुमार सोमपुरा और नीता सोमपुरा राजस्थान के सभी 200 विधानसभा क्षेत्रों में बेटी बचाओ, बेटी पढ ाओ अभियान की अलख जगाने के बाद अब गुजरात यात्रा पर निकलने वाले है। 54 दिनों की इस जनजागृति यात्रा के दौरान वे गुजरात के सभी 33 जिलों में जाकर कन्या भ्रुण हत्या और लिंग भेद के खिलाफ जागरूकता फैलाएंगे। इसके लिए इन्होंने अपनी वैन को जागरूकता रथ की तरह तैयार करवाया है।

दम्पति ने राजस्थान यात्रा के दौरान धन की कमी आने पर खुद का प्लॉट बेचकर अपना मिशन पूरा किया था। तब उनकी दो साल की बेटी भी उनके साथ थी। अब गुजरात यात्रा में दम्पति अपनी नौ साल की बेटी किम और पांच साल के बेटे अर्श को भी साथ लेकर जायेंगे। वर्तमान में ब्रिजेश नगर परिषद डूंगरपुर के वार्ड 8 से पार्षद है और नीता स्वयंसेवी संस्था हृदय संस्थान की सचिव है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बेटी बचाओ, बेटी पढ ाओ संदेश को जन-जन तक पहुंचाने में जुटे इस दम्पति ने बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य बेटी बचाओए बेटी पढ ाओ अभियान के प्रति अधिक से अधिक जागरूकता और जनभागीदारी बढ ाना है। सरकार के प्रयासों से लिंगानुपात में सुधार हुआ हैए बेटियों को पढ ने और आगे बढ ने के अवसर मिल रहे है। मगर इस दिशा में अभी ओर काम करने की जरूरत है, इसके लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा।

**54 दिनों की यात्रा:-** दम्पति 3 जून को डूंगरपुर से रवाना होकर गुजरात सीमा में प्रवेश करेंगे। 4 जून को शक्तिपीठ अंबाजी मन्दिर में दर्शन करने के बाद अपनी यात्रा की शुरूआत करेंगे। इनकी 54 दिनों तक चलने वाली बेटी बचाओ, बेटी पढ ाओ जनजागृति यात्रा साबरकांठा जिले से शुरू होकर अंतिम में 26 जुलाई को बनासकांठा जिले में पूर्ण होगी। इस दौरान वे गुजरात के सभी 33 जिलों में जायेंगे।

**राजस्थान में जगा चुके अभियान की अलख:-**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बेटी बचाओए बेटी पढाओ संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए दम्पति ने अपनी दो साल की बेटी को साथ लेकर 17 सितम्बर 2015 को त्रिपुरा सुन्दरी मन्दिर बांसवाडा से राजस्थान यात्रा की शुरूआत की थी। एक वैन से प्रदेश के सभी 33 जिलों के 200 विधानसभा क्षेत्रों की यात्रा करने के दौरान धन की कमी आई तो दम्पति ने अपना घर बनाने के लिए जो प्लॉट लिया था, उसे ही बेच दिया और अपने इस मिशन को पूरा किया। पूरे 8 माह के बाद 17 मई 2०16 को इनकी यह यात्रा पूरी हुई। इस दौरान इन्होंने प्रदेश की 22 हजार किमी दूरी तय की थी।

# माइनिंग इलाके में पैंथर की दस्तक से दहशत में ग्रामीण

**भीलवाड़ा,** (निस)। जिले के करेड़ा थाना क्षेत्र की गोवर्धनपुरा पंचायत के माइनिंग इलाके में विगत कई माह से पैंथर की मूवमेंट ग्रामीण की दहशत का कारण बनी हुई है, ग्रामीण इतने डरे हुये हैं कि वे खेतों पर जाने की हिम्मत भी नहीं जुटा पा रहे हैं। इस संबंध में वन विभाग को सूचना भी दी गई, लेकिन वन विभाग की टीम इस पैंथर को पकड़ नहीं पाई।

जानकारी के अनुसार, करेड़ा की गोवर्धनपुरा ठााम पंचायत क्षेत्र के माइनिंग क्षेत्र में पैंथर कई महिनों से लगातार दस्तक दे रहा है। पैंथर के मूवमेंट के चलते इस क्षेत्र के लोग खेतों में जाने से भी डर रहे हैं। उन्हें हर वक्त पैंथर के हमले की आशंका सता रही है। ग्रामीणों की माने तो यह पैंथर कई जानवरों को शिकार बना चुका है। उनका कहना है कि इस पैंथर को पकडऩे की वे वन विभाग से गुहार लगा चुके हैं, लेकिन वन विभाग की टीम अब तक पैंथर को नहीं पकड़ पाई, जिसके कारण क्षेत्र में दहशत बढ़ ती जा रही है।

# मांगों को लेकर नरेगा संविदा कार्मिकों का धरना जारी

- **मनरेगा कार्मिक संघ के आव्हान पर जारी रहा कलमबंद आंदोलन**

**रतनगढ़,** (निसं)। राजस्थान महानरेगा संविदा कार्मिक संघ के आव्हान पर पंचायती राज एलडीसी भर्ती 2013 को पुनः प्रारंभ करवाने और नरेगा संविदा कार्मिकों को स्थाई करने की मांग को लेकर कलमबंद आंदोलन के चलते पंचायत समिति रतनगढ़ के नरेगा संविदा कार्मिक बुधवार को भी पंचायत समिति परिसर में धरने पर रहे। गत अठाईस दिनों से संविदा कार्मिक अपने स्थाईकरण की मांग को लेकर आंदोलनरत है।

आन्दोलन के चलते पंचायत समिति रतनगढ़ की नरेगा श्रमिकों के नियोजन पर गहरा प्रभाव पड़ा है, नरेगा संघ के तहसील अध्यक्ष प्रभुसिंह राठोड़ ने बताया कि, आन्दोलन शुरू होने के वक्त पंचायत समिति परिक्षेत्र की उनचालिस ग्राम पंचायतों में लगभग दस से बारह हजार श्रमिक नियोजित थे। वहीं बुधवार की ऑनलाइन रिपोर्ट के अनुसार पांच हजार नौ सौ श्रमिक ही काम पर नियोजित हैं, जबकि जबसे नरेगा योजना लागू हुई है तब से मई के महीने में सर्वाधिक श्रमिक नियोजित होते रहे हैं। राठोड़ ने ये भी बताया कि, पूरे प्रदेश में बुधवार की रिपोर्ट के अनुसार दस लाख श्रमिक कम नियोजित हुए हैं फिर भी सरकार अपनी हठधर्मिता पर अदि हुई है।

नरेगा संविदाकर्मीयों का पिछले अठाईस दिनों से राज्यव्यापी आन्दोलन चल रहा है और इसी क्रम में पंचायत समिति रतनगढ़ में पदस्थापित संविदा कार्मिक भी आंदोलनरत हैं। संविदाकर्मी समायोजन एवं नियमितीकरण की मांग को लेकर कलमबंद आन्दोलन पर हैं. बुधवार को पंचायत समिति में धरनास्थल पर ठााम रोजगार सहायक लक्ष्मीनारायण, मनफूलराम जाट, गजेन्द्रसिंह, जेटीए विकास दाधीच, मुकेश दर्जी, नंदन सिंह, दिलीप गुर्जर, डाटा एंट्री ऑपरेटर पुरुषोत्तम भार्गव, मनोज चारण सहित अन्य कार्मिक उपस्थित रहे।

# रतन सोनी हत्याकांड मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

- **पुलिस ने 24 घण्टे में किया मामले का खुलासा**

**चित्तौड़गढ़,** (निसं)। रतन सोनी हत्याकांड मामले का पुलिस ने 24 घण्टे में खुलासा करते हुए चार आरोपी को गिरफ्तार किया है।

चित्तौड़ एसपी प्रीति जैन ने बताया कि 31 मई को रात्रि में सुचना मिली कि पन्नाधाय बस स्टेण्ड के पास एक व्यक्ति के साथ कुछ लोगों ने हथियारों से लैस होकर मारपीट की है जिससे वह व्यक्ति गम्भीर घायल हो गया है उस व्यक्ति को सांवरिया चिकित्सायल चित्तौड़गढ़ ले जाया गया है। गंभीर घायल व्यक्ति की पहचान रतन लाल सोनी के रूप में हुई घायल रतनलाल सोनी की हालत गम्भीर होने से उदयपुर रेफर किया गया। उदयपुर ले जाते समय रास्ते में ही रतनलाल सोनी की मृत्यु होने उसके परिजनो द्वारा मृतक रतनलाल की लाश को पुनः सांवरिया सामान्य चिकित्सालय चित्तौडगढ लाया गया। जहां मृतक की लाश को सांवरिया चित्तौड़गढ़ मोर्चरी में रखवाया गया।

उक्त घटना के सम्बन्ध में मृतक रतन लाल सोनी के पिता जगदीश चन्द्र पिता कैलाश चन्द्र सोनी निवासी गांधीनगर चित्तौडगढ ने थाना कोतवाली चित्तौडगढ़ ने लिखित रिपोर्ट इस आशय की पेश की कि मेरा पुत्र रतन उर्फ राकेश सोनी गांधीनगर स्थित मेरे घर से दिनांक मंगलवार को रात्रि करीब 8:30 बजे एक्टिवा लेकर बाजार पान खाने के लिये बोलकर गया था। कुछ देर बाद मुझे सुचना मिली कि रतन के साथ मारपीट हुई है, आप तुरन्त हॉस्पीटल आ जाओ। मैं घर से सावरिया हॉस्पीटल पहुंचा, वहा जाने पर मेरे लड़के की हालात गम्भीर होकर वह खुन से उसकी हालत गम्भीर होने हम उसे उदयपुर के लिये लेकर निकले। लेकिन उसने रास्ते में ही लथपथ था । दम तोड़ दिया।

गठित पुलिस टीमो द्वारा घटना के 24 घन्टो के अन्दर ही प्रकरण की घटना में संलिप्त रहे चार आरोपी मुश्ताक खां पिता मुनीर खां, अरबाज खां उर्फ बिट्टु पिता मोहम्मद सलीम, सोहेल मन्सुरी उर्फ कालु पिता मुबारिक खां, जुबैर पिता मोहम्मद हनीफ छीपा मुसलमान उम्र 22 साल निवासी छीपा मोहल्ला चित्तौड़गढ़ 24 घंटे के अंदर डिटेन कर बाद अनुसंधान प्रकरण में गिरफ्तार किया गया है। जिनसे प्रकरण में अनुसंधान जारी है।

# हवाई फायर व पत्थरबाजी कर मकान में घुसे, महिला पर हमला

**उदयपुर,** (कासं)। लेनदेन के विवाद में दो कारों में सवार बदमाश पत्थरबाजी एवं फायरिंग करते हुए मकान में घुस कर तलवार से हमला कर महिला को घायल कर फरार हो गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार तड़के प्रतापनगरथना क्षैत्र नाकोड़ा नगर थर्डपूरम निवासी महेन्द्रसिंह पुत्र सामन्तसिंह राणावत ने दो कारों में सवार अरविन्दसिंह पाटिया, रणवीरसिंह व साथियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया कि मंगलवार तड़के कार में आए बदमाशों ने पत्थरबाजी करते हुए मकान पर पहुंचे। जहां किवाड़ खोलने पर तलवार से हमला कर मेरी पत्नी विष्णु कुंवर पर हमला कर दिया। जिसके सिर में चोट लगने से वह घायल हो गई।

इस दौरान बदमाशों ने एक हवाई फायर किया। चित्लाने की आवाज होने से पकड़े जाने के भय से बदमाश कार लेकर फरार हो गए। महेन्द्रसिंह का पुत्र महिपाल व आरोपी अरविन्द के मित्र के बीच लेन देन को लेकर विवाद चल रहा है।23 मई को फोन कर महिपाल से बातचीत की तो उसने कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दिया। इसी से नाराज होकर बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया।

# अगले तीन माह फिर पैरामोटरिंग का लुत्फ उठा सकेंगे पर्यटक व शहरवासी

## प्रशासन ने दी फिर अनुमति, पर्यटक आसमां से निहार सकेंगे लेकसिटी का सौंदर्य



- **विभिन्न विभागों की जांच रिपोर्ट के अनुसार कलेक्टर ने संबंधित फर्म को तीन माह के लिए सशर्त अनुमति दी**

**उदयपुर,** (कासं)। उदयपुर शहरवासियों सहित पर्यटक लेकसिटी में एडवेंचर गतिविधियों के तहत पेरा मोटरिंग का लुत्फ आगामी तीन माह तक उठा सकेंगे। प्रशासन ने आगामी तीन माह के लिए सशर्त अनुमति प्रदान की गई है।

पूर्व में जिला मजिस्ट्रेट ताराचंद मीणा ने एक आदेश जारी कर उदयपुर एडवेंचर व पैरामोटरिंग फर्म को बडगांव तहसील के लई का गुडा में पावर पैराग्लाइडिंग व पेरा मोटरिंग गतिविधियों के प्रायोगिक संचालन के लिए सशर्त अनुमति प्रदान की थी, अब इसी फर्म के प्रोपराइटर राहुल परमार व हिरेन पुरोहित द्वारा आवेदित स्थल पर मोटर गतिविधियां शुरू करने का आवेदन प्रस्तुत किया गया था, इस पर जिला मजिस्ट्रेट ने संबंधित विभागों को जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। विभिन्न विभागों की जांच रिपोर्ट के अनुसार कलेक्टर ने संबंधित फर्म को तीन माह के लिए सशर्त अनुमति प्रदान की है।

इस आदेश के तहत फर्म को इन गतिविधियों के संचालन, लेंडिंग व टेकऑफ के समय डीजीसीए, एएआई, एटीसी व नागरिक विमानन निदेशालय जयपुर के दिशा-निर्देशों की पालना सुनिश्चित करनी होगी। फर्म द्वारा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जारी लाइसेंसशुदा एवं अनुभवी पायलट द्वारा ही इन गतिविधियों का संचालन किया जावे तथा संचालन स्थल पर अग्निशमन यंत्र व एंबुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित हो।

इन गतिविधियों के संचालन के दौरान आवेदक फर्म को स्वयं के गार्ड लगाकर सुरक्षा व कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने, साफ सफाई रखने, शहर की सांस्कृतिक धरोहर को नुकसान न पहुंचाने, प्रतिबंधित क्षेत्र में न जाने, कोविड गाइडलाइन की पालना सुनिश्चित करने, यातायात व पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा विभिन्न न्यायालयों द्वारा पारित निर्णयों की पालना करनी होगी। इस आदेश में यह भी स्पष्ट किया है कि इन गतिविधियों के संचालन के दौरान किसी भी अनहोनी घटना, विवाद, क्षतिपूर्ति, दुर्घटना, नुकसान आदि के लिए संबंधित फर्म ही जिम्मेदार होगी।

## संक्षिप्त

### श्रेयांस ने 92.20 प्रतिशत अंक अर्जित किए

**निवाई।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड का विज्ञान और वाणिज्य विषय का 12वीं कक्षा का परिणाम बुधवार को जारी हुआ।



विज्ञान विषय में इम्मानुएल मिशन सी.सैकेंडरी स्कूल के छात्र श्रेयांस जैन ने 92.20 प्रतिशत अंक अर्जित किए हैं। वाणिज्य विषय में मिस्बा मंसूरी ने 91.20 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। दोनों ही विषयों में स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। इसी प्रकार एमडीएस सीनियर सैकेंडरी स्कूल की छात्रा रेखा सैनी ने विज्ञान विषय में 89.80 प्रतिशत अंक अर्जित किए हैं।

### किड्स समर कैंप 2022 शुरू

**निवाई।** स्थानीय भगवानदास पारीक स्कूल में बुधवार को किड्स समर कैंप 2022 का आयोजन किया गया। कैंप का शुभारंभ विद्यालय निदेशक डॉ. शची पारीक एवं प्रधानाचार्य मयंक शर्मा द्वारा दिप प्रज्जवलित करके किया। निदेशक डॉ. शची पारीक ने बताया कि समर कैंप में 6 से 15 वर्ष तक के विद्यार्थी भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि समर कैंप 15 दिन तक संचालित रहेगा। जिसमें लगभग 5० से अधिक बच्चों ने भाग लिया है। उन्होंने बताया कि कैंप में विद्यार्थियों को स्पोकन इंग्लिश, सेल्फ डिफेंस, गायन, नृत्य, एरोबिक्स, योगा, ब्रेन गेम्स, लेखन, आर्ट एंड क्राफ्ट, क्रिकेट, फुटबॉल, बैडमिंटन, चैस एवं कैरम सहित अनेक रोचक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

### सदस्यता अभियान प्रारम्भ

**थानागाजी।**सैनी समाज विकास संस्थान थानागाजी का तहसील स्तरीय सदस्यता अभियान बुधवार को कस्बे के समीपवर्ती ग्राम राजपुरा जागीर से प्रारम्भ किया गया। सैनी समाज विकास संस्थान के सचिव शिंभू दयाल सैनी ने बताया कि सदस्यता अभियान के तहत प्रथम दिन थानागाजी व राजपुरा जागीर के सैकड़ों सैनी समाज बंधुओ ने सदस्यता ग्रहण की। उक्त अभियान 15 जून तक थानागाजी तहसील के हर गांव व ढाणी में लगातार जारी रहेगा। सदस्यता अभियान की समाप्ति के बाद तहसील स्तरीय कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा।

### पेयजल समस्या हेतु कंट्रोल रूम बनाया

**अलवर।**जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियन्ता सुनील गर्ग ने बताया कि ग्रीष्मकाल में पेयजल समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु विभाग द्वारा जिला स्तर पर कंट्रोल रूम की स्थापित है। जिला स्तरीय कंट्रोल रूम के दूरभाष नं. 0144-2337900 है तथा इसके प्रभारी अधिकारी अधिशाषी अभियन्ता कमल किशोर नारंग ( मो.नं. 8279100721) तथा सह प्रभारी एईएन एनसीआर श्री राजेन्द्र यादव ( मो.नं. 9414638925 ) है।

### फब्तियां कसते एक गिरफ्तार

**कोटपूतली।** स्थानीय थाना पुलिस ने कस्बे के टीवी टॉवर के पास लगाये जा रहे ट्रेड फेयर में युवतियों पर फब्तियां कसते एक युवक को गिरफ्तार किया है।

# डम्पर से कुचले बाइक सवार पति-पत्नी की दर्दनाक मौत

**मालपुरा, (निसं)।** जयपुर भीलवाडा स्टेट हाईवे के मालपुरा केकडी सड़क मार्ग पर इंदोली के पास मंगलवार की देर रात को डम्पर की टक्कर से बाइक सवार मासूम उछलकर खाई में जा गिरी तो मासूम की आंखों के सामने डम्पर से कुचले नाना-नानी की हुई दर्दनाक मौत के बाद ग्रामीणों ने दो घंटे हाईवे जाम कर दिया।

- बाइक से मासूम दोहति उछलकर खाई में जा गिरी जिससे बची जान
- देर रात दो घंटे जाम रहा हाईवे



जयपुर केकड़ी सड़क मार्ग पर इंदोली के पास हुए सड़क हादसे में पति-पत्नी की मौत हो गई।

तब हरकत में आई पुलिस ने एतिहात के तोर पर दो डम्परों को हिरासत में ले जांच शुरू की। मामले के अनुसार घाटी ग्राम पंचायत के नमुकियां गांव निवासी रामअवतार शर्मा अपनी पत्नी रामदयाली व मासूम दोहिती नविका के साथ केकड़ी में अपने रिश्तेदार के यहां सेवानिवृत्ति समारोह में शिरकत कर मालपुरा आ रहे थे। इसी दौरान इंदोली के पास खेतों में फार्म पोण्ड से खोदी गई मिट्टी को खेत से बाहर डालने में लगे डम्पर ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। तेज रफ्तार डम्पर चालक ने लापरवाही से डम्पर चलाते हुए गलत दिशा में जाकर मोटरसाइकिल को इतनी जोरदार टक्कर मारी की बाइक डम्पर में फंस सो मीटर से अधिक दूरी तक घीसती चली गई व चकनाचुर हो गई। तो बाइक सवार रामअवतार व पत्नी डम्पर के टायर से कुचल जाने से मौके पर ही अकाल मौत का ग्रास बन गये। सड़क हादसे में नानी के हाथ से उछलकर खाई में गिरी मासूम दोहिती नविका के पांव में फैक्चर हो गया लेकिन मौत के मुंह से सुरक्षित बच गई।

धमाके की आवाज सुन दौड़े ग्रामीणों ने एक साथ चल रहे दो डम्परों का पीछा किया लेकिन अंधेरे का फायदा उठा डम्पर छोड़ चालक भाग छूटे। आक्रोशित ग्रामीणों ने राजमार्ग पर जाम लगा दिया। जाम की सूचना मिलने पर एसडीएम आरके वर्मा, डीवाईएसपी सुशील मान, अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक राकेश कुमार बैरवा,थानाधिकारी कैलाश विश्नोई व भारी पुलिस जाप्ते के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर दोनों शवों को पुलिस सुरक्षा में ले घायल मासूम को मालपुरा अस्पताल में उपचार के लिए पहुंचाया तो ग्रामीणों से जाम हटाने के लिए समझाईश की।

लेकिन डम्पर चालकों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग को लेकर ग्रामीण अड़े रहे। जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की कतारें लग गई। समझाईश कर रात ग्यारह बजे जाम खुलवाया गया। बुधवार की सवेरे शवों का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सोंपा गया। एएसपी राकेश कुमार बैरवा ने बताया कि फरार डम्पर चालक की तलाश की जा रही है। मृतक के परिजनों की ओर से बुधवार देर शाम तक रिपोर्ट नहीं दी गई। मृतक रामअवतार बालिका आदर्श विद्या मंदिर की बस चलाकर अपने परिवार को चलाता था।

## पुलिस पर फायरिंग, जवाबी फायरिंग कर 4 बदमाश पकड़े

**जयपुर।** जयपुर ग्रामीण पुलिस ने मनोहरपुर कस्बे के पास मंगलवार देर रात एक मैरिज गार्डन में ठहरे बदमाशों को पकडने के लिए दबिश दी तभी बदमाशों ने पिस्टल से फायरिंग कर दी, पुलिस ने जवाबी फायरिंग और घेराबंदी कर चार बदमाशों को पकड लिया। गनीमत रही कि फायरिंग में गोली किसी के नहीं लगी। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक पिस्टल, दो देशी कट्टे और 8 कारतूस बरामद किए हैं।

पुलिस अधीक्षक मनीष अग्रवाल ने बताया कि हसनपुरा स्थित राय कॉलोनी निवासी सोहेल खां, हटवाड़ा स्थित मेहनत नगर निवासी मो. सलमान, श्रीमाधोपुर के महरौली निवासी गौतम सिंह और वसीम अहमद को गिरफ्तार किया। आरोपियों ने जयपुर के झोटवाडा में 28 मई की रात को एक गाडी पर फायरिंग की थी। फायरिंग के संबंध में गणेश नगर कॉलोनी निवासी रामसिंह ने झोटवाड़ा थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। रिपोर्ट में बताया कि 23 मई को दोस्त के साथ पुष्कर के एक रिसोर्ट में ठहरा था। तब वहां ठहरे पांच-छह अन्य लोगों से कहासुनी हो गई थी। तब तो मामला शांत हो गया, लेकिन कहासुनी करने वाले ग्रुप के एक व्यक्ति ने उनका मोबाइल नंबर ले लिया था। अब उन्हीं लोगों ने पीछा कर फायरिंग की है। इसी प्रकार जवाहर सर्कल थाना क्षेत्र में 22 मई को हसनपुरा धानका बस्ती निवासी राहुल धानका के साथ सरेआम मारपीट कर वीडियो बनाया और उसे वायरल किया था। कमिश्नरेट पुलिस तभी से आरोपियों को तलाश रही थी।

## सार-समाचार

### सेवानिवृती पर सम्मान किया



**बोराज।** कस्बे के निवासी केशरलाल कुमावत एसडीएम कोर्ट फागी में नायब तहसीलदार के पद से मंगलवार को सेवानिवृत होकर सांयकाल अपने निवास स्थान बोराज में पहुंचने पर ग्रामीणों ने उनका जगह जगह जोरदार सम्मान किया। इस मौके पर पंचायत भवन में सरपंच सुरेन्द्र सिंह मीणा व पंचायत प्रतिनिधियों सहित ग्रामीणों ने माला व साफा पहना कर सम्मान किया। नायब तहसीलदार कुमावत को बस स्टेण्ड से जुलुस के रूप में नगर भ्रमण करते हुऐ घर तक पहुंचाया ।

### फॉलोअप कैंप आयोजित

**पावटा।** प्रशासन गांव के संग अभियान के तहत फॉलोअप कैंप का आयोजन ग्राम पंचायत मंढा के राजीव गांधी सेवा केंद्र पर किया गया। कैंप का आयोजन पावटा उपखंड अधिकारी राजवीर सिंह यादव एवं तहसीलदार पावटा, पावटा प्रधान पूजा चौधरी, प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी, मंढा सरपंच बिमला कंवर, मंढा सरपंच प्रतिनिधि धीर सिंह, भांकरी सरपंच व सरपंच संघ जिलाध्यक्ष मेहर सिंह धनकड की उपस्थिति में किया गया। आयोजित कैंप में नामांतरण, शुद्धीकरण, सीमा ज्ञान, अतिक्रमण, खाता विभाजन किया गया। पावटा उपखंड अधिकारी राजवीर सिंह यादव ने बताया कि आयोजित शिविर में ग्रामीणों को शिविर में पट्टे, नामान्तरण, बटवारा, नए रास्ते के प्रकरण, जाति मूल, नकल, जॉब कार्ड, मौका अपडेट व्यक्तिगत शौचालय, जन्म मृत्यु, बिजली विभाग संबंधित समस्याओं को ठीक, छात्रों के लिए मैदान ,विद्युत, हैंडपंप, वैक्सीन सहित विभिन्न कार्य किए गए । फॉलो अप कैंप में गांव के सरपंच एवं पंचायत समिति सदस्य सहित जनप्रतिनिधि ग्रामीण उपस्थित रहे।

### कुएं में गिरने से विवाहिता की मौत

**बौंली।** क्षेत्र के लाखनपुर ग्राम पंचायत के खेड़ा गांव में कुएं में गिरने से विवाहिता की मौत हो गई। बौंली थाना प्रभारी श्रीकिशन मीणा ने बताया कि बौंली थाना अंतर्गत खेड़ा गांव में बुधवार को एक विवाहित महिला प्रिया देवी पत्नी प्यार सिंह गुर्जर उम्र 20 वर्ष की मौत कुएं में गिरने से हो गई। लाखनपुर ग्राम पंचायत सरपंच सियाराम मीणा की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची एवं मृतका के शव को कुएं से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए बौंली चिकित्सालय पहुंचाया गया। प्रथम जांच में सामने आया है कि मृतिका प्रिया अपने पति प्यार सिंह के साथ खेत पर कांटे लकड़ी बीन रही थी। इसी दौरान कुएं पर पानी लेने गई जहां मृतिका का पैर फिसल गया, जिससे वह कुएं में गिर गई। पुलिस ने मर्ग दर्ज कर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

## नाकेबंदी के दौरान 4 साल से फरार आरोपी को पकड़ा

**रामगढ़ पचवारा।** थाना पुलिस द्वारा नाकेबंदी के दौरान चार साल से फरार चल रहे एक नकबजनी के आरोपी को संदिग्ध वस्तुओं के साथ गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है।

- आरोपी पर 18 अपराधिक प्रकरण दर्ज हैं

थाना अधिकारी दिनेश मीणा ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक राजकुमार गुप्ता के निर्देशानुसार क्षेत्र में वांछित अपराधियों एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध की जा रही नाकेबंदी के दौरान सूचना मिली कि एक अभियुक्त मुख्य उर्फ जावरा खान जो विभिन्न आपराधिक प्रकरणों में वांछित है जयपुर की तरफ से एक पिकअप गाडी को लेकर गंगापुर सिटी की तरफ जा रहा है। जहां थाने के एएसआई छोटेलाल एवं हेड कांस्टेबल लाखन सिंह आदि द्वारा रामगढ पचवारा बस स्टैंड से उक्त बताई गई पिकअप को रोककर पूछताछ की गई तो इस दौरान पिकअप से एक शख्स उतरकर भागने लगा जहां पर पुलिसकर्मियों द्वारा उक्त व्यक्ति को पकडकर पूछताछ करने के बाद उसने खुद का नाम फीड उर्फ जावरा खान बताया जो की मिली सूचना के अनुसार विभिन्न प्रकरणों में कई वर्षों से वांछित अभियुक्त था। वहीं पिकअप की तलाशी के दौरान उस पिकअप से रेलवे लाइन की लोहे की 28 अंडर ग्राउंड वाले करीब सौ फीट थ्री फेज आर्मर्ड केबल भरी हुई थी। उस सामान को लेकर पूछताछ करने पर यह लोग कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दे पाए इसके बाद उक्त सामान सहित वाहन को थाने लाकर जप्त कर लिया गया। थानाधिकारी मीणा ने बताया कि नाकेबंदी के दौरान सूचना पर पकडे गए आरोपी पर करीब विभिन्न थानों में डेढ़ दर्जन अपराधिक मामले दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि आरोपी थाना कोतवाली जिला करौली में नकबजनी के मामले में एक वर्ष से एवं बस्ती थाना जिला जयपुर का स्थाई वारंटी होने के साथ चार वर्षों से इस मामले में फरार चल रहा है। साथ ही आरोपी पेशे से कबाड़ी है जो कबाड़ी के धंधे की आड़ में चोरी बनना कब जाने जैसी वारदातों को अंजाम देता है। वही वारंटी आरोपी को जिला करौली पुलिस टीम को सुपुर्द कर दिया गया।

## संयुक्त निदेशक ने किया अस्पताल का निरीक्षण

**श्रीमाधोपुर।** कस्बे के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करने के लिए बुधवार को संयुक्त निदेशक चिकित्सा विभाग जयपुर के अधिकारी पहुंचे।



श्रीमाधोपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का चिकित्सा विभाग जयपुर के संयुक्त निदेशक खेलशंकर भारद्वाज ने निरीक्षण किया।

चिकित्सा विभाग जयपुर के संयुक्त निदेशक खेलशंकर भारद्वाज ने दोपहर बाद अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। अस्पताल का निरीक्षण सीएचसी प्रभारी डॉ राजेश मंगावा तथा चिकित्सक डॉ मुकेश कानूनगो ने करवाया। निरीक्षण के दौरान संयुक्त निदेशक को अस्पताल में सभी कार्मिक यूनिफॉर्म में मिले। अस्पताल में सफाई व्यवस्था तथा वार्डों में भर्ती मरीजों को लेकर संयुक्त निदेशक ने निरीक्षण किया इस दौरान सभी जगह पर व्यवस्थाएं व्याकुल मिली। अस्पताल में भर्ती मरीजों से संयुक्त निदेशक भारद्वाज ने स्वंय पास जाकर उनकी व्यथा सुनी और अस्पताल में मिल रही सुविधाओं के बारे में जाना और पूछा कि किसी डॉक्टर के द्वारा बाहर की दवाई तो नहीं लिखी जा रही है जिस पर मरीजों ने कहा कि ऐसा कुछ भी नहीं है। अस्पताल की तमाम व्यवस्थाएं व्याकुल मिलने तथा साफ-सफाई सभी कार्मिकों की उपस्थिति मिलने पर संयुक्त निदेशक भारद्वाज ने खुशी जाहिर करते हुए सीएचसी प्रभारी डॉ राजेश मंगावा की पीठ थपथपाई और कहा कि आगे भी इसी प्रकार अस्पताल में व्यवस्थाएं बनाए रखें और कुछ व्यवस्थाओं को लेकर उन्होंने उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वही उनके साथ आई टीम ने ऑफिस कार्यालय के विजिट के साथ रिकॉर्ड को जांचा। जिस में भी सभी प्रकार का रिकॉर्ड सही पाया गया। अस्पताल में भर्ती एक मरीज के पास सोनोग्राफी देखकर भारद्वाज ने पूछा कि यह सोनोग्राफी बाहर से क्यों करवाई गई है जिस पर प्रभारी ने बताया कि अस्पताल में सोनोग्राफी मशीन तो है लेकिन वह कई दिनों से बंद पडी है और चिकित्सक के नहीं होने की वजह से इस समस्या का सामना करना पडता है।

## 12 वीं विज्ञान में रहा शत-प्रतिशत परीणाम

**कोटपूतली।** कस्बा स्थित काशीपुरम के ओम नमः शिवाय सीनियर सैकण्डरी स्कूल अंग्रेजी माध्यम का 12 वीं बोर्ड विज्ञान संकाय का परीक्षा परीणाम शत-प्रतिशत रहा।

उल्लेखनीय है कि बुधवार को राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा परीणाम घोषित किय गये है। इनमें विधालय के छात्र नितिन सैनी, मुकुल सैनी, आयुष गर्ग, प्रीति तंवर, भुवनेश सैनी, चेतना कुमावत, कंचन सैनी, सोनिया सैनी, मोहित जांगिड़ ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये है। विधालय के निदेशक रामस्वरूप सैनी ने कहा कि शिक्षकों के मार्गदर्शन में विधार्थियों ने कड़ी मेहनत से यह सफलता अर्जित की है। सभी विधार्थियों का माला व साफा पहनाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।


**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JAIPUR**
First Floor, Sudharma-II, Lal Kothi Shopping Center, Tonk Road, Jaipur-302015
Case No.:OA/216/2022 Exh. No:5083
Summons under sub-section (4) of section 19 of the Act, read with sub-rule (2A) of rule 5 of the Debt Recovery Tribunal (Procedure) Rules,1993.
To, AXIS BANK V/S MR BHAGWATI SINGH
(1)Mr. Bhagwati Singh D/W/S/O- Mr. Gopi Singh, D-8, Meera Marg, Banipark, Shastri Nagar Jaipur, Rajasthan-302016 Also at:- 14, Kalwar Road, Opposite,Petrol Pump Gonindpura, Kalwar Road, Jaipur, Raj-302012 (2) Mr. Gopi Singh S/o Mr. Jai Singh R/o Mr. Jai Singh R/O D-8-A, Meera Marg, Banipark, Shastri Nagar, Rajasthan-302016
**SUMMONS**
WHEREAS, OA/216/2022 was listed before Hon'ble Presiding Officer on 14/03/2022. WHEREAS this Hon'ble Tribunal is pleased to issue summons/notice on the said Application under section 19(4) of the Act, (OA) filed againts you for recovery of debts of Rs.18149500/- (application along with copies of documents etc. annexed) In accordance with sub-section (4) of section 19 of the Act, You the defendants are directed as under:- (I) to show cause within thirty days of the service of summons as to why relief prayed for should not be granted: (ii) to disclose particulars of properties or assets other than properties and assets specified by the applicant under serial number 3A of the original application: (iii) you are restrained from dealing with or disposing of secured assets or such other assets and properties disclosed under serial number 3A of the original application, pending hearing and disposal of the application for attachment of properties: (iv) you shall not transfer by way of sale, lease or otherwise, except in the ordinary course of his business any of the assets over which security interest is created and/or other assets and properties specified or disclosed under serial number 3A of the original application without the prior approval of the tribunal: (v) you shall be liable to account for the sale proceeds realised by sale of secured assets or other assets and properties in the ordinary course of business and deposit such sale proceeds in the account maintained with the bank or financial institions holding security interest over such assets. You are also directed to file the written statement with a copy thereof furnished to the application and to appear Registrar on 04/07/2022 at 10:30 A.M failing which the application shall be heard and decided in your absence. Give under my hand and seal of this Tribunal on this date:28/03/2022
(Seal) Registrar DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, JAIPUR


## विवाहिता ने पीहर में पेड़ से लटक कर की आत्महत्या

**रामगढ़ पचवारा, (निसं)।** थाना क्षेत्र के प्रेमपुरा गांव में एक विवाहिता रेखा मीना ने पीहर में नीम के पेड़ से लटक कर फांसी लगा संदिग्ध परिस्थितियों में आत्महत्या करने का मामला सामने आया है।

घटना की जानकारी मिलते ही रामगढ़ पचवारा थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची एवं विवाहिता के पेड़ से लटके शव को उतार कर कब्जे में लिया एवं पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामगढ़ पचवारा मोर्चरी रखवाया इसके पश्चात पुलिस द्वारा मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सुपुर्द किया गया। मिली जानकारी के अनुसार प्रेमपुरा गांव की रहने वाली विवाहिता का विवाह एक साल पहले ईटाहेडा ग्राम में हुआ था। पिछले दो हफ्तों से वह पीहर में ही रह रही थी। मृतका रेखा मीणा के पिता ने रामगढ़ पचवारा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी दोनों पुत्रियों का विवाह एक साल पहले हिंदू रीति रिवाज के अनुसार बड़े धूमधाम से किया गया था। शादी के बाद से ही उसकी पुत्री के ससुराल पक्ष वालों द्वारा दहेज की मांग करना शुरू कर दिया गया एवं प्रताड़ित करना शुरू किया गया। इसकी घटना से तंग आकर उसकी पुत्री रेखा पिछले दो हफ्ते से पीहर में ही रह रही थी। ससुराल पक्ष द्वारा उसकी पुत्री से दहेज की मांग करने के कारण व पिछले कई दिनों से अवसाद में थी। जहां उसकी पुत्री द्वारा दहेज प्रताड़ना के चलते अवसाद में आकर घर के पास ही नीम के पेड़ से लटक कर आत्महत्या कर ली गई.. मृतका विवाहिता के पिता द्वारा पति सास ससुर जेठ सहित चार लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज कराया गया है। वही मामले को दर्ज कर पुलिस कार्रवाई करने में जुटी हुई है।

## निर्माण कार्यों के लिए 71.36 लाख स्वीकृत

**लालसोट।** स्थानीय विधायक एवं चिकित्सा व स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा द्वारा किए गए प्रयासों के बाद विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर निर्माण कार्यों के लिए बजट स्वीकृत किया गया है। चिकित्सा मंत्री मीणा ने बताया कि जिला अस्पताल में प्रस्तावित विभिन्न निर्माण कार्यों को पूरा करने के लिए 71.36 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। मंत्री मीणा ने कहा कि बजट स्वीकृत होने से साथ ही जिला अस्पताल में निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। मंत्री मीणा ने बताया कि राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय गोपालपुरा निचुनिया एवं जीतपुर व लखनपुर एवं उगारियावास देवलदा में पेयजल हेतु पनघट योजना के तहत प्रत्येक स्कूल में डेढ़ लाख रुपए लागत से पेयजल इकाई का निर्माण किया जाएगा। इसी तरह पेयजल एवं राजकीय विद्यालयों में अतिरिक्त कक्षा कक्ष निर्माण के लिए जनजाति विकास कोष मद अंतर्गत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दोसाडा व राजकीय माध्यमिक विद्यालय नगरीयावास में कक्षा कक्ष निर्माण के लिए में कक्षा कक्ष निर्माण कार्य के लिए तीस तीस लाख रुपए एवं राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कानलोदा में कक्षा कक्ष निर्माण के लिए पचास लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं।


**OFFICE OF THE GRAM PANCHAYAT AAIDAN KA BAS P.S. JOBNER**
S.NO:2022-23/AAIDAN KA BAS/181-1/127
DATE-31.05.2022
**INVITATION OF E-TENDER YEAR 01/2022-23**
On behalf of Governor of rajasthan invites open tender from eligible contractor for **ONE CONSTRUCTION WORK** estimated cost of work is Rs. 10.00 lakhs.
Details available on www.sppp.rajasthan.gov.in
**UBIN No. ZJP2223WSOB00566**
Sarpanch GP AAIDAN KA BAS
Village development officer GP AAIDAN KA BAS



प्रारूप-5 (नियम 6(2) देखिए)
**कार्यालय नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) राज.**
क्रमांक-नपाश्रीमा./2022-23/967 **आपत्ति आमंत्रण सूचना** दिनांक-30.05.2022
श्रीमती सुदेश खुराना पत्नी स्व.श्री देशराज खुराना लुहारों का मोहल्ला श्रीमाधोपुर जिला सीकर राजस्थान ने नीचे वर्णित भूमि में अपने अधिकार व्यवसायिक प्रयोजना के लिये ऐसी भूमि के उपयोग के लिये पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिये नगर पालिका के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये है।

| जिले सहित नगर का नाम | वार्ड/कॉलोनी/ गली का नाम | पड़ौस द्वारा सीमाबद्ध भू-खण्ड सं. | उत्तर दिशा दर्शित करते हुए लम्बाई और चौडाई सहित क्षेत्र (मीटर में) |
|---|---|---|---|
| नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) | वार्ड नं.22 (नया वार्ड नं. 30) लुहारों का मोहल्ला श्रीमाधोपुर | चर्तुसीमाऐ निम्न प्रकार है पूर्व दिशा में धर्मवीर पंजाबी की दुकान, पश्चिम दिशा में लालचन्द पंजाबी की दुकान, उत्तर दिशा में आम रास्ता व दक्षिण दिशा में रामेश्वर लाल का मकान अवस्थित है। | व्यावसायिक भूखण्ड की नाप पूर्व से पश्चिम 53 फीट व उत्तर से दक्षिण 29.31 फीट कुल क्षैत्रफल 78.06 वर्गगज |

इसलिए इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा-69क के अधिन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध में कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के सात दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।
उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जायेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 30.05.2022 को जारी की गयी।
अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका श्रीमाधोपुर


# जिला परिषद् की बैठक में फूट-फूटकर रोई चाकसू बीडीओ कृष्णा माहेश्वरी

**जयपुर (कासं)।** जयपुर जिला परिषद की बुधवार को हुई बैठक में जमकर हंगामा हुआ। चाकसू पंचायत समिति की प्रधान के पति की प्रताड़ना से परेशान स्थानीय ब्लॉक डवलपमेंट ऑफिसर (बीडीओ) कृष्णा माहेश्वरी भरे सदन में फूट-फूट कर रोने लगी। उन्होंने सदन में जिला परिषद से अपना ट्रांसफर करवाने तक की मांग कर डाली।

जिला प्रमुख रमा देवी की अध्यक्षता में हुई बैठक में जब चाकसू पंचायत समिति की बीडीओ को उनके क्षेत्र के बारे में पूछा तो उन्होंने अपनी परेशानी बतानी शुरू कर दी। बीडीओ ने चाकसू प्रधान उगंता चौधरी के पति बद्री नारायण चौधरी पर आरोप लगाए कि वे महिलाओं पर कमेंट करते हैं। ऑफिस के एक-एक कमरे में जाकर फाइलों को बिना पूछे देखने लगते हैं। ऐसी फाइलों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करते हैं। पंचायत समिति में भय का माहौल है, यहां अब कोई काम नहीं कर सकता।



जयपुर जिला परिषद की बैठक में चाकसू पंचायत समिति की प्रधान के पति की प्रताड़ना से परेशान स्थानीय ब्लॉक डवलपमेंट ऑफिसर ( बीडीओ ) कृष्णा माहेश्वरी भरे सदन में फूट-फूट कर रोने लगी।

- प्रधान उगंता चौधरी और उनके पति पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए खुद के ट्रांसफर की मांग तक रख डाली
- जिला प्रमुख ने मामले की जांच के लिए कमेटी बनाई, प्रधान द्वारा बीडीओ पर लगाए गये भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच भी होगी

मैं इनकी गुलामी नहीं कर सकती।

कृष्णा माहेश्वरी ने आरोप लगाया कि उगंता चौधरी के पति दफ्तर में आकर कर्मचारियों के साथ गाली-गलौज करते हैं, स्टाफ को धमकाते हैं। मुझे इतना प्रताड़ित किया गया कि मैं मानसिक तनाव में आ गई। इसी तनाव के चलते मुझे 2 महीने छुट्टी लेकर जाना पड़ा। इस बीच मैंने ट्रांसफर की कोशिश की, लेकिन नहीं हुआ तो वापस जॉइन करना पड़ा। इस पूरी बात को कहते हुए बीडीओ सदन में ही फूट-फूट कर रोने लगीं। रोती हुई बोलीं कि "मुझे अगर कुछ हो गया तो मेरे बच्चों का क्या होगा?" इस पर दूसरी साथी ने उन्हें संभाला। संभालने वाली महिला अधिकारी ने भी जिला प्रमुख से पंचायतों में जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रताड़ित करने के आरोप लगाए। उन्होंने इस पूरे मामले की जांच करवाने की मांग की।

दूसरी तरफ बीडीओ के आरोप पर चाकसू प्रधान उगंता चौधरी ने पलटवार करते हुए कहा कि बीडीओ हमें अनपढ़-गंवार कहती है और बात-बात पर धमकाती है। उन्होंने बीडीओ पर भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की। इस पूरे मामले पर जिला प्रमुख रमा देवी ने कहा कि उन्होंने कमेटी का गठन कर दिया है, जो दोनों के आरोपों की जांच करेगी।

## तीन दिन बाद भी टूटे विद्युत पोल की नहीं ली सुध, बिलजी गुल

**उनियारा।** उनियारा उपखंड क्षेत्र के चौरु में तीन दिन पहले आए तूफान से विद्युत पोल टूट गए थे। जिसके कारण चौरु बायपास की तीन दिन से बिजली गुल चल रही थी।

जिसकी सूचना ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के कर्मचारियों को दी। विभाग के अधिकारियों को अवगत कराने के उपरांत भी लापरवाही के चलते हुए बिजली व्यवस्था ठीक नहीं हो सकी। बिजली नहीं आने से आमजनों को पीने का पानी भी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है।

वहीं गर्मी के चलते हुए आमजनों का जीवन पूरी तरह से नारकीय बना हुआ है तथा जटिल समस्याओं का आलम छाया हुआ है।

लेकिन इतना होने के बावजूद भी विधुत विभाग के आलाधिकारी कुंभकर्ण नींद से उठने का नाम नहीं ले रहे हैं। यदि यही आलम रहा तो भयंकर समस्याओं की संभावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता है।


**कार्यालय तहसीलदार तहसील चाकसू जिला जयपुर**
क्रमांक-रीडर/751 दिनांक-27/05/2022
श्री लक्ष्मीनारायण पुत्र घासीलाल जाति रैगर निवासी प्लॉट नं.13 मौजी कॉलोनी सेक्टर 8 प्रतापनगर सांगानेर जयपुर
**सूचना नोटिस**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम रूपवास के खातेदार घासीलाल पुत्र खुबाराम जाति रैगर निवासी प्लॉट नं. 13 मौजी कॉलोनी सेक्टर 8 प्रतापनगर सांगानेर जयपुर की मृत्यु दिनांक 01.07.2020 को हो चुकी है, उक्त मृतक खातेदार द्वारा वसीयत दिनांक 03.06.2020 को नोटेरी पब्लिक से प्रमाणित करवाई गई है। उक्त वसीयत जायन्दा पुत्र लक्ष्मीनारायण, अशोक कुमार पुत्रान घासीलाल निवासी प्लॉट नं.13 मौजी कॉलोनी सेक्टर 8 प्रतापनगर सांगानेर जयपुर के पक्ष में खातेदारी भूमि ग्राम रूपवास की रकबा 32.10 है. स्थित भूमि का वसीयत नामा किया गया है। उक्त वसीयत द्वारा नामान्तरण खोलने हेतु आवेदन पेश किया गया। उक्त वसीयत के संबंध में आपत्ति हो तो नियत दिनांक 06.06.2022 को कार्यालय में उपस्थित होकर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष पेश कर सकता है, तत्पश्चात आपत्ति मान्य नहीं होगी।
तहसीलदार
तहसील चाकसू

## संक्षिप्त

### चंदन को डॉक्टर की उपाधि मिली



**सांभरझील, (निसं)।** सांभर के सिंधी मार्केट में कपडे का व्यवसाय करने वाले जयकिशन खेसकुवानी के पुत्र चन्दन खेसकुवानी को डॉक्टर की उपाधि मिलने पर उन्हें समाज के लोगों, रिश्तेदारों व उनके चाहने वालों ने उन्हें बधाई दी। बता दें कि एमबीबीएस की पढायी पूरी करने के बाद उन्होंने कर्नाटक के रायचूर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस को कोरोना काल में बनाये गये कोविड सेण्टर में मरीजों की सेवा की थी। डॉक्टर की डिग्री हासिल कर उन्होंने अपने माता पिता का सपना साकार किया। बता दें कि इनके दादा प्रेमचन्द खेसकुवानी सहित पूरा परिवार कपडे का ही व्यवसाय करते हैं, लेकिन दादा की इच्छा थी कि उनका पोता डॉक्टर बनकर देश की सेवा करे।

### हर्षित जैन मालपुरा तहसील में प्रथम

**मालपुरा।** बुधवार को माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा कक्षा 12 विज्ञान संकाय के परीक्षा परिणामों में तिलक बाल विद्यापीठ सिनियर सैकेण्डरी स्कूल के छात्र हर्षित जैन ने 95.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर मालपुरा तहसील में प्रथम स्थान पर अव्वल रहे। तो इसी विद्यालय के कपिल मेघवंशी ने 92.40, केशव सैनी ने 91.20 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया। तो शिवम मॉर्डन विद्यालय के पांच छात्र-छात्राओं ने भी अपना परचम लहराया। वहीं एमडी पब्लिक स्कूल की छात्रा दिशा ठागरिया एससी वर्ग में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर छात्रा का इन्दिरा प्रियदर्शनी पुरस्कार के लिए चयन हुआ।

### प्रजापति महासंघ का अधिवेशन 4 को

**फुलेरा।** अखिल भारतीय प्रजापति कुम्भकार महासंघ दिल्ली, मुंबई का पहला अधिवेशन उत्तराखण्ड के देहरादून स्थित दिव्य जैन मन्दिर परिसर में 4 जून को प्रात: 9 बजे से दोपहर 1बजे तक आयोजित किया जाएगा। उपरोक्त जानकारी देते हुए संस्था के कन्हैयालाल खटोङ ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में आर.बी. प्रजापति, राष्ट्रीय मुख्य महासचिव सी.ए. मनोज प्रजापति, युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष विशाल वर्मा उपस्थित रहेंगे। वहीं समाज का एक सम्मान समारोह का आयोजन भी किया जाएगा। इस अवसर पर आसपास के प्रजापति समाज बंधु उपस्थित रहेंगे।

### बाइक चोरी का मामला दर्ज

**निवाई।** स्थानीय पुलिस थाने में बाइक चोरी का मामला दर्ज हुआ है। पुलिस ने बताया कि किशन माली निवासी चिकाना ने मामला दर्ज करवाया कि वह मंगलवार को मोदी धर्मशाला में उनके साथी विनोदकुमार अग्रवाल के साथ एक शादी समारोह में भाग लेने आया था। अपनी बाइक को धर्मशाला के बाहर खडी करके अंदर गया हुआ था। लगभग 1०-15 मिनट बाद वापस लौटा तो बाइक गायब मिली। उसने बाइक की आस-पास में तलाश की लेकिन बाइक का पता नहीं चला। इसके बाद पीडित ने पुलिस थाने में बाइक चोरी का मामला दर्ज करवाया।

### 5 उपनिरीक्षकों का टोंक में स्थानान्तरण

**टोंक।** पुलिस महानिरीक्षक अजमेर रेंज रुपिन्दर सिंह ने एक आदेश जारी कर 11 पुलिस उपनिरीक्षक का स्थानान्तरण किया, जिसमें 5 उपनिरीक्षकों का टोंक में स्थानान्तरण किया। आईजी अजमेर रुपिनंदर सिंह ने जारी आदेश में गोपाल सिंह, रामस्वरुप का अजमेर, बन्नाराम, अ.सलीम, प्रतापसिंह व नाराराम का भीलवाडा, भागीरथ सिंह, मोरपाल, नरेश कंवर, ओमप्रकाश, अयुब खां का टोंक स्थानान्तरण किया है।

### 4 घंटे बिजली बंद रहेगी

**नारायणपुर।** नारायणपुर जीएसएस के मानसून मरम्मत कार्य के चलते 2 जून को उपखंड क्षेत्र की सम्पूर्ण विद्युत सप्लाई 4 घंटे बंद रहेगी। सहायक अभियंता कमल गुर्जर ने बताया कि कस्बे के 132 केवी सब स्टेशन से निकलने वाले सभी 33 केवी फीडर की आवश्यक रखरखाव कार्य के चलते विद्युत सप्लाई सुबह 6 बजे से 10 तक बंद रहेंगी। जिससे नारायणपुर उपखंड के अंतर्गत आने वाले गाँव व ढाणियों की 4 घंटे बिजली बंद रहेगी।

# सफाई कर्मचारियों की हड़ताल से बिगड़े शहर के हालात

**पावटा, (निसं)।** विभिन्न मांगों को लेकर पावटा प्रागपुरा नगरपालिका में कार्यरत सफाईकर्मियों ने कामकाज बंद कर रखा है। हडताल के दूसरे दिन बुधवार को भी सफाई कर्मचारियों ने न ही गलियों सड़कों पर सफाई की और न ही वाहनों के माध्यम से कचरे का उठान किया।

सफाई कर्मचारियों के लगातार दो दिन हड़ताल पर रहने से शहर के विभिन्न मुख्यमार्गो फोरलेन रोड व अन्य स्थानों पर कूडे के ढेर नजर आए। जिससे शहर की सुंदरता तो प्रभावित हो ही रही है साथ मे कचरा पडा होने के कारण पैदल राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पडा।

■ दो दिन से सड़कों व गलियों में जमा हुआ कचरा

दो दिवसीय हडताल में शामिल होते हुए सफाई कर्मचारियों ने पावटा पुराने ग्राम पंचायत भवन कार्यालय के सामने धरना भी दिया। इस दौरान सफाई कर्मचारियों ने मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। पावटा प्रागपुरा नगर पालिका सफाई कर्मचारी के प्रधान कमल वाल्मीकि ने बताया कि उनकी मांगों में मुख्य रूप से ठेके पर कार्य नहीं करने हेतु संविदा पर नगरपालिका के तहत कार्य करने का निर्णय, पावटा, प्रागपुरा व कुनेड गांव के प्रत्येक वाल्मीकि समाज के घर से एक-एक सदस्य को नगरपालिका संविदा पर कार्य करने के लिए नियुक्ति देने, पूर्व सफाई ठेकेदार कमल इंटरप्राईजेज व कर्मचारियों का वेतन दिलवाने, पंचायत समय के 9 सफाई कर्मचारियों का बकाया वेतन पंचायत एवं नगरपालिका गठन के स्टे अवधि का भुगतान दिलवाने, चुनाव में लगे कर्मचारियों का वेतन उपस्थिति अनुसार दिलवाने, पूर्व 12 सफाई कर्मचारी पंचायत समय से लगे हुए है उनकी पैरवी की सूचना उक्त कर्मचारियों को भी दी जावे इत्यादि मांगे शामिल हैं।



पावटा के बाजारों व मुख्य मार्गो पर फैला कचरा।

वही हडताल पर बैठे कर्मचारियों की सूचना पर प्रधान प्रति निधि निर्मल पंसारी सहित ईओ हरि नारायण यादव मौके पर पहुंचे व हडताल पर बैठे सफाई कर्मचारियों की मांगों को जायज बताते हुए चेयरमैन उर्मिला अग्रवाल, ईओ हरि नारायण यादव ने कर्मचारियों से बात करते हुए बताया कि नगरपालिका पावटा प्रागपुरा में कार्यरत संविदा सफाई कर्मचारियों द्वारा ठेका प्रथा में कार्य नही करने की मांग है जो कि हमारे हाथ में नहीं है बाकी मांगों पर सहमति जताई। इस मौके पर सफाई कर्मचारी कमल वाल्मीकि, निरंजन कुमार वाल्मीकि, सुंदरलाल वाल्मीकि, नरसी वाल्मीकि, मैंना देवी, सन्नी सारवान, बीना देवी, अर्जुन लाल वाल्मीकि, मीना देवी, ओमप्रकाश, विनोद, संतरा देवी सहित सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

## अपहृत बालिका दस्तयाब, आरोपी गिरफ्तार

**उनियारा/चौरु।** अलीगढ़ थाना क्षेत्र से एक माह 20 दिन से अपहृत बालिका को पुलिस ने बढ़ी मसक्कत करके करीब आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर दबिश देकर दस्तयाब किया है एवं आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस रिमांड पर लिया है।

जयपुर निवासी ने उपस्थित थाना होकर एक रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि मेरी नाबालिग पुत्री अपनी मौसी के यहां पर 9.4.22 को अलिगढ जिला टोंक मिलने आई हुई थी और दो दिन से यहां रह रही थी, उसी बीच 11.4.22 को जयपुर निवासी बाबू चौहान मोहल्ला शास्त्री नगर तेली पाडा अलीगढ़ आया और मेरी नाबालिग पुत्री को अलीगढ़ अपनी मौसी के यहां से भगा कर ले गया। रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज किया जाकर तलाश जारी कर अनुसंधान शुरु किया गया।

पुलिस अधीक्षक जिला टोंक व अति पुलिस अधीक्षक जिला टोंक के आदेशनुसार, वृताधिकारी वृत उनियारा के अलीगढ़ थानाधिकरी नाहर सिंह के निर्देशानुसार में मय टीम द्वारा अलीगढ, उनियारा, ककोड, टॉक शहर, निवाई, चाकसु, शास्त्री नगर, सांगानेर, सिंधि कैम्प, ब्यावर आदि स्थानों पर तलाश कर बालिका को दस्तयाब कर समस्त वैधानिक औपचारिकता पूर्ण करने के उपरान्त बालिका के न्यायालय में धारा 164 सीआरपीसी के कथन कलमबध्द करवाये गए व अनुसंधान से प्रकरण में जुर्म धारा पोक्सो एक्ट का अपराध प्रमाणित पाय जाने पर मुल्जिम की तलाश कर मुल्जिम जयपुर को गिरफ्तार किया गया।

## प्रतिभा सम्मान समारोह के लिए दिया गणेश जी को निमंत्रण

**टोंक।** ट्रस्ट मंदिर श्री सीतारामजी पंचायत तेलीयान टोंक के तत्वावधान में जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह व आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन 3 एवं 4 नवंबर 2022 को सफल बनाए जाने हेतु बुधवार को अन्नपूर्णा श्री गणेश मंदिर टोंक में विद्वान आचार्य श्री घनश्याम शर्मा दाधीच द्वारा विधि-विधान पूर्वक गणेश जी को आमंत्रण करवाया गया।

ट्रस्ट मंदिर अध्यक्ष माधव दास साहू ने बताया कि वर वधु पक्ष से प्रत्येक से 31 हजार-31 हजार रुपए लिए जाएंगे सम्मेलन में पायजेब,टीका, चुटकी मंगलसूत्र (चांदी के) बर्तन 11, अलमारी, बेड, पंखा, बक्सा तथा सुहाग का सामान दिया जावेगा वर वधु को समिति द्वारा कपडे दिए जाएंगे।

# जाट समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में 13 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

**डिग्गी, (निसं)।** जाट समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजन समिति जिला टोंक की ओर से आज डिग्गी स्थित जाट धर्मशाला में समाज का 19 वां सामूहिक विवाह सम्मेलन हुआ। सम्मेलन में 13 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे।

वहीं पंडित भंवरलाल राजाराम शर्मा डिग्गी की ओर से मंत्रोच्चारण के साथ फेरे करवाए गए। जाट धर्मशाला से श्री कल्याण मंदिर तक दूल्हों की निकासी निकाली गई, जो मंदिर दर्शन कर वापस जाट धर्मशाला पहुंची। जहां पर तोरण की रस्म अदा की गई। वहीं नवविवाहित जोड़ों ने एक दूसरे को वरमाला भी पहनाई।

वहीं विवाह सम्मेलन में मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया, पूर्व जिला प्रमुख रामविलाश चौधरी, पूर्व जिला प्रमुख सत्यनाराण चौधरी, विधायक, अजमेर लोकसभा अध्यक्ष भागीरथ चौधरी, राजाराम मील, एडीएम सुखराम खोकर, मालपुरा प्रधान, केकडी विधायक शत्रुघ्न गौतम, टोंक भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पराणा, पूर्व प्रधान ममता चौधरी सहित कई मुख्य अतिथियों ने शिरकत की। इस दौरान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया ने परिणय सूत्र में बंधे जोडों को आशीर्वाद दिया। वही सतीश पूनिया ने कहा कि समस समय पर ऐसे आयोजन होना चाहिए। जाट समाज सामूहि विवाह सम्मेलन अध्यक्ष, महामंत्री रामकरण बुगालिया, कोषाध्यक्ष उम्मेंद सिंह, प्रचार मंत्री धन्नालाल गढवाल, संयोजक रामलाल बुगडिया, प्रवक्ता रामधन जावल्या पीपलू, मंत्री बजंरग लाल, उपाध्यक्ष मुकेश खादवाल, शंकरलाल, नंदकिशोर, नानूलाल, रामनिवास, लालचंद माहुलिया, रामेश्रवर सिंह, छीतर धाकड, सत्यनाराण चौधरी पूर्व सरंपच,हीरालाल चौधरी डिग्गी सहित जाट समाज के सदस्यो के द्वारा अमिथियों का स्वागत किया गया।



सम्मेलन में मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया, पूर्व जिला प्रमुख रामविलास चौधरी आदि मौजूद रहे।

# गहलोत सरकार फिर से बाडेबंदी में जाने को तैयार: राज्यवर्धन राठौड़

**सांभरझील, (निसं)।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और जयपुर ग्रामीण सांसद कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने आज किशनगढ़-रेनवाल स्थित कन्हैयालाल सांगा मेमोरियल राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में विधायक कोष से 1 करोड़ रूपये की लागत से बनने वाले ओपीडी भवन का शिलान्यास किया।

इस दौरान सभा को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि गहलोत सरकार फिर से बाडेबंदी में जाने को तैयार है, प्रदेश की जनता है त्रस्त और सरकार फिर होगी होटलों में मस्त। प्रदेश की कांग्रेस सरकार से त्रस्त जनता 2023 में भाजपा की डबल इंजन सरकार बनाएगी और कांग्रेस को हमेशा के लिए बाडे में बंद ही कर देगी। इस अवसर पर मोदी सरकार की उपलब्यिों को बताते हुए कहा मोदी सरकार स्वास्थ्य सेवाओं पर ध्यान केन्द्रीत करते हुए कार्य कर रही है। कर्नल राज्यवर्धन ने ओपीडी भवन के उपर बनने वाली मंजिल का निर्माण केन्द्र सरकार की सहायता से करवाने की बात कही और किशनगढ़ रेनवाल में विकास कार्यों के लिए सांसद कोष से 10 लाख रूपये देने की घोषणा भी की। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक निर्मल कुमावत भी उनके साथ रहे।इसके बाद कर्नल राज्यवर्धन ने फुलेरा रेलवे स्टेशन पर चल रहे निर्माण कार्यो का निरिक्षण किया। इस दौरान पुरानी पुलिया के निर्माण को लेकर उन्होंने रेल मंत्री एवं अधिकारियों से टैक्नीकल रिपोर्ट मंगवाने की बात कही।

■ किशनगढ़ रेनवाल में सीएचसी के ओपीडी भवन का किया शिलान्यास

## जयकिशन को विज्ञान संकाय में 92.40 अंक मिले



**सांभरझील,(निसं)।** राजकीय दरबार उच्च माध्यमिक विद्यालय इंग्लिश मीडियम विज्ञान संकाय के छात्र जय किशन कुमावत पुत्र कैलाशचंद कुमावत निवासी सांभर ने सर्वाधिक 92.40 प्रतिशत अंक अर्जित कर स्कूल व क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

स्कूल के प्रिंसिपल टीकमचंद मालाकार से बात करने पर बताया विज्ञान संकाय में 50 छात्रों में से 37 छात्रों ने प्रथम स्थान हासिल किया है लेकिन जयकिशन ने सर्वाधिक अंक हासिल कर टॉप पर रहे। आज घोषित परिणाम के बाद उनके परिवार में जबरदस्त खुशी व्याप्त है। प्राप्त जानकारी के अनुसार छात्र के पिता सब्जी मण्डी में सब्जी बेचने का काम करते है तथा छात्र के दादा राजकीय शाकम्भर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद से रिटायर्ड हो चुके हैं। बताया गया कि छात्र की सफलता के पीछे खुद की कडी मेहनत व स्कूल के शिक्षकों का मार्गदर्शन खास रहा है। विज्ञान संकाय में छात्र जयकिशन ने हिंदी में 88, अंग्रेजी में 86, फिजिक्स में 94, केमिस्ट्री में 97 व गणित में 97 अंक हासिल किए है। स्कूल प्रशासन व अनेक लोगों ने छात्र को शुभकामनाएं दी।

# फुलेरा जंक्शन के पुराने ऑवर ब्रिज के स्थान पर नया बनाने की मांग ने गति पकड़ी

**फुलेरा, (निसं)।** फुलेरा जंक्शन पर टिकट बुकिंग के निकट बने रेलवे पुलिया को प्रशासन के द्वारा डिस्मेटल किया जा रहा है, जिसको रोकने के लिए व्यापारी मित्र संगठन फुलेरा एवं आमजन के द्वारा पिछले कई दिनों से विरोध एवं आग्रह किया जा रहा है। वहीं व्यापारी मित्र संगठन की कई दिनों से चल रही लंबित मांग को मध्य नजर रखते हुए बुधवार दोपहर 1:30 बजे जयपुर ग्रामीण सांसद कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड, स्थानीय विधायक निर्मल कुमावत हलवाई बाजार स्थित धरना स्थल पर पहुंचकर जनता एवं व्यापारीयों से रूबरू होकर समस्याएं सुनी।

वहीं व्यापारी मित्र संगठन के संरक्षक प्यारेलाल कुमावत एवं पूर्व पालिकाध्यक्ष मनोज आहूजा के नेतृत्व में व्यापारियों ने एक सूत्री मांग को लेकर सांसद राठौड और विधायक को ज्ञापन सौंपा। इसी क्रम में कार्यक्रम के दौरान मंच का संचालन पूर्व पालिका अध्यक्ष मनोज आहूजा के द्वारा किया गया। जबकि इसके पूर्व जैसे ही फुलेरा में सांसद राठौड और विधायक कुमावत का आगमन हुआ। वैसे ही उपस्थित जनसमुदाय ने तालियों की करतल ध्वनि से, ढोल व शहनाई के साथ पुष्प-वर्षा कर स्वागत अभिनन्दन किया। वहीं स्थानीय व्यापारीयों ने भी माला-साफा पहनाकर पुष्प-गुच्छ भेंट कर अभिनन्दन किया।



सांसद कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ एवं स्थानीय विधायक निर्मल कुमावत को पदाधिकारियों ने ज्ञापन सौंपा।

**व्यापारियों की झलकी पीड़ा, सुनाया अपना दर्द :** रेलवे प्रशासन द्वारा प्लेटफार्म पर नई पुलिया के निर्माण के पश्चात पुरानी पुलिया को तोड़ा जा रहा है। जिससे व्यापार तो नष्ट होगा ही, साथ ही यात्रियों को भी आवागमन में भी काफी किल्लत झेलनी पड़ेगी। जैसे ही व्यापारी रतन चौधरी, महेश नेमीवाल, किशन प्रकाश गगरानी ने सांसद राठौड और विधायक कुमावत को ज्ञापन सौंपा। वैसे ही उनकी आंखों से दर्द छलक पड़ा और उनके साथ सभी व्यापारीगण भी भावुक हो गए।

**राठौड़ ने बंधवाई हिम्मत:** जयपुर ग्रामीण सांसद कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड ने कहा कि आपको चिन्ता करने की आवश्यकता नहीं है। मैं जब तक हूं आपके हित में ही फैसला लिया जाएगा। मैं स्वयं दिल्ली जाकर रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव और रेल प्रशासन से इस संदर्भ में पुन: चर्चा करूंगा और रेलवे ऑवर ब्रिज की पुन: तकनीकी जांच करवाकर फुलेरा की आम जनता के हित में जो भी फैसला होगा वही लिया जाएगा। इसी क्रम में स्थानीय विधायक निर्मल कुमावत ने भी व्यापारी मित्र संगठन के पदाधिकारियों को आश्वस्त किया कि वे पूर्णतया उनके साथ हैं और आगे भी रहेंगे। गौरतलब है कि रेलवे प्रशासन के द्वारा वर्षो पुरानी निर्मित पुलिया को तोड़ा जा रहा है। हालांकि इसके स्थान पर पीछे की तरफ नवीन पुलिया का निर्माण पहले ही कर दिया गया है। परन्तु यह पुलिया जो पहले से बनी हुई थी। वह स्टेशन के बीच में है तथा मुख्य बाजार तथा ग्रामीण अंचल, रेलवे कॉलोनी को आपस में जोड़ने का कार्य करती है। लेकिन इस पुलिया को तोड़ने से व्यापारी ही नही वरन महिला-पुरुष, विधार्थीयों और यात्रीयों सहित अन्य सभी को परेशानी होगी। जिससे सभी में भारी असंतोष व्याप्त है।

■ सांसद कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ एवं विधायक निर्मल कुमावत व्यापारियों से हुए रूबरू

वहीं आगे देखा गया कि फुलेरा के आमजन और यात्रियों के हितों में व्यापारियों ने गार्ड कॉलोनी, न्यू गार्ड कॉलोनी, इन्द्रा बाजार, हलवाई बाजार सहित मुख्य बाजार के प्रतिष्ठानों को दोपहर 12 से 2 बजे तक बंद रखे। इस अवसर पर नरेना देहात मण्डल अध्यक्ष देवकरण गुर्जर, नेता प्रतिपक्ष नगरपालिका संजय पारीक, पार्षद आशा सैनी, पूजा भाटी, सरदार चौधरी, जितेन्द्र वर्मा, मदन लाल गढ़वाल, पूर्व मण्डल अध्यक्ष भाजपा महावीर प्रसाद जैन, केपी गगरानी, पूर्व पार्षद डॉ. पुखराज स्वामी, दैनिक रेल यात्री संघ एकीकृत फुलेरा के अध्यक्ष अशोक वासुदेव, सचिव नरेन्द्र पारीक चिरंजी लाल कुमावत, सुधांशु दाधीच, रवि जैन, विशाल सुरोलिया, पवन कुमावत, कमल कुमार, धर्मेन्द्र सैनी सहित अन्य सैकड़ों व्यापारीगण उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### इशिका व हयात ने नाम रोशन किया



**चाकसू।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान 12वीं विज्ञान वर्ग के परिणाम में प्रोग्रेस कोचिंग ग्रुप चाकसू की छात्राएं इशिका जैन 92.80 प्रतिशत एवं आयत हयात खान 90 प्रतिशत अंक प्राप्त करके कोचिंग सेंटर, परिवार तथा चाकसू का नाम रोशन किया। प्रोग्रेस कोचिंग ग्रुप के संस्थापक सर्वेश्वर मिश्र ने बताया कि छात्राएं पढ़ने में होशियार है वह आने वाले समय में क्षेत्र का नाम आगे भी यूं ही रोशन करेंगी।

### जयवर्धन तीन तहसीलों में रहा टॉपर



**नारायणपुर, (निसं)।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड 12वीं विज्ञान वर्ग में क़स्बा स्थित भारती पब्लिक सीनियर सैकंडरी स्कूल का छात्र जयवर्धन सिंह 96.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर थानागाजी, नारायणपुर, बानसूर तहसील में टॉपर रहा है। इससे उनको मिलने वालो की तरफ से बधाई मिल रही है। कानपुरा लोज निवासी छात्र जयवर्धन सिंह प्रतिदिन 10 घंटे पढाई करता था। उन्होंने सफलता का श्रेय गुरुजनों व माता-पिता को दिया है। छात्र के पिता भवानी सिंह भौतिक विज्ञान के व्याख्याता और माता गृहणी है। छात्र ने बताया कि भविष्य में डॉक्टर बनकर माता-पिता व रिश्तेदारों का सपना साकार करना चाहता है। बता दे कि छात्र जयवर्धन ने 10वीं में भी 97.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर राजस्थान के टॉप 15 विद्यार्थियों में स्थान बनाया था। जिससे उनको माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से स्कोलरशिप मिल रही है।

### पट्टे पाकर खिले आमजन के चेहरे

**पावटा।** पावटा प्रागपुरा नगरपालिका के द्वारा बुधवार को कई वार्डो के लोगों को 15 भूखंडों के पट्टे आवंटित किए गएं। पट्टे आवंटन के दौरान नगरपालिका चेयरमैन उर्मिला अग्रवाल, वाइस चेयरमैन अशोक सैनी, नरपत सिंह शेखावत, सामजिक कार्यकर्ता निर्मल पंसारी, बद्री प्रसाद चौहान उपस्थित रहे। नगर पालिका से मिली जानकारी के अनुसार पावटा प्रागपुरा नगर पालिका में पट्टे बनवाने के लिए काफी लोगों ने आवेदन किया है। उन आवेदनों की जांच की जा रही है। जांच पूरी होते ही पेंडिंग मामलों का भी निस्तारण शीघ्र कर दिया जाएगा। भूखंडों के पट्टे जारी होने पर लाभार्थियों ने नगरपालिका प्रशासन का आभार व्यक्त किया है। नगरपालिका चेयर मेन उर्मिला अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि नगरपालिका के द्वारा 15 लाभार्थियों को भूखंडों के पट्टे 69 ए के तहत जारी किए गए हैं। पालिका की भूमि शाखा के प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए पेंडिंग मामलों के शीघ्र निस्तारण के लिए निर्देशित किया है।

### आपसी झगड़े में चार जने घायल

**मालपुरा।** पचेवर थाना क्षेत्र के द्वारकापुरी उर्फ बुढी गांव में बुधवार को कांटों की बाड लगाने को लेकर हुए विवाद में चली लाठी व कुल्हाडी के हमले से चार जने घायल हो गये। जिन्हें मालपुरा सीएचसी में भर्ती कराया गया। घायलों के परिजनों ने बताया कि बुधवार को नन्दकिशोर वैष्णव अपने परिवारजनों के साथ घर पर बैठा था इसी दौरान गोपाल व उसके परिजन उनके मकान के सामने रिक्त पड़ी जमीन पर कांटों की बाड लगाने लगे जिसका उलाहना देने पर बनवारी, गोपाल, मनीष, दिनेश, पूजा, लाली, प्रेम सहित अन्य ने लाठी व कुल्हाडी से हमला कर दिया। जिसमें नन्दकिशोर वैष्णव, सुप्यार देवी, छोटी देवी एवं रिंकु गंभीर रूप से घायल हो गये। सुचना पर पहुंचे अन्य परिजनो ने घायलो को मालपुरा अस्पताल मे उपचार के लिए भर्ती कराया गया।

### पालिका अध्यक्ष ने बांटे 324 पट्टे

**मालपुरा।** प्रशासन शहरो के संग अभियान 2021 के अन्तर्गत पट्टा वितरण अभियान के तहत नगरपालिका परिसर में आयोजित समारोह में पालिका अध्यक्ष आशा नामा, उपाध्यक्ष पवन मैन्दवास्या, अधिशाषी अधिकारी सुरेन्द्र कुमार मीणा ने पार्षदों की मौजूदगी में 324 स्टेट ग्रान्ट व 69ए सहित कृषि व आबादी भूमि के पट्टों का वितरण किया गया तो पालिका अध्यक्ष आशा नामा ने जल्द शहर में सभी 35 वार्डो में 25-25 लाख की लागत से विकास कार्य करवाने, शहरी रोजगार गारन्टी के तहत जल्द कार्य स्वीकृत करने,वार्डों में हैण्डपम्प व बॉरवेल सहित हाई मास्ट व विधुत व्यवस्था के साथ-साथ सरकारी अस्पताल मे सार्वजनिक शोचालय निर्माण विभिन्न समाजों के सामुदायिक भवन निर्माण आदि के कार्य करवाये जाने के बात कही।

### वाल्मीकि संघर्ष समिति का गठन

**पावटा।** पावटा प्रागपुरा नगर पालिका में चल रहे धरना प्रदर्शन व आंदोलन के लिए पावटा प्रागपुरा के वाल्मीकि समाज ने द्वारा एक बैठक का आयोजन कर वाल्मीकि संघर्ष समिति का गठन करते हुए महेंद्र सारसर को समिति का अध्यक्ष, नवरंग बिवांल को उपाध्यक्ष, कमल सारवाण को सचिव, निरंजन सारसर को महामंत्री, हंसराज बिवांल को संगठन मंत्री, सुंदर सारसर को कोषाध्यक्ष, प्रचार मंत्री व मीडिया प्रभारी मनीष बिवांल, तुलसीराम बिवांल को सलाहकार, कमलेश प्रागपुरा को सहायक सलाहकार व नरसीराम सारसर, सन्नी सारवाण, विनोद बिवांल को सदस्य के पद पर मनोनीत किया गया। गठित संघर्ष समिति के पदाधिकारियो व कार्यकर्ताओं का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया।

### एंजिल एकेडमी के विद्यार्थियों का रिकॉर्ड

**खैरथल।** स्थानीय एंजिल एकेडमी स्कूल के नौ बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर परचम फहराया है। प्रिंसिपल ज्योति आडतानी ने बताया वाणिज्य व साइंस वर्ग में क्लास के सभी बच्चे प्रथम श्रेणी से पास हुए हैं। इनमें कोमल गुप्ता पुत्री रुपनारायण ने 94 प्रतिशत, ममता बाबानी पुत्री किशोर बाबानी ने 94, दिव्या गुप्ता पुत्री रविंद्र गुप्ता ने 93, पिंकी कुमारी पुत्री योगेंद्र सिंह ने 92, दीपांशी पुत्री धर्मदास ने 92, विशाखा शर्मा पुत्री संजय शर्मा 92, आर्या सेठी पुत्री अशोक सेठी ने 91, कशीस पुत्री संजय कुमार ने 90, हर्षिता पुत्री ब्रज मोहन ने 90 प्रतिशत अंक लाये है।

### आदर्श जोहड़ खुदाई कार्य का शुभारंभ

**किशनगढ़ बास।**अमृत सरोवर अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत मीरका के लिसाना में आदर्श तालाब निर्माण जोहड़ खुदाई कार्य का शुभारम्भ किशनगढ़ बास पंचायत समिति के प्रधान बी पी सुमन विकास अधिकारी नरेंद्र प्रसाद मीना सहायक अभियंता रामजीलाल ने किया। कार्यक्रम के दौरान सरपंच प्रताप सिंह यादव ग्राम विकास अधिकारी रामगोपाल सैनी कनिष्ठ सहायक निहालो एवं ग्रामवासी उपस्तिथ रहे।


यूको बैंक UCO BANK

दिनांक: 01/06/2022: शाखा कोटपुतली (0486), पिथावली, बस डिपो के पीछे, मोबाईल नो. 9929525191

**लॉकर धारकों को सूचनार्थ**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित शाखा के अंतर्गत अधोलिखित लॉकर धारकों का लॉकर किराया बकाया चल रहा है। इस नोटिस के माध्यम से चूककर्ता लॉकर धारको को सूचित किया जाता है कि इस विज्ञप्ति के प्रकाशन से 15 दिन की अवधि में संबंधित शाखा में संपर्क कर बकाया, किराया + टैक्स + पेनल्टी एवं नोटिस प्रकाशन खर्च की राशि का भुगतान करे अन्यथा नियत अवधि बीत जाने के पश्चात बैंक को यह अधिकार होगा कि वे लॉकर को तुड़वाकर (ब्रेक ओपन), लॉकर में रखी वस्तुओं की नीलामी कर बकाया राशि एवं लॉकर तुड़वाने का खर्च साथ ही कानूनी कार्यवाही कर वसूल करेगा जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी लॉकर धारक की होगी।

| क्र. सं. | लॉकर धारक का नाम | लॉकर संख्या | बकाया राशि | अंतिम नोटिस भेजने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | हरी प्रसाद शर्मा | AA019 | 22880/- | 22.11.2021 |
| 2. | बृजमोहन अग्रवाल | AA023 | 54340/- | 22.11.2021 |
| 3. | राजेन्द्र सरन | AA026 | 10010/- | 22.11.2021 |
| 4. | पी सी अग्रवाल | AA056 | 27170/- | 22.11.2021 |
| 5. | नवल किशोर गुप्ता | AA068 | 12870/- | 22.11.2021 |
| 6. | मनु गोपाल गुप्ता | AA069 | 55340/- | 22.11.2021 |
| 7. | रमावतार अग्रवाल | BA133 | 18590/- | 22.11.2021 |
| 8. | सुरेश कुमार अग्रवाल | BA146 | 12870/- | 22.11.2021 |

प्राधिकृत अधिकारी यूको बैंक



हम श्रीजेश को बड़े और अहम मुकाबलों में खेलते देखना चाहते हैं। आज हमें ऐसे गोलकीपर की अवश्यकता है। भविष्य के लिए हमें और भी ऐसे गोलकीपर तैयार करने होंगे। **– दिलीप टिर्की**

पूर्व भारतीय हॉकी खिलाड़ी, गोलकीपर श्रीजेश की फिटनेस को लेकर चिंता जताते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**

## रियल मैड्रिड



**गेरेथ** बेल ने रियल मैड्रिड के साथ अपने नौ साल के सफ़र को समाप्त करने की बुधवार को घोषणा की। उन्होंने अपने ट्विटर अकाउंट पर एक अलविदा पत्र जारी कर रियल मैड्रिड और उसके प्रशंसकों को अलविदा कहा। बेल 2013 की गर्मियों में टॉटेनहैम हॉट्सपुर छोड़कर रियल मैड्रिड में शामिल हुए थे। उन्होंने मैड्रिड के लिये 258 मैच खेलकर 106 गोल दागे हैं। स्पेन के क्लब में बेल का ज़्यादातर समय चोटिल रह कर गुज़रा। उन्होंने इस सीज़न में सिर्फ सात मुकाबले खेले और शनिवार के चैम्पियन्स लीग फाइनल में मैड्रिड की जीत में कोई योगदान भी नहीं दे पाये।

**क्या आप जानते हैं ?...** टेस्ट क्रिकेट खेलने वाले 10 देशों में से 6 देश ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज, न्यूजीलैंड, भारत और श्रीलंका ने अपना पहला टेस्ट मैच इंग्लैंड के विरुद्ध खेला है।

# जापान को हराकर भारत ने एशिया कप में जीता कांस्य



जकार्ता, 1 जून। भारतीय हॉकी टीम ने हीरो एशिया कप के कांस्य पदक मुकाबले में जापान को बुधवार को 1–0 से हराकर टूर्नामेंट में तीसरा स्थान हासिल कर लिया। इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता के जीबीके एरिना में हुए इस मुकाबले में भारत ने राजकुमार पाल के गोल की बदौलत जापान को शिकस्त दी।

राजकुमार ने पहले ही क्वार्टर में मैच का इकलौता गोल कर भारत को बढ़त दिला दी थी। इसके अलावा जापान को सात पेनल्टी कॉर्नर और भारत को दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन कोई भी टीम इन्हें गोल में तब्दील नहीं कर सकी। भारत ने 11 बार जबकि चीन ने 10 बार विरोधी टीम के सर्किल को भेदने में सफलता हासिल की। मैच के अंतिम मिनट में भारत ने सिर्फ 10 खिलाड़ियों के साथ खेलते हुए भी एशिया कप का अपना दूसरा कांस्य पदक जीत लिया।

भारत और जापान के बीच ठ्रुप स्टेज के मुकाबले में जापान ने 5–2 से जीत हासिल की थी, लेकिन बिरेंद्र लाकड़ा की टीम ने पिछले मैच को पीछे छोड़ते हुए पहले क्वार्टर की ज़ोरदार शुरुआत की। भारत के लिये मंजीत ने बाएं फ्लैंक से हमला करते हुए पहला गोल करने की कोशिश की लेकिन जापान ने जैसे-तैसे अपना बचाव किया।

इसके जवाब में जापान ने दबाव बनाने की कोशिश करते हुए दो बार भारतीय सर्किल को भेदा, लेकिन टीम डिफेंस ने दोनों बार मोर्चा संभाले रखा। अंततः कांस्य पदक मुकाबले के नौवें मिनट में राजकुमार पाल ने गोल करते हुए भारत को 1–0 की बढ़त दिलायी। जापान ने दूसरे क्वार्टर की शुरुआत में गेंद को अपने पास रखने की कोशिश की। इस क्वार्टर में जापान को लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर भी मिले, लेकिन वह इन्हें गोल में तब्दील नहीं कर सकी।

तीसरे क्वार्टर में भारत ने आक्रामक रवैया अपनाते हुए कई बार जापान के सर्किल को पार किया। जब क्वार्टर में सिर्फ दो मिनट बचे थे तब मनिंदर ने जापान के डी में प्रवेश कर गेंद को सुनील को पास किया। सुनील ने राइट हैंड फ्लैंक से गेंद को गोल तक पहुंचाने की कोशिश की लेकिन वह असफल रहे। चौथे क्वार्टर की शुरुआत में ही जापान को लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन वह इसका फायदा न उठा सकी।

## द. कोरिया ने जीता एशिया कप

जकार्ता, 1 जून। दक्षिण कोरिया ने मलेशिया को बुधवार को 2–1 से हराकर हीरो एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में खिताब जीत लिया। दोनों टीमें आधे समय तक 1–1 से बराबर थीं। कोरिया ने मैच विजयी गोल चौथे क्वार्टर में दागा और स्वर्ण अपने नाम किया। भारत ने जापान को 1–0 से हराकर कांस्य पदक जीता। पहला क्वार्टर गोलरहित रहने के बाद दूसरे क्वार्टर में 17वें मिनट में मांजे जुंग ने मैदानी गोल कर कोरिया को बढ़त दिलाई। सईद चोलान ने 25वें मिनट में मलेशिया के लिए बराबरी का गोल दागा। तेलांग ने अंतिम क्वार्टर में 52वें मिनट में कोरिया के लिए बढ़त दिलाने वाला गोल दाग दिया जो अंततः मैच विजयी साबित हुआ।

# गांगुली ने अध्यक्ष पद से इस्तीफा नहीं दिया : जय शाह

कोलकाता, 1 मई। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष सौरव गांगुली के इस्तीफ़े की अफवाहों को शांत करते हुए बोर्ड के सचिव जय शाह ने कहा है कि वह अपने पद पर बने रहेंगे। गांगुली ने बुधवार को सोशल मीडिया पर बयान जारी कर कहा था कि वह अपने जीवन में कुछ नया शुरू करने जा रहे हैं, जिसके बाद यह अटकलें लगायी जा रही थीं कि वह बीसीसीआई अध्यक्ष पद से इस्तीफ़ा देकर राजनीति का रुख़ करेंगे।

गांगुली ने अपने बयान में कहा था, 1992 में शुरू हुए मेरे क्रिकेट करियर को 2022 में 30 साल पूरे हो गए हैं। तब से क्रिकेट ने मुझे बहुत कुछ दिया है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इसने मुझे आप सभी का समर्थन दिया है। आज मैं कुछ ऐसा शुरू करने की योजना बना रहा हूं जो मुझे लगता है कि शायद बहुत से लोगों की मदद करेगा। मुझे आशा है कि मेरे जीवन के इस अध्याय में प्रवेश करने पर आप अपना समर्थन जारी रखेंगे। इसके कुछ समय बाद ही बीसीसीआई सचिव शाह ने बयान जारी कर कहा कि गांगुली ने इस्तीफ़ा नहीं दिया है। उन्होंने कहा, सौरव गांगुली ने बीसीसीआई अध्यक्ष पद से इस्तीफ़ा नहीं दिया है।

# कुछ 'नया' शुरू करने जा रहा हूं : गांगुली



कोलकाता, 1 जून। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष सौरव गांगुली ने बुधवार को कहा कि वह कुछ शुरू करने की योजना बना रहे हैं जो बहुत से लोगों की मदद करेगा, जिसने इन अटकलों को हवा दी है कि वह राजनीति में शामिल हो सकते हैं।

2019 में बीसीसीआई अध्यक्ष चुने गये गांगुली ने ट्विटर पर एक बयान साझा करते हुए कहा कि 1992 में शुरू हुए उनके क्रिकेट करियर को 2022 में 30 साल पूरे हो गए हैं। गांगुली ने कहा, तब से क्रिकेट ने मुझे बहुत कुछ दिया है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इसने मुझे आप सभी का समर्थन दिया है।

उन्होंने यात्रा का हिस्सा बनने वाले सभी लोगों को धन्यवाद दिया और कहा, आज, मैं कुछ ऐसा शुरू करने की योजना बना रहा हूं जो मुझे लगता है कि शायद बहुत से लोगों की मदद करेगा। मुझे आशा है कि मेरे जीवन के इस अध्याय में प्रवेश करने पर आप अपना समर्थन जारी रखेंगे। बयान के बाद अटकलें लगाई गयी हैं कि वह राजनीति में प्रवेश कर सकते हैं। उन्होंने हाल ही में पश्चिम बंगाल के अपने पैतृक निवास पर गृह मंत्री अमित शाह की मेजबानी की थी, जिससे अटकलें लगाई जा रही थीं कि वह राजनीति में शामिल हो सकते हैं।

# जोकोविच पर मैराथन जीत से नडाल 15वीं बार सेमीफाइनल में



पेरिस, 1 जून। स्पेन के राफेल नडाल ने फ्रांस की राजधानी पेरिस में चल रहे फ्रेंच ओपन में अपने चिर प्रतिद्वंद्वी सर्बिया के नोवाक जोकोविच को क्वार्टरफाइनल में हराते हुए अपने 15वें सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। फिलिप चेट्रीर कोर्ट में बुधवार देर रात को चार घंटे 12 मिनट चले मुकाबले में नडाल ने जोकोविच को 6–2, 4–6, 6–2, 7–6 (4) से मात दी।

मैच में नडाल एक सेट और डबल ब्रेक से आगे चल रहे थे। जोकोविच ने वापसी करते हुए दूसरा सेट अपने नाम किया, लेकिन विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी नडाल ने त्तीसरे और चौथे सेट में अपना वर्चस्व दिखाते हुए उन्हें मात दे दी। नडाल ने तीसरा और चौथा सेट 6–2, 7–6(4) से जीता।

मैच के पहले सेट में नडाल और जोकोविच दोनों ने ही अच्छी शुरुआत की लेकिन नडाल ने लंबी रैलियों में संयम दिखाते हुए इसे 6–2 से जीता। नडाल ने 10 मिनट के ओपनिंग गेम में सर्व शुरू करते हुए पहला पॉइंट हासिल किया, फिर दो लगातार ब्रेक पॉइंट बचाते हुए बढ़त को 3–1 कर लिया। 6–2 पर खत्म हुए सेट की स्कोरलाइन भले ही एकतरफ़ा रही हो लेकिन सभी रैलियों में दोनों खिलाड़ियों ने अपनी जान झोंक दी। दूसरे सेट में जोकोविच ने दोहरे ब्रेक डाउन से वापसी करते हुए रोमांचक सेट में आखिरी सात में से छह सेट जीतते हुए नडाल को 6–4 से शिकस्त दी। शुरुआती सेट की तरह ही, नडाल ने दूसरे सेट की शुरुआत भी ओपनिंग गेम में सर्विस के महत्वपूर्ण ब्रेक के साथ की। जोकोविच के 13 मिनट से अधिक समय तक बचे रहने के बाद, नडाल ने मैच पर नियंत्रण पाने के लिए खेल का अपना सातवां ब्रेक पॉइंट लिया। नडाल के 3–0 की बढ़त हासिल करने के बाद जोकोविच ने गियर बदला और नडाल की गलतियों का फायदा उठाते हुए मैच को 3–3 पर ला खड़ा किया। अंततः, जोकोविच ने अंतिम सात गेम में से छह जीतते हुए यह सेट 6–4 से अपने नाम किया।

नडाल ने तीसरे सेट की शुरुआत भी ब्रेक से करते हुए जोकोविच पर दबाव बनाया। 3–1 पर पहुंचने के लिये नडाल ने ब्रेक पॉइंट के लिये संघर्ष किया, लेकिन इसके बाद उन्होंने मैच को अपने शिकंजे में कस कर उसे तेज़ी से समाप्त कर दिया।

चौथा सेट रोमांचक भिड़ंत के बाद टाई ब्रेक तक गया। नडाल ने टाइब्रेक को 7–4 से जीतते हुए इस सेट में भी जोकोविच को शिकस्त दी और सेमीफाइनल में कदम रखा। चार घंटे से ज़्यादा चले मुकाबले में जीत के बाद नडाल का सेमीफाइनल में जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव से मुकाबला होगा जो नडाल के हमवतन कार्लोस एल्काराज़ को क्वार्टरफाइनल में हराकर इस स्टेज तक आये हैं। ज़्वेरेव ने एल्काराज़ को तीन घंटे 18 मिनट चले मुक़ाबले में 6–4, 6–4, 4–6, 7–6(7) से शिकस्त दी।

हार के बाद जोकोविच ने कहा, महत्वपूर्ण क्षणों में वह बेहतर खिलाड़ी साबित हुए। उन्होंने दिखाया कि वह एक चैम्पियन क्यों हैं। वहां मानसिक रूप से मज़बूत रहना और मैच को इस तरह ख़त्म करना तारीफ के काबिल है। उन्हें और उनकी टीम को बधाई, कोई शक नहीं कि वह इसके हक़दार हैं।


**बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda**

शाखा कार्यालय: कोटपुतली, होटल सुख सागर, एनएच-8, कोटपुतली जिला-जयपुर-303108, फोन नं:- 01421-249437 ई-मेल: kotput@bankofbaroda.com

**मांग सूचना-सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13( 2 ) के अन्तर्गत**

निम्नांकित ऋणियों एवं जमानतदारों को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि उन्होने बैंक से लिए गए ऋण की किश्तों एवं उसके ब्याज का समय पर भुगतान नहीं किया अतः उनका खाता एन.पी.ए. में वर्गीकृत हो गया हैं। बैंक द्वारा सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13( 2 ) के तहत उनको बैंक रिकॉर्ड के अनुसार उनके अन्तिम ज्ञात पते पर नोटिस जारी किए गए थे जो कि उनके द्वारा प्राप्त नहीं किए जाने के फलस्वरूप पुनः लौट कर आ गए हैं। अतः उनको इस सामान्य नोटिस के द्वारा उक्त अधिनियम के तहत इस बारे में सूचित किया जाता है:

| क्र. सं. | ऋणियों एवं जमानतदारों का नाम एवं पता | प्रतिभूत आस्तियों/ बंधक सम्पत्तियों का विवरण | नोटिस 13( 2 ) की दिनांक | बकाया राशि ( नोटिस 13( 2 ) के अनुसार ) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | **मैसर्स नीलम मिल्क केक मैन्युफैक्चरिंग उद्योग** मोहल्ला बासडी, टेलीफोन एक्सचेंज रोड़, कोटपुतली, जिला-जयपुर-303108 **प्रोपराईटर-श्रीमती नीलम देवी पत्नी श्री बबलू सैनी** वार्ड नं. 2, ढाणी दीपावाली, टेलीफोन एक्सचेंज रोड़, बासडी, कोटपुतली, जिला-जयपुर-303108 **जमानतदार-श्री बबलू सैनी पुत्र श्री सल्लू राम सैनी** वार्ड नं. 2, ढाणी दीपावाली, टेलीफोन एक्सचेंज रोड़, बासडी, कोटपुतली, जिला-जयपुर-303108 | 1. स्टॉक एवं बुक डेब्ट्स का दृष्टिबंधक। 2. श्री बबलू सैनी पुत्र श्री सल्लूराम सैनी के नाम साम्यिक बंधक आवासीय सम्पत्ति जो मकान खसरा नं. 2118, खाता नं. 267, गांव बासडी, तालुका कोटपुतली, जिला-जयपुर, राजस्थान पर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 189.16 वर्ग गज है। सीमाएं-पूर्वः मनोज सैनी का प्लॉट, पश्चिमः रोड़ 30', उत्तरः आम रास्ता, दक्षिणः नानूराम सैनी का प्लॉट | 17.05.2022 गैर निष्पादक आस्ति (एनपीए) दिनांक 02.05.2022 | दिनांक 30.04.2022 को बकाया राशि रू.10,12,927.15 ( रूपये दस लाख बारह हजार नौ सौ सताइस एवं पैसे पन्द्रह मात्र ) एवं इसके आगे का ब्याज व अन्य खर्चे आदि। |
| 2 | **( 1 ) श्रीमती नीलम देवी पत्नी श्री बबलू सैनी ( 2 ) श्री बबलू सैनी पुत्र श्री सल्लूराम सैनी ( 3 ) श्री हुकम चंद सैनी पुत्र श्री सल्लूराम सैनी** वार्ड नं. 2, ढाणी दीपावाली, बासडी, कोटपुतली, जिला-जयपुर-303108 **जमानतदार-श्री जितेन्द्र कुमार सैनी पुत्र श्री बसंता राम** वार्ड नं. 2, ढाणी दीपावाली, बासडी, कोटपुतली, जिला-जयपुर-303108 | | 17.05.2022 गैर निष्पादक आस्ति (एनपीए) दिनांक 02.05.2022 | दिनांक 30.04.2022 को बकाया राशि रू.19,78,705.49 ( रूपये उन्नीस लाख अठहत्तर हजार सात सौ पांच एवं पैसे उनचास मात्र ) दिनांक 29.04.2022 तक ब्याज शामिल करते हुए एवं इसके आगे का ब्याज व अन्य खर्चे आदि। |

इस नोटिस के द्वारा उक्त ऋणियों/जमानतदारों के विरूद्ध अग्रिम कार्यवाही करते हुए उक्त उधारकर्ताओं / जमानतदारों को उक्त बकाया राशि इस नोटिस के प्रकाशन की तिथि से साठ ( 60 ) दिवस के भीतर पुनर्भुगतान हेतु आगाह किया जाता है, अन्यथा साठ ( 60 ) दिवस की समाप्ति के पश्चात सरफेसी अधिनियम की धारा 13( 4 ) के अन्तर्गत वसूली कार्यवाही की जाएगी। ऋणियों / जमानतदारों को यह भी सलाह दी जाती हैं कि वे बैंक के अधोहस्ताक्षरकर्ता / प्राधिकृत अधिकारी से किसी भी कार्य दिवस पर 13( 2 ) के अन्तर्गत जारी नोटिस की मूल प्रति प्राप्त कर लेवें।

**कर्जदारों/जमानतदारों का ध्यान, प्रतिभूत आस्तियों को छुडाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13( 8 ) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।**

हस्ता.
प्राधिकृत अधिकारी
बैंक ऑफ बड़ौदा

दिनांक: 01.06.2022
स्थान: कोटपुतली ( जयपुर )


# रणविजय सिंह चाम्पावत होंगे खेलों इंडिया में राजस्थान के चीफ डे-मिशन

## राजस्थान के 202 बालक-बालिका खिलाड़ी भाग लेंगे



जयपुर, 1 जून। पंचकुला (हरियाणा) में 2 से 13 जून तक आयोजित होने वाले चैथे खेलो इंडिया यूथ गेम्स में राजस्थान के 20 खेलो में 222 खिलाड़ी अंडर-18 आयु वर्ग में भाग लेगे। राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद् के खेल प्रबंधक व पूर्व राष्ट्रीय हैण्डबॉल खिलाड़ी रणविजय सिंह चाम्पावत खेल प्रबंधक को राजस्थान दल का चीफ डे-मिशन बनाया गया।

मुख्य खेल अधिकारी वीरेन्द्र पूनिया ने बताया कि 202 खिलाड़ियों के अलावा 59 प्रशिक्षक, मैनेजर और सपोर्टिंग स्टाफ भी राजस्थान दल में शामिल है। खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2022 का आयोजन 25 खेलो में किया जा रहा है, जिसमें राजस्थान के खिलाड़ी तीरंदाजी, एथलेटिक्स, हैण्डबॉल, बैडमिन्टन, बास्केटबॉल, बॉक्सिंग, साईक्लिंग, जिम्नास्टिक, जूडो, कबड्डी, खो-खो, शूटिंग, तैराकी, वॉलीबॉल, भारोत्तोलन, कुश्ती, गटका, कालारीपयातू, योगासना और मलखंब में भाग ले रहे है। राजस्थान का दल बुधवार को पंचकुला के लिए रवाना हो गया। उन्होंने बताया कि पिछले यूथ गेम्स 2020 में गोवाहाटी (आसाम) में हुये थे जिसमें राजस्थान 11 वें स्थान पर रहा था। राजस्थान में 15 स्वर्ण, 24 रजत और 12 कांस्य पदक सहित कुल 51 पदक जीते थे।

# भारत-दक्षिण अफ्रीका सीरीज में कड़े बायो-बबल से मिलेगी छूट

मुम्बई, 1 जून। पिछले कुछ वर्षों के चलन से पीछा छुड़ाते हुए बीसीसीआई ने आगामी भारत-दक्षिण अफ्रीका सीरीज़ में कड़े बायो-बबल के कड़े प्रावधानों में ढिलाई देने का फ़ैसला किया है। क्रिकइंफ़ो को ज्ञात हुआ है कि खिलाड़ियों और परिवारों को सात दिन के अनिवार्य क्वारंटीन पीरियड से गुज़रना नहीं पड़ेगा। सीरीज का पहला मैच नौ जून को दिल्ली में खेला जाएगा। भारतीय टीम शनिवार या उससे पहले दिल्ली में एकत्रित होने वाली है। तेम्बा बवूमा की अगुवाई वाली दक्षिण अफ्रीकी टीम दो जून को दिल्ली पहुंच सकती है। उनके दौरे के दल में कुल दस खिलाड़ी ऐसे हैं जिन्होंने आईपीएल 2022 में शिरकत की थी। नियमों में बदलाव का यह मतलब होगा कि खिलाड़ियों के होटल और स्टेडियम में आवाजाही पर किसी प्रकार की रोक नहीं होगी। हालांकि सभी को तमाम एहतियात बरतने और बड़ी सभाओं से जहां तक संभव हो दूरी बनाए रखने की हिदायत दी गई है।

# पहले टेस्ट के लिये इंग्लैंड की टीम घोषित

## कीवी खिलाड़ी निकोल्स कोरोना संक्रमित

लंदन, 1 मई। इंग्लैंड ने न्यूज़ीलैंड के खिलाफ गुरुवार से पहले टेस्ट मैच के लिये अपनी टीम की घोषणा कर दी है। जोफ्रा आर्चर, मार्क वुड और क्रिस वोक्स सहित इंग्लैंड के कई तेज गेंदबाजों के चोटिल होने के बाद टीम ने लॉर्ड्स टेस्ट के लिये एक बार फिर जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड की ओर रुख़ किया है। इंग्लैंड ने 39 वर्षीय एंडरसन और 35 वर्षीय ब्रॉड को मार्च में वेस्ट इंडीज़ के खिलाफ सीरीज हारने के बाद टीम से बाहर कर दिया था। ज़ैक क्रॉली और एलेक्स लीज़ बतौर ओपनर टीम में बरकरार हैं जबकि ओली पोप की टीम में वापसी हुई है। डरहम के गेंदबाज़ मैथ्यू पॉट्स इस मैच में अपना अंतरराष्ट्रीय डेब्यू कर रहे हैं। इसी बीच, न्यूज़ीलैंड के कप्तान केन विलियमसन ने पुष्टि की है कि हेनरी निकोल्स कोविड-19 से संक्रमित होने के कारण लॉर्ड्स टेस्ट से बाहर रहेंगे। **पहले टेस्ट के लिये इंग्लैंड की एकादश इस प्रकार है :** बेन स्टोक्स (कप्तान), जैक क्रॉली, एलेक्स लीज़, ओली पोप, जो रूट, जॉनी बेयरस्टो, बेन फॉक्स (विकेटकीपर), मैथ्यू पॉट्स, जैक लीच, स्टुअर्ट ब्रॉड, जेम्स एंडरसन।

# जयपुरिया विद्यालय को हराकर राजस्थान यूथ क्वार्टरफाइनल में

जयुपर, 1 जून। राजस्थान यूथ ने यूथ कप अण्डर 14 क्रिकेट प्रतियोगिता में आज खेले गये दूसरे प्री क्वार्टर फाईनल मैच में जयपुरिया विद्यालय को 8 विकेट से हराया। जयपुरिया ग्राउण्ड पर जयपुरिया विद्यालय ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सिधार्थ चन्द्रा के 32 रनों से 42.4 ओवर में 100 रन बनाकर आउट हो गई। राजस्थान यूथ लिए रोहन सिंह ने घातक गेन्दबाजी करते हुए 30 पर 5, चिराग सेन, अनुष्का शर्मा व अयान खान ने एक-एक विकेट लिया। ावाबी पारी में राजस्थान यूथ की टीम ने कुमार वासु के 23 रन, वरुण के नाबाद 65 रनों से 12.3 ओवर में 2 विकेट पर 102 रन बनाकर मैच जीत लिया। जयपुरिया विद्यालय के लिए अश्विन गुप्ता ने 2 पर 2 विकेट लिये।

## निर्वाण क्रिकेट क्लब ने टाईगर्स क्लब को हराया

जयपुर, 1 जून। निवार्ण क्रिकेट क्लब ने हॉट वेदर क्रिकेट प्रतियोगिता में आज खेले गये मैच में टाईगर्स क्लब को 4 विकेट से हराया। आज प्रातः के. एल. सैनी स्टेडियम पर टाईगर्स क्रिकेट क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए रितिक राठौर के 74 रन, वन्श आमेरिया के 12 रन, मोहित भगतानी के 13 रन, विनय आमेरिया के 34 रन, शुभम राव के 22 रन नाबाद से 50 ओवर में 8 विकेट पर 200 रन बनाए। निर्वाण क्लब के लिए रोनक ने 46 पर 3, पूरव शर्मा 22 पर 2, धर्मेश ने 41 पर 2 विकेट लिये। जवाबी पारी में निर्वाण क्रिकेट क्लब ने सुनित के 44 रन, भुवन शर्मा के 42 रन, धर्मेश चन्देल के 42 रन व नकुल अरोडा के 42 रनों से 42 ओवर में 6 विकेट पर 201 रन बनाकर मैच जीत लिया। टाईगर्स क्लब के लिए मोहित भगतानी ने 12 पर 2, आर्यन सैनी, विनय आमेरिया व शुभम राव ने एक-एक विकेट लिया।

# द्विपक्षीय टी-20 सीरीज के बजाय फ्रैंचाइजी क्रिकेट को मिले तरजीह : रवि शास्त्री

**हां, बिल्कुल। टी20 क्रिकेट में बहुत अधिक द्विपक्षीय सीरीज़ खेली जा रही हैं। जब मैं भारतीय टीम का कोच था उस दौरान भी मैंने यह बात कही थी। मैं इसे अपनी नज़रों के सामने घटित होता देख सकता हूं। यह फुटबॉल की तरह हो सकता है, जब टी20 क्रिकेट सिर्फ़ विश्व कप के दौरान खेला जाए। द्विपक्षीय श्रृंखलाओं को भला कौन याद रखता है?**



मुम्बई, 1 जून। जून महीने में अगले पांच वर्षों के लिए आईपीएल के मीडिया और प्रसारण अधिकार के लिए बोली लगने वाली है। क्या आईपीएल अधिक मैचों और अधिक मैच के दिनों के साथ और भी बड़ा हो सकता है? यह संभावनाओं से परे नहीं है। हालांकि इससे अंतर्राष्ट्रीय कैलेंडर के और सीमित हो जाने की संभावना है। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री मानते हैं कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर टी20 क्रिकेट को सिर्फ़ विश्व कप के दौरान ही खेला जाना चाहिए।

क्रिकइंफ़ो के रनऑर्डर कार्यक्रम के दौरान शास्त्री ने कहा, हां, बिल्कुल। टी20 क्रिकेट में बहुत अधिक द्विपक्षीय सीरीज़ खेली जा रही हैं। जब मैं भारतीय टीम का कोच था उस दौरान भी मैंने यह बात कही थी। मैं इसे अपनी नज़रों के सामने घटित होता देख सकता हूं। यह फ़ुटबॉल की तरह हो सकता है, जब टी20 क्रिकेट सिर्फ़ विश्व कप के दौरान खेला जाए। द्विपक्षीय श्रृंखलाओं को भला कौन याद रखता है?

शास्त्री ने आगे कहा, मुझे विश्व कप को छोड़कर, भारत के कोच के रूप में पिछले छह-सात वर्षों में एक भी खेल याद नहीं है। जो टीम विश्व कप जीतती है, वे इसे याद रखेंगे। दुर्भाग्य से, हम नहीं जीत पाए इसलिए मुझे वह भी याद नहीं है। मैं क्या कहना चाह रहा हूं? आप दुनिया भर में फ्रैंचाइज़ी क्रिकेट खेलते हैं, प्रत्येक देश को अपना फ्रैंचाइज़ी क्रिकेट रखने की अनुमति है, जो कि उनका घरेलू क्रिकेट है, और फिर हर दो साल में, आप आएं और वर्ल्ड कप खेलें।

आईपीएल 2022 की समाप्ति के बाद रविवार रात को आईपीएल के भविष्य को लेकर चर्चा हो रही थी, जिसमें भाग लेते हुए डेनियल वेटोरी, इयन बिशप और आकाश चोपड़ा ने इस पर सहमति जताई कि आईपीएल को और बड़ा होना चाहिए।


**राष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय, इंफाल, मणिपुर**
**(केंद्रीय विश्वविद्यालय)**
**भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय**

Azadi Ka Amrit Mahotsav

एफ.सं. एनएसयू/प्रवेश/2022-23 दिनांक: 25 मई 2022

**प्रवेश सूचना 2022-23**

राष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय शैक्षणिक सत्र 2022-23 के लिए निम्नलिखित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित करता है.

**प्रस्तावित पाठ्यक्रम**

| स्तर | पाठ्यक्रम का नाम | डिग्री | अवधि | |
|---|---|---|---|---|
| | | | वर्ष | सेमेस्टर |
| स्नातक | बैचलर ऑफ साइंस इन स्पोटर्स कोचिंग | बी.एससी. (स्पोट् र्स कोचिंग) | 4 | 8 |
| | बैचलर ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स | बीपीईएस | 3 | 6 |
| स्नातकोत्तर | मास्टर ऑफ साइंस इन स्पोर्ट्स कोचिंग | एम.एससी. (स्पोर्ट्स कोचिंग) | 2 | 4 |
| | मास्टर ऑफ आर्ट्स इन स्पोर्ट्स साइकोलॉजी | एम.ए. (स्पोर्ट्स साइकोलॉजी) | 2 | 4 |
| | मास्टर ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स | एमपीईएस | 2 | 4 |

इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश उम्मीदवारों की राष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (एनएसयूईई), शारीरिक स्वास्थ्य परीक्षण, खेल प्रवीणता, मौखिक परीक्षण और खेल उपलब्धि (यों) के आधार पर होगा. विभिन्न चयनित केंद्रों पर प्रवेश परीक्षा, शारीरिक दक्षता परीक्षा आदि ऑफलाइन आयोजित की जाएगी.

**पात्रता मानदंड, विवरणिका, आवेदन कैसे करें, शुल्क, भुगतान विवरण, परीक्षा केंद्र, प्रवेश कार्यक्रम आदि जैसे अधिक विवरण के लिए कृपया विश्वविद्यालय की वेबसाइट: www.nsu.ac.in देखें.**

जिन उम्मीदवारों के परीक्षा परिणाम प्रतीक्षित हैं वे आवेदन कर सकते हैं. हालांकि, ऐसे उम्मीदवारों को उनके परीक्षा परिणाम और प्रासंगिक दस्तावेज जमा करने के अधीन अनंतिम रूप से प्रवेश दिया जाएगा.

**ऑनलाइन आवेदन पत्र का पंजीकरण और भरना www.nsu.ac.in के माध्यम से 25 मई 2022 से 25 जून 2022 तक खुला है.**

**उम्मीदवारों से अनुरोध है कि नवीनतम अद्यतन जानकारी और आगे की घोषणाओं और परिवर्तनों के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट को नियमित रूप से देखते रहें.**

**ह/- रजिस्ट्रार**

davp 47116/12/0004/2223



मेवाड़ अंचल के प्रमुख तीर्थ स्थल मंडफिया के भगवान श्री सांवलिया सेठ के दरबार में 29 मई, चतुर्दशी को भंडार खोला गया। एक जून को भंडार की राशि की गणना के दूसरे चरण में एक करोड़ 27 लाख 84 हजार रुपए की राशि नकद मिली तथा 29 मई को हुई पहले चरण की गणना में 4.90 करोड़ रुपए मिले थे। अब तक 6 करोड़ रु. से ज्यादा की राशि मिल चुकी है और 100 ग्राम वजन के 20 गोल्ड बिस्किट भी मिले हैं। बताया जाता है कि, मंदिर कार्यालय से प्राप्त सोना-चांदी का वजन करवाना तथा छोटे -बड़े नोटों व सिक्कों की गिनती करना अभी बाकी है। गणना मंदिर बोर्ड अध्यक्ष भैंरुलाल गुर्जर की देखरेख में चल रही है। बताया जाता है कि भगवान श्री सांवलिया सेठ मंडफिया का भंडार हर माह चतुर्दशी या अमावस्या पर खुलता है और चढ़ावे में आए नोटों व सोने-चांदी की गणना होती है। यह प्रक्रिया 4-5 दिनों तक चलती है।

# ‘मुख्यमंत्री जी गर्भ के बच्चे की उम्मीद में गोद वाले को छोड़ना बंद कीजिए’

## मोहन प्रकाश बोले, कांग्रेस के मूल वोट बैंक को छोड़कर ऐसे लोगों को सत्ता में भागीदारी दे रहे हैं, जो वोट बैंक नहीं हैं

जयपुर, 1 जून (का.प्र.)। उदयपुर चिंतन शिविर में लिए गए निर्णय को लागू करने के लिए राजस्थान प्रदेश कांग्रेस की ओर से जयपुर में आयोजित दो दिवसीय एक्शन टेकन कैंप में नेताओं के निशाने पर सरकार और अधिकारियों की कार्यशैली नेताओं के निशाने पर रही। कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता मोहन प्रकाश ने सीधे मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और वरिष्ठ नेताओं को निशाने पर लेते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जी, आप गर्भ वाले बच्चे की उम्मीद में गोद वाले को छोड़ना बंद कीजिए।

- खाचरियावास बोले, जनता का काम अटकाने वाले अफसरों का इलाज जरूरी।

कांग्रेस का मूल "वोट बैंक" है, हम उसकी चिंता नहीं करते, उन्हें सत्ता में भागीदारी नहीं देते। इनकी जगह ऐसे लोगों को सत्ता में भागीदारी देते हैं जो वोट बैंक नहीं है। यह गोद वाले बच्चे को छोड़कर गर्भ वाले की चिंता करने की तरह है। इससे पार्टी का हित नहीं होगा।

मोहन प्रकाश ने आगे कहा कि कांग्रेस कोई प्रदर्शन करती है तो वहां चंद नेता रहते हैं। इन प्रदर्शनों से जनता नहीं जुड़ पाती। महंगाई सहित कई मुद्दे पर जनता में मुद्दा नहीं बन पा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हमारे मुख्यमंत्री गांधीवादी हैं, लेकिन भाजपा आरएसएस के कुछ नेता माहौल खराब करते हैं। उनका इलाज करने के लिए लोकल नेताओं को ताकत देना जरूरी है।

मंत्री प्रताप सिंह खाचरिसावास ने जनता के काम अटकाने वाले अफसरों पर सख्त कार्रवाई करने का सुझाव देते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचने में कई अफसर रोड़ा अटका रहे हैं। उनका इलाज करना जरूरी है। बाहर आकर खाचरियावास बोले कि मैंने आज बैठक में बोला है कि कई अफसर महान हैं। जो प्रशासन शहरों के संग अभियान में पट्टे बांटने में बाधा बन रहे हैं। बेवजह फाइलें घुमा कर डिले कर रहे हैं। अब जनता की पट्टों से जुड़ी फाइलें घुमाने वाले अफसरों को घुमाने का वक्त आ गया है। अफसरशाही का रवैया ठीक नहीं है। खाचरियावास ने कहा कि कांग्रेस नेता मनोबल उंचा रखें और ग्राउंड तक सरकार के काम को पहुंचाएं। कार्यकर्ताओं के मनोबल को ऊपर रखने के लिए सबको साथ लेकर जनता में एकजुटता से मैसेजे देना होगा।

इससे पहले शिविर की शुरुआत करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि चिंतन शिविर के फैसलों को धरातल पर लागू करने पर नेताओं के सुझावों को सौ फीसदी लागू करना संभव नहीं होगा। फाइनल फैसला एआईसीसी के स्तर पर होगा। यह कतई नहीं माना जाए कि जो कह दिया वह लागू होगा।

## ‘यह मनी लॉण्डरिंग...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

गांधी परिवार की 86 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

कांग्रेस ने कहा कि यह प्रकरण ऋण को ईक्विटी में बदलने, ताकि कर्मचारियों को वेतन जैसी बकाया राशियों का भुगतान किया जा सके से संबंधित था। कांग्रेस ने सरकार पर आरोप लगाया कि सरकार महँगाई जैसे "असली मुद्दों" से लोगों का ध्यान हटाने की कोशिश कर रही है। सिंघवी ने कहा कि ई.डी.ने उक्त केस 2015 में बंद कर दिया था, लेकिन सरकार ने संबंधित अधिकारियों को हटा दिया, नये अधिकारी लगाये तथा उसी केस को फिर से खोल दिया।

अधिकारियों ने कहा कि एजेंसी प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्डरिंग एक्ट (पी.एम.एल.ए.) की क्रिमिनल धाराओं के अन्तर्गत, उनके बयान रिकॉर्ड करना चाहती है।

नैशनल हैरल्ड के प्रकाशक एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (ए.जे.एल.) तथा मालिक यंग इंडियन प्रा. लिमिटेड है। यह केस धोखाधड़ी, साजिश तथा एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (ए.जे.एल.) के अधिग्रहण में यंग इंडियन प्रा.लि. द्वारा किये गये क्रिमिनल न्यास-भंग/विश्वास भंग (बीच ऑफ ट्रस्ट) से संबंधित है। ज्ञातव्य है कि एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (ए.जे.ए.) नैशनल हैरल्ड का संचालन करती थी।

इस केन्द्रीय जाँच एजेंसी ने, जांच पड़ताल के एक हिस्से के रुप में, हाल ही में वरिष्ठ कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पवन बंसल से पूछताछ की थी। अधिकारियों ने कहा कि कांग्रेस नेताओं तथा गांधी परिवार से पूछताछ किया जाना जांच पड़ताल का हिस्सा है ताकि शेयर होल्डिंग के पैटर्न, वित्तीय लेनदेन तथा यंग इंडियन एवं ए.जे.एल के प्रमोटरों की भूमिका को समझा जा सके।

एजेंसी ने भाजपा सांसद सुब्रमण्यम स्वामी द्वारा 2013 में दायर की गयी एक प्राइवेट क्रिमिनल शिकायत के आधार पर, पीएमएलए की क्रिमिनल धाराओं के तहत एक नया केस दर्ज किया है। इस नये केस में सोनिया गांधी, राहुल गांधी तथा अन्य पर आरोप लगाया गया है कि उन्होंने छल-कपट एवं धोखाधड़ी की तथा यंग इंडिया के साथ मिलकर पैसे का दुरुपयोग किया तथा 50 लाख रुपये की रिश्वत देकर उस 90.25 करोड़ रुपये की राशि की वसूली के अधिकार प्राप्त कर लिये जो ऐसे सिएटेड जर्नल्स लिमिटेड पर कांग्रेस का कर्ज था।

इस प्रकरण में अभी तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं हुई है तथा यह मुकदमा दिल्ली की अदालत में अब भी लंबित है। सोनिया गांधी तथा राहुल गांधी इस केस में जमानत ले चुके हैं। सिंघवी ने कहा कि ईडी ने इस मामले में पीएमएलए जांच शुरु कर दी है, जो "गैर कानूनी" है।

सिंघवी ने आगे कहा कि ए.जे.एल.का फर्जी मुद्दा भाजपा के प्रचार तंत्र की एक कोशिश मात्र है ताकि लोगों का ध्यान महंगाई, गिरती हुई जीडीपी, सामाजिक बेचेंगी एवं अशांति, देश का सामाजिक विभाजन के विभिन्न प्रकार के जबरदस्त मुद्दों से लोगों का ध्यान हटाया, मोड़ा तथा भटकाया जा सकेंऋ। मैं यह सब एक मिनट में आपके सामने प्रदर्शित करूंगा।

# ‘हमने बी.जे.पी. पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए, उन पर आज तक कार्यवाही नहीं हुई’

## मुख्यमंत्री गहलोत ने एक दिन पहले जो तंज किया था उसका अपने तरीके से जबाब दिया पायलट ने

जयपुर, 1 जून (का.प्र.)। एक दिन पहले ही मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा था कि हमारे 19 साथी गुमराह होकर चले गए थे, वह भी साथ हैं। इस बात के जरिए उन्होंने सचिन पायलट पर सियासी निशाना साधा था, लेकिन सचिन पायलट ने इस बात का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की कार्यशैली को ही फिर से कटघरे में खड़ा कर दिया है। दरअसल ईडी की ओर से कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी को नोटिस देकर बुलाने के मामले को जोड़ते हुए पायलट ने कहा कि राजस्थान में जब भाजपा सत्तारुढ़ थई और कांग्रेस विपक्ष में तब कांग्रेस ने सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले उठाए थे लेकिन अब कांग्रेस के सत्ता में होने के बावजूद उन मामलों में कोई कार्रवाई नहीं कर रही है।

पायलट ने भाजपा सरकार के समय हुए भ्रष्टाचार और उसमें आरोपी नेताओं के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने पर खुलकर नाराजगी जताते हुए जयपुर में कांग्रेस एक्शन टेकन कैंप में कहा की भारतीय जनता पार्टी के तत्कालीन सत्तारुढ़ नेताओं पर हमने आरोप लगाए थे। हमारे भ्रष्टाचार के आरोपों को जनता ने स्वीकार भी किया था, और उन्हें सही मानकर हमें सत्ता सौंपी लेकिन हमने अब तक क्या कार्रवाई की ? ऐसे नहीं होता है। वह हमारे नेताओं को जलील कर रहे हैं, उन पर मुकदमे कर रहे हैं। हम लोगों को दिखाना पड़ेगा कि हम भी सही गलत की पहचान करना जानते हैं।

- क्या कारण है कि राजस्थान में सरकार रिपीट नहीं होती, एक बार 50 और 1 बार 21 कैसे रह गए।
- कहा गया जो माहौल बना है मोदी जी के आने के बाद, लेकिन इससे पहले भी हम सरकार रिपीट नहीं कर पा रहे थे।

सचिन पायलट ने कहा कि हमारे नेताओं को टारगेट किया गया। ईडी ने सोनिया गांधी, राहुल गांधी को पूछताछ के लिए बुलाया है। क्या ऐसा कभी किसी ने पहले किया है। सोनिया गांधी और उनके परिवार की एसपीजी सुरक्षा वापस ली गई, मुकदमे दर्ज किए गए। हमारे नेताओं को यातनाएं दी जा रही हैं, बेल लेने पर मजबूर किया जा रहा है। पिछले आठ साल में केंद्र सरकार ने हमारे नेताओं के साथ जो कुछ किया वह सबको दिख रहा है।

इससे पहले सुबह भी सचिन पायलट ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर तंज कसते हुए राजस्थान में सरकार



पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं टोंक विधायक सचिन पायलट ने बुधवार को जयपुर में आयोजित कांग्रेस के "एक्शन टेकन कैंप" को संबोधित किया।

रिपीट नहीं होने को लेकर कहा कि हम लोगों को इस बात को मानना पड़ेगा कि हमारे एक बार सिर्फ 50 विधायक रह गए थे, एक बार 21 विधायक रह गए थे। ऐसा क्या कारण है कि जनता बहुमत देती है। हम राजस्थान में सरकार रिपीट नहीं कर पाते हैं। हमारी सरकार दिल्ली में रिपीट हो चुकी, असम में रिपीट हो चुकी, आंध्रा में रिपीट हो चुकी। ऐसा नहीं है कि कांग्रेस की सरकार रिपीट नहीं होती है। राजस्थान में किन कारणों से सरकार रिपीट नहीं हो पाती है तो उन कारणों पर चर्चा भी होनी चाहिए।

प्रधानमंत्री मोदी के सत्ता में आने के बाद सभी जगह हार के बहाने बनाए जाने की बात को लेकर भी पायलट ने कहा कि इससे पहले भी हम सरकार रिपीट नहीं कर पा रहे थे। इन कारणों पर भी हम चर्चा करेंगे। कार्यशाला में संकल्प भी लेंगे कि कैसे एकजुटता के साथ चुनाव लड़ा जाए। कांग्रेस पार्टी की सरकार कैसे रपीट हो। उन्होंने कहा कि मैंने जो सुझाव दिए, मैं एआईसीसी, सोनिया गांधी को धन्यवाद देता हूं कि उन विचारों को उन्होंने स्वीकार किया। हमारे सुझावों पर समिति बनाई। उसने कुछ कदम भी उठाए हैं। हम सही समय पर सही कदम उठाकर आगे बढ़ेंगे तभी रिपीट करवाएंगे। सरकार रिपीट करने के लिए सब की मंशा है कि सरकार रिपीट हो। मुझे भरोसा है कि अगर इस रास्ते पर चलेंगे। सही कदम उठाएंगे और पहले जो भी कमी रह रही हो उनसे सबक लेकर आगे बढ़ेंगे तो हमारी सरकार रिपीट हो जाएगी।

उल्लेखनीय है कि बीजपी राज में जब कांग्रेस विपक्ष में थी और सचिन पायलट प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष थे। उस दौरान खान आवंटन में हुए घोटाले सहित अन्य मामलों को लेकर कांग्रेस ने आंदोलन किए थे।

कांग्रेस ने इसे चुनावी मुद्दा बनाया था। लेकिन इसके बाद जब 2018 में राजस्थान में कांग्रेस सरकार बन गई तो खान घोटाले की गडबड़ियों पर कांग्रेस सरकार ने कोई कार्यवाही नहीं की। अब पार्टी मंच पर सचिन पायलट ने खान घोटाले सहित अन्य मामलों में भाजपा नेताओं पर कार्यवाही नहीं होने को लेकर नई बहस छेड़ दी है।

वैसे सचिन पायलट में सियासी रूप से अशोक गहलोत पर ना सिर्फ हमला किया है, बल्कि उन बातों का भी जवाब दिया है, जिनके जरिए मुख्यमंत्री कई मौकों पर सचिन पायलट पर बिना नाम लिए हमला करते हैं। इतना ही नहीं जिस तरह से सोनिया गांधी और राहुल गांधी को ईडी ने नोटिस देकर बुलाया है ऐसे मौके पर सचिन पायलट ने भाजपा नेताओं और भाजपा सरकार के घोटालों पर कार्यवाही नहीं होने का मुद्दा उठाकर एक तरह से कार्यकर्ताओं को भी बहस के लिए नया विशेष दे दिया है।

## ‘बसपा के दल-बदलू विधायकों को वोट देने से रोका जाए’

जयपुर, 1 जून। बसपा की राजस्थान इकाई के अध्यक्ष भगवान सिंह बाबा ने विधानसभा अध्यक्ष सी.पी. जोशी को पत्र लिखकर अपील की है कि, बसपा से असंवैधानिक तरीके से कांग्रेस में आये विधायकों को राज्यसभा चुनाव में वोट डालने से रोका जाये।

बसपा प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह बाबा ने कहा है कि, 2018 में बसपा के सिम्बल पर 6 विधायक चुनाव जीतकर आये थे और उन्होंने असंवैधानिक तरीके से बसपा का कांग्रेस में विलय कर दिया था। इन विधायकों का यह कृत्य संविधान विरुद्ध है और दलबदल विरोधी कानून का उल्लंघन है।

- बसपा के प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह बाबा ने विधानसभा स्पीकर डॉ.सी.पी. जोशी को पत्र लिखकर अपील की है कि बसपा से असंवैधानिक तरीके से कांग्रेस में आए विधायकों को राज्यसभा चुनाव में वोट देने का अधिकार नहीं मिलना चाहिए।

उन्होंने कहा कि, इन 6 विधायकों राजेन्द्र गुढ़ा, लाखन सिंह,दीपचंद खेरिया, संदीप यादव, जोगेन्द्र सिंह अवाना व वाजिब अली के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में दलबदल विरोधी कानून की अवमानना का मामला चल रहा है, शीघ्र ही उस पर फैसला होने वाला है।

उन्होंने कहा कि, इन 6 विधायकों को राज्यसभा चुनाव में वोट डालने का अधिकार नहीं मिलना चाहिये।

## दिल्ली सरकार ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

रोकने के लिए दिल्ली सरकार द्वारा कोई कानून पारित नहीं किया गया है। अदालत ने कहा दिल्ली सरकार पिछले तीन वर्षों से "दिल्ली हैल्थ बिल, 2019" लागू करना चाहती है, परन्तु आज तक यह कानून तैयार नहीं हो पाया है। अदालत का दिल्ली सरकार को सुझाव है कि जब तक "दिल्ली हैल्थ बिल" 2019" को पूरी तरह तैयार कर लागू नहीं कर दिया जाता, तब तक केन्द्र सरकार द्वारा वर्ष 2012 में पारित "क्लीनिकल एस्टैब्लिशमैंट एक्ट" को ही दिल्ली में लागू क्यों नहीं कर दिया जाता।

जैसा कि विदित है "क्लीनिकल एस्टैब्लिशमैंट एक्ट" केन्द्र सरकार द्वारा पारित कानून है, जो कई राज्य सरकारों ने अपने राज्य में अक्षरशः लागू किया है। इस कानून में पैथ लैबों की तीन श्रेणियों में बांटा गया है, "एडवांस, मीडियम और बेसिक"। इस कानून में तीनों श्रेणियों की लैबों में कौन-कौन से टैस्ट किये जा सकते हैं इसकी जानकारी भी दी गई है और यह भी बताया गया है कि यह टैस्ट किस लेवल तक प्रशिक्षित डॉक्टर की देखरेख में किये जा सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट के आदेश अनुसार भी "एडवांस" और "मीडियम" लैबों में एम.डी. पैथोलोजिस्ट ही लैब के टैस्ट रिपोर्ट हस्ताक्षरित कर सकते हैं।

न्यायाधीश मनप्रीत प्रीतम सिंह अरोड़ा ने बिजॉन कुमार मिश्रा तथा अन्य द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिल्ली सरकार को दो सप्ताह में अपना जवाब प्रस्तुत करने के आदेश दिये हैं और मामले की अगली तारीख 17 अक्टूबर तय की है।

## गजेन्द्र सिंह व तोमर चुनाव प्रभारी

जोधपुर 1 जून (का.सं)। भारतीय जनता पार्टी ने राज्यसभा चुनाव के लिए प्रभारी नियुक्त किए हैं। भाजपा जोधपुर सम्भाग मीडिया प्रमुख अचल सिंह मेड़तिया ने बताया कि भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरूण सिंह ने एक आदेश जारी कर राजस्थान, हरियाणा, कर्नाटक और महाराष्ट्र में आगामी राज्यसभा चुनाव के लिए प्रभारी नियुक्त किए है।

जोधपुर सांसद एवं केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत को राज्यसभा चुनाव के लिए हरियाणा का प्रभारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार केन्द्रीय कृषि मंत्री एन एस तोमर को राजस्थान में राज्यसभा चुनाव का प्रभारी बनाया गया है। जी किशन रेड्डी को कर्नाटक और केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को महाराष्ट्र में राज्यसभा चुनाव प्रभारी नियुक्त किया गया है।

## पैसिफिक ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

दिलचस्पी का कारण वहां की समुद्री भू-सम्पदा है।

प्रशांत महासागर में चीन के मछली पकड़ने वाले जहाजी बेड़ों का प्रभुत्व है और चीन यहां पोर्ट्स, एयरपोर्ट्स और अन्य इन्फ्रास्ट्रक्चर निर्मित करना चाहता है। चीन ने हाल ही में सोलोमन आईलैण्ड्स के साथ एक सुरक्षा करार किया है जो उसे यह शक्ति प्रदान करता है कि वह वहां पर चीन के निवेशों की सुरक्षा के लिए किसी उपद्रव को शांत करने को लेकर अपनी सेना भेज सकता है और वाणिज्यिक व सैन्य उपयोग के लिए कोई बन्दरगाह बना सकता है।

फिजी और सोलोमन आईलैण्ड्स में अमेरिका अपनी उपस्थिति बढ़ाना चाहता है, लेकिन वह इस मामले में काफी पीछे है।

जमीनी हकीकत:प्रशांत क्षेत्र के कई द्विपीय राष्ट्र अपने यहां महाशक्तियों की प्रतिस्पर्धा का स्वागत करना नहीं चाहते, लेकिन वे जो चाहते हैं और जो चीन फिलहाल वह सबसे अच्छी तरह से उपलब्ध करवा रहा है, वह है उनका लगातार सहयोग और क्षमता निर्माण।

उद्धरण योग्य:-न्यूजीलैंड की मैसे युनिवर्सिटी में सुरक्षा अध्ययनों की सीनियर व्याख्याता अन्ना पावेल का कहना है कि "प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका की असरदार उपस्थिति नहीं है।" उनके अनुसार "मुझे हमेशा इसे लेकर आश्चर्य होता है कि "वांशिगटन सरकार सोचती है कि प्रशांत क्षेत्र में उनकी महत्वपूर्ण उपस्थिति है जबकि वास्तव में बिल्कुल नहीं है।

## अमित शाह का सौरव...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

एक नये अध्याय की शुरुआत उस समय नहीं हो सकी थी, लेकिन ऐसे आसार एवं अनुमान है कि वह शुरुआत इस समय हो सकती है। चुनावों से पहले, चूंकि गांगुली के बारे में इस प्रकार की चर्चाएं जोरों पर थी, इसलिए अन्य लोगों के साथ ही, उनकी पत्नी का भी इंटरव्यू लिया गया था। उन्होंने कहा था कि गांगुली को निश्चित रुप से बहुत सारी अन्य चीजें एवं क्षेत्र पसंद हैं।

लेकिन गांगुली ने इस बात पर विशेष जोर देते हुए कहा कि वे जो कुछ भी करेंगे, उस काम के शीर्ष बिन्दु पर ही होंगे, जैसे वे क्रिकेट में थे। इसका अर्थ यह निकाला जा रहा है कि अगर वे भाजपा का हिस्सा बनते हैं, तो गांगुली के कथन एवं उनकी प्रकृति के अनुसार, वे मुख्यमंत्री पद की उम्मीदवारी के सर्वोच्च दावे पर होने चाहिए। गांगुली के प्रति भाजपा एवं तृणमूल कांग्रेस दोनों ही अपना स्नेह दर्शाकर, उन्हें अपनी तरफ लेना चाह रही थी।

यह जानकारी मिलने के बाद की गांगुली को सुनने में कोई समस्या है तथा वे अस्पताल में भर्ती हैं, राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी उस नर्सिंग होम में उन्हें देखने गई थीं।

तृणमूल कांग्रेस भी उन्हें अपने साथ लेने की कोशिश करती आ रही है। लेकिन यह सुस्पष्ट है कि तृणमूल में गांगुली की भूमिका गौण रहेगी। पार्टी का स्वामित्व एवं संचालन ममता बनर्जी के पास तथा इन दिनों उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी के पास है। और इन दोनों ही बिन्दुओं पर कोई समझौता नहीं हो सकता।

इस प्रकार, अगर चुनाव लड़ने के उद्देश्य से सौरव गांगुली किसी पार्टी में शामिल होते हैं, तो वह भाजपा ही होगी। यह सोचने का कोई कारण नजर नहीं आता कि टी.एम.सी. में वे किसी सहायक या अधीनस्थ की भूमिका में रहना पसंद करेंगे,जबकि भाजपा उन्हें राज्य के सर्वोच्च राजनैतिक पद की

- अब यह अधूरा काम पूरा किया जायेगा।
- तृणमूल कांग्रेस व भाजपा, दोनों सौरव को अपनी-अपनी पार्टी में लेना चाहते हैं, पर गांगुली का झुकाव भाजपा की ओर है। क्योंकि, भाजपा में गांगुली शीर्षस्थ पद (मु.मंत्री के पद) तक पहुंचाने की आशा रख सकते हैं, पर, तृणमूल में यह पद ममता बनर्जी के बाद उनके भतीजे अभिषेक के लिये आरक्षित है।

पेशकश करने को तैयार है। लेकिन इस बात को कम महत्व देना ही उचित है। गांगुली ने अभी तक किसी भी पार्टी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता नहीं दिखाई है। लेकिन बी.सी.सी.आई. ने अपनी ओर से ही इस बात से इंकार किया है कि बी. सी.सी.आई. छोड़ने की गांगुली की कोई योजना है।

बी.सी.सी.आई. ने एक बयान में कहा है कि बी.सी. सी.आई.के समक्ष इस समय कई नये कार्यों एवं पहलों की सूची है, जिनमें गांगुली की महत्वपूर्ण एवं निर्णायक भूमिका रहेगी।

## ‘नैशनल ग्रीन...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

स्थिति पैदा होगी। अधिकारियों के सामने यह मुश्किल खड़ी हो जायेगी कि कौन से आदेश माने जायें। इस प्रकार की स्थिति में, संवैधानिक अदालतें सरकार ट्रिब्यूनलों पर प्रभावी मानी जायेगी।

# रघु शर्मा की यह बात सही साबित होगी : राजेन्द्र राठौड़

जयपुर, 1 जून (का.सं.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार के 8 साल, सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण विषय को लेकर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने पार्टी प्रदेश कार्यालय में एक प्रेस वार्ता को संबोधित किया। इस दौरान उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने भी महत्वपूर्ण बिन्दु रखे। डॉ. पूनिया के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता में पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी, सांसद रामचरण बोहरा, प्रदेश मुख्य प्रवक्ता रामलाल शर्मा, प्रदेश मीडिया संयोजक पंकज जोशी और ग्रेटर निगम की मेयर सौम्या गुर्जर इत्यादि उपस्थित रहे।

डॉ. सतीश पूनिया ने कहा कि देश के इतिहास में दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में 2014 में नरेन्द्र मोदी के बतौर प्रधानमंत्री के रूप में आगमन से एक बड़ा क्रांतिकारी परिवर्तन आया। सुंदर सनातन देश की व्यवस्था में ऐसे अनेको अवसर आये जब देश को चुनौतियों का मुकाबला करना करना पड़ा। मुगलों से लेकर अंग्रेजों तक संघर्ष व बलिदान की कहानियां सबको ज्ञात हैं। उन्होंने कहा कि हम आजादी का 75 वां अमृत महोत्सव मना रहे हैं। देश में आजादी के आंदोलन के दौरान व उसके बाद की व्यवस्था में एक मिथक था, धारणा थी, कि देश को आजादी कांग्रेस पार्टी ने दिलाई। ऐसा प्रचारित भी किया गया। इसके बाद यह कहा गया कि देश पर शासन करने का हक कांग्रेस को है, उसके बाद यह स्थापित किया गया कि कांग्रेस पार्टी में भी कोई शासन कर सकता है तो वह नेहरू-गांधी खानदान कर सकता है, 75 वर्षों की आजादी में लगभग 55 वर्षों तक कांग्रेस पार्टी और एक खानदान विशेष ने देश पर शासन किया। कहने को कांग्रेस का शासन लोकतांत्रिक था, लेकिन उनके हिस्से में आपातकाल भी था, यातनायें थी, प्रतिबंध भी थे। इसी तरह बार-बार लोकतंत्र व संविधान की बात करने वाले

- राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि, रघु शर्मा ने कहा था कि, 2023 के चुनाव में राजस्थान में कांग्रेस 10-15 सीटों पर सिमट जायेगी।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार के 8 साल, सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया की प्रेस वार्ता।

कांग्रेस के लोगों के माथे पर वो कलंक भी था, जिसमें 100 भी ज्यादा बार चुनी हुई सरकारों को अपदस्थ कर दिया गया। अनुच्छेद 356 का दुरुपयोग सर्वाधिक कांग्रेस पार्टी के शासन में हुआ।

उन्होंने कहा कि इतने बड़े लोकतंत्र में उन माता-बहनों की बिडंबना देखिये जो अंधेरा होने का इंतजार करती थी, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शी सोच थी कि उन्होंने इस पीड़ा को समझा और देश में 10 करोड़ शौचालय बनकर तैयार हुये, यह बदलाव की पहली शुरुआत थी।

सामान्य व्यक्ति के बैंक के खाते नहीं थे, आज आपको आसान लगता होगा, बैंक खातों से क्या परिवर्तन होता होगा, यह भी आपने देखा है। 45 करोड़ जनधन के खातों ने भारत की जनता को ताकत दी है और भ्रष्टाचार पर नकेल पड़ी है।

उन्होंने कहा कि आज भारत की शत प्रतिशत आबादी के पास गैस कनेक्शन हैं, और 10 करोड़ से ज्यादा गैस कनेक्शन उज्ज्वला के हैं, जिनसे माता-बहनों को धुंए से आजादी दिलाई है। यह बुनियादी बदलाव की बड़ी शुरुआत थी। आज देश की 55 करोड़ आबादी को आयुष्मान भारत योजना से 5 लाख रुपये तक स्वास्थ्य बीमा मिल रहा है, 3 करोड़ लोगों ने इस योजना का प्रत्यक्ष लाभ लिया है।

इस अवसर पर राजेन्द्र राठौड़ ने कहा की कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे व गुजरात कांग्रेस के प्रभारी रघु शर्मा की यह बात सही साबित होगी कि 2023 के चुनाव में कांग्रेस 10-15 सीटों पर सिमट जायेगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत अब चौथी बार बाडाबंदी करेंगे, मुख्यमंत्री हॉर्स ट्रेडिंग करते-करते हाथी को ही निकल गये, इनके विधायक इनके खिलाफ मोर्चा खोल रहे हैं, अपनी सरकार को बचाने के लिये मुख्यमंत्री बाड़ेबंदी का रिकॉर्ड बना रहे हैं। कांग्रेस सरकार के कुशासन की हकीकत-बेरोजगारी, संस्थागत भ्रष्टाचार, पैट्रोल डीजल पर सर्वाधिक वैट, पटरी से उतर चुकी कानून व्यवस्था, पेपर लीक इत्यादि लंबी फेहरिस्त है विफलताओं की।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्सः0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्सः 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, 2418945, फैक्सः 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोनः 2627612, फैक्सः0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोनः 256906, 256907, फैक्सः01562-256908